




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 331 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.10, 2082 गुरुवार, 26 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'डॉल्फिन हंटर'

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। आईएनएस अंजदीप 27 फरवरी को भारतीय नौसेना में शामिल होगा। यह पनडुब्बी रोधी युद्ध उथले जल नौका परियोजना के तहत निर्मित किए जा रहे आठ जहाजों में से यह तीसरा जहाज है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शुक्रवार को होने वाले कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे। बुधवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह कहा गया है कि कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक पोत है, जिसे विशेष रूप से देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण तटीय और उथले जल क्षेत्रों के तटीय युद्ध वातावरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मोदी की दमदार लैंडिंग से छटपटाया पाक



## एफ-22 लड़ाकू विमानों की तैनाती और पीएम मोदी का इजरायल दौरा

नई दिल्ली/तेल अवीव, 25 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुंचे। भारत की महाताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी का बेन गुरियन एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इसे ऐतिहासिक दौरा बताया जा रहा है।

यह तब हुआ है, जब अमेरिका ने एक दिन पहले ही यानी मंगलवार को दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिने जाने वाले 12 अमेरिकी एफ-22 लड़ाकू जेट मंगलवार को इजरायल में उतारे। ईरान से तनाव के बीच अमेरिका ने इजरायली एयरबेस पर इन स्टील्थ जंगी जेट्स की तैनाती की है। माना जा रहा है कि इस दो दिवसीय दौरे से इजरायल में भारत की महाताकत दिखनी तय है। हालांकि, इस दौरे से पहले ही पाकिस्तान के पेट में दर्द उठना शुरू हो गया है। उसकी छटपटाहट ऐसी बढ़ी कि उसने आनन-फानन में सीनेट में भारत की तरफ बाहें फैलाए इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव तक पारित कर दिया। >14

### 'मेरी पत्नी का भगवा रंग आपसे मैच कर रहा'

तेल अवीव, 25 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे, जहां बेन गुरियन हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने रेड कार्पेट पर उनका भव्य स्वागत किया। नेतन्याहू ने भारतीय प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया। इस स्वागत के दौरान पीएम मोदी और नेतन्याहू की पत्नी के बीच दिलचस्प तरीके से हंसी मजाक भी हुए। दरअसल, जब नेतन्याहू की पत्नी ने पीएम मोदी से हाथ मिलाया तो नेतन्याहू की नजर दोनों की ड्रेस पर पड़ी, फिर क्या था नेतन्याहू ने पीएम मोदी के साथ मजाक कर लिया। नेतन्याहू ने कहा देखिए मेरी पत्नी का भगवा और आपका भी भगवा मैचिंग कर रहा है। फिर तीनों के बीच जमकर हंसी ठहाके चले।

> मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान

# पीएम ने हमास हमले की निंदा की आपका दर्द समझते हैं

## नेतन्याहू बोले- मोदी एशिया के शेर



तेल अवीव, 25 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे। इस दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। यहां उन्होंने इजराइली संसद नेसेट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी को संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया।

नेसेट को संबोधित करते हुए मोदी ने इजराइल पर हमास के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि हम आपके दर्द को समझते हैं, भारत लंबे वक्त से आतंकवाद से पीड़ित है।उन्होंने यह भी कहा कि भारत इजराइल के साथ खड़ा है।

वहीं नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी मेरे भाई जैसे हैं, मेरे दिल में उनके लिए खास जगह है। उन्होंने मोदी को एशिया का शेर और दुनिया का सम्मानित नेता बताया।

मोदी नेसेट को संबोधित करने पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। संसद पहुंचने पर सांसदों ने मोदी का खड़े होकर स्वागत किया और मोदी मोदी के नारे लगाए।

मोदी के स्पीकर अमीर ओहाना ने इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया। >14

> एनसीईआरटी किताब विवाद मामले से

# जुड़ी सामग्री हटाएगी सरकार, सुको की सख्ती के बाद फैसला

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी।

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। इस बीच बताया जा रहा है कि




एनसीईआरटी ने अध्याय से जुड़े विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की सिफारिशों की समीक्षा करने के लिए एक आंतरिक बैठक बुलाई है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस मुद्दे पर फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। परिषद के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है, लेकिन अध्याय जोड़ने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे को पाठ्यपुस्तक में शामिल करना ही था, तो इसे कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका-तीनों अंगों से संबंधित होना चाहिए था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के संदर्भों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस संस्था को 'बदनाम या अपमानित' करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# 'अब ये ज्यादा हो रहा है'

## यूजीसी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान नाराज हुए सीजीआई



नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत नाराज हो गए। दरअसल याचिका दायर करने वाले वकील ने कहा कि यूजीसी नियम न्यायाधिकार क्षेत्र के तहत नहीं आते। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीजेआई ने कहा, ये याचिका क्यों दायर की गई है? ये अब ज्यादा हो रहा है।

ये सब मीडिया की सुर्खियां पाने के लिए किया जा रहा है। वरना आप यूट्यूब पर कैसे आएंगे। अन्य याचिकाओं की तुलना में इसमें क्या अलग है? बुधवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई ने ये टिप्पणी की। गौरतलब है कि यूजीसी नियमों के खिलाफ पहले भी कई याचिकाएं दायर की गई हैं। जनवरी में ही सुप्रीम कोर्ट यूजीसी के नियमों पर अंतरिम रोक लगा चुका है। यूजीसी नियमों पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 'ये नियम प्रथम दृष्टया अस्पष्ट हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका है'। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि विशेषज्ञों की एक समिति इन नियमों की खामियों को दूर करने पर विचार कर सकती है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ही यूजीसी नियमों को लागू करने पर अंतरिम रोक लगाई थी और ये भी माना था कि ये नियम समाज में विभाजन की स्थिति पैदा कर सकते हैं। गौरतलब है कि यूजीसी नियमों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

## भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस 20 गुना कम कीमत

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है। सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके 'मिनी मॉडल्स' के बड़े भंडार पर है। हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के 'हवाई संस्करण' के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे 'बेबी ब्रह्मोस' भी कहा जा रहा है। हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाई डेंसिटी वार) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे।

# 'गांधी परिवार ने किया देश के साथ समझौता'

## > पीयूष गोयल ने राहुल गांधी से पूछे तीखे सवाल

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एआई समिट की प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं के शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। इसी कड़ी में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का भी जिक्र किया।




पीयूष गोयल ने कहा, आज सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटना में पत्रकार वार्ता में बता रहे थे कि किस प्रकार से गांधी परिवार एक समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार है। राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस... समझौता और समझौता करने वाला राजनीतिक परिवार हैं। उन्होंने कहा, चाहे कांग्रेस पार्टी का इतिहास देख लें, चाहे वर्तमान देख लें, चाहे उनके भ्रष्टाचार के अलग-अलग किस्से हों... जिससे मालूम होता है कि किस प्रकार से वे विदेशी ताकतों के प्रभाव में जनहित और राष्ट्रहित के साथ समझौता करते हैं। किस प्रकार से देश और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य से पूरी तरह समझौता करते हैं। इसके अनेक उदाहरण देश और जनता के सामने हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी तो नकारात्मक राजनीतिक के पोस्टर ब्वॉय बन गए हैं। राहुल गांधी 247 बार विदेशी यात्रा पर जाते हैं, प्रोटोकॉल को नजरअंदाज करते हैं और देश के साथ समझौता करते हैं। किस प्रकार से वह सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्र लद्दाख में जाते हैं। साकिर मिराली जैसे लोग उनके साथ संबंध रखते हैं, जो भारत के खिलाफ काम करते हैं। आज पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी किस प्रकार से ओछी राजनीति कर रहे हैं।

## 'पीएम मोदी तमिलनाडु में जितनी रैलियां करेंगे, एनडीए की हार उतनी ही बड़ी होगी'

चेन्नई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने के लिए राज्य का दौरा करते हैं। जबकि स्टालिन के मुताबिक, उनकी पार्टी डीएमके जनता के भरोसे को पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, आपने मुझे भरोसे के साथ अपना भविष्य सौंपा है। मैं निश्चित रूप से उस भरोसे पर खरा उतरूंगा। मैं अपनी ताकत से ज्यादा मेहनत कर रहा हूं। मैं न सिर्फ उन लोगों के लिए काम कर रहा हूं जिन्होंने मुझे वोट दिया, बल्कि उनके लिए भी जिन्होंने नहीं दिया। उन्होंने कहा, चुनाव का मौसम है, इसलिए प्रधानमंत्री ने पहले ही तमिलनाडु बार-बार आना शुरू कर दिया है।

## 'कक्षा 10 पास के साथ सर्टिफिकेट भी जरूरी'

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर अभ्यास में पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के एडमिट कार्ड को पास प्रमाण पत्र के साथ पूरक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू द्वारा इस मामले का उल्लेख करने के बाद यह आदेश पारित किया। वकील ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि क्या ऐसे एडमिट कार्ड को एक स्वतंत्र पहचान दस्तावेज के रूप में अनुमति दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने पहले ही निर्देश दे दिया है कि एडमिट कार्ड केवल एक पूरक दस्तावेज होगा। कोर्ट ने कहा कि 24 फरवरी, 2026 के आदेश के पैरा 3(iii) में उल्लिखित सभी दस्तावेज जो अभी तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा कल शाम 5 बजे तक पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

# अनिल अंबानी का घर 'अबोड' कुर्क

## 3716 करोड़ है कीमत, ईडी का बड़ा एक्शन



नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अनिल अंबानी को प्रतर्वतन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा झटका दिया है। ईडी ने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अनिल अंबानी के घर 'अबोड' को कुर्क किया है। इसका मूल्य 3,716 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऑफिशियल सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई वाले घर 'अबोड' को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अटैच कर लिया है। इसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है।

यह शानदार घर 66 मीटर ऊंचा है। इसमें 17 मंजिलें हैं। यह मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित है। सूत्रों के मुताबिक, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी किया गया है ताकि उनकी ग्रुप कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरसीओएम) की ओर से बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में मल्टी-स्टोरी घर को अटैच किया जा सके। सूत्रों ने बताया कि अटैच की गई संपत्ति की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपये है। 66 साल के अंबानी के दूसरे राउंड की पूछताछ के लिए यहां फेडरल जांच एजेंसी के सामने पेश होने की उम्मीद है। उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में ईडी के सामने गवाही दी थी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया गया था। नए ऑर्डर के साथ इस मामले में अटैच की कुल कीमत लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गई है। अनिल अंबानी के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। पिछले कई सालों से वह कारोबार में संघर्ष करते रहे हैं।

## राहुल गांधी ने मोहम्मद दीपक को बताया सच्चा देशभक्त

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया है। राहुल ने कहा कि दीपक ने नफरत के खिलाफ डटकर कमजोर की रक्षा की और इससे बड़ी देशभक्ति कोई नहीं हो सकती। दीपक उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विरोध किया, जो कथित तौर पर एक मुस्लिम दुकानदार को परेशान कर रहे थे।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर दीपक कुमार और उनके मित्र विजय रावत के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश में करोड़ों लोगों के दिल में प्रेम और सौहार्द की भावना है, लेकिन मन में डर भी है। दीपक ने अपने साहस से लोगों को रास्ता दिखाया है। जो लोग नफरत फैलाते हैं और समाज को डराते हैं, वे कायर हैं। उनसे डरने की जरूरत नहीं है।

### चार्टेड प्लेन ऑपरेटर्स के लिए नियम सख्त

## विमान कितना पुराना, उसकी मेंटेनेंस हिस्ट्री बतानी होगी-गलती पर सिर्फ पायलट जिम्मेदार नहीं

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एविएशन पर नजर रखने वाली संस्था जीसीए ने नॉन-शेड्यल्ड ऑपरेटर (चार्टेड प्लेन, एयर एंबुलेंस) के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। अब ऑपरेटर्स को अपनी वेबसाइट पर प्लेन की मेंटेनेंस हिस्ट्री को सार्वजनिक करना होगा। इसके साथ ही यह भी बताना होगा कि विमान कितना पुराना है। दरअसल झारखंड में एक चार्टेड प्लेन के क्रैश होने के बाद जीसीए ने मंगलवार को ऐसे सभी ऑपरेटरों के साथ एक मीटिंग की। इसमें ऑपरेटर्स को उनके सेफ्टी रिकॉर्ड के आधार पर रैंक करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि यह रैंकिंग जीसीए की वेबसाइट पर डाली जाएगी। जीसीए ने यह फैसला पिछले एक महीने में नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर से संचालित दो चार्टेड विमानों के क्रैश होने के बाद लिया है।

## 'मेरी काबिलियत पर कोई सवाल नहीं उठा सकता'

### कर्नाटक सीएम पद पर गृह मंत्री परमेश्वर ने भी ठोका दावा

बंगलूरू, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक में सीएम पद को लेकर खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अभी तक सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ही नेतृत्व को लेकर खींचतान थी, अब राज्य के गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वर भी सीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। जी परमेश्वर ने एक ताजा बयान में कहा है कि अगर उनके समर्थक सीएम पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव दे रहे हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी काबिलियत पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। दरअसल कुछ कांग्रेस नेताओं ने जी परमेश्वर को सीएम बनाने की मांग की है। बुधवार को बंगलूरू में मीडिया से बात करते हुए जब गृह मंत्री जी परमेश्वर से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा 'इसमें गलत क्या है? अगर इसमें कुछ गलत है तो मुझे बताइए मैं उसे साफ करूंगा।' जी परमेश्वर ने कहा, मैंने बार-बार कहा है कि ऐसे मुद्दों पर सड़क पर चर्चा नहीं होती।



# अवैध साहूकारों पर शिकंजा
## किडनी कांड के बाद सरकार सख्त
### मकोका एक्ट लगाने पर हो रहा विचार

**मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र सरकार ने पूरे राज्य में अवैध साहूकारी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। विधानसभा में बुधवार को गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने बताया कि सरकार इन अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए मौजूदा कानून को और भी कड़ा बनाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र मनी-लेंडिंग (रेगुलेशन) एक्ट, 2014 में जरूरी बदलाव किए जाएंगे।

सदन में यह चर्चा चंद्रपुर के एक किसान से जुड़ी दुखद घटना पर हो रही थी। उस किसान को 8 लाख रुपये का कर्ज चुकाने के लिए अपनी किडनी बेचने पर मजबूर होना पड़ा था। मंत्री ने कहा कि सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार कर रही है कि दोषी साहूकारों पर सख्त 'मकोका' कानून के तहत मामला दर्ज किया जाए। चंद्रपुर के इस मामले में अब तक छह ऐसे साहूकारों को गिरफ्तार किया गया है, जो बिना लाइसेंस के काम कर रहे थे। प्रशासन ने उनकी संपत्ति जब्त करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं।

पीड़ित किसान को किडनी निकालने के लिए कंबोडिया ले जाया गया था। इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई गई है। यह टीम एक अंतरराष्ट्रीय अंग तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करने में जुटी है। जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पीड़ित किसान ने 9.15 लाख रुपये के मूल कर्ज के बदले साहूकारों को 48.53 लाख रुपये चुका दिए थे। इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद उसे अंग व्यापार के दलदल में धकेला गया। यह गिरोह तमिलनाडु के त्रिची से लेकर कंबोडिया के नोम पेन्ह तक फैला हुआ है।

पुलिस को सोलापुर के एक बिचौलिए पर शक है कि उसने कम से कम 10 लोगों की किडनी बिकवाने में मदद की है। इस मामले में अब तक कुल आठ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सरकार ने अवैध साहूकारों को रोकने के लिए हर जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यों वाली कमेटियां बनाई हैं। ये कमेटियां अवैध साहूकारों पर कड़ी नजर रखेंगी और हर तीन महीने में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी।

### शरद पवार को अस्पताल से मिली छुट्टी

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार को बुधवार को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से छुट्टी मिल गई है। उनकी तबीयत अब पूरी तरह ठीक है। अस्पताल के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ और चेयरमैन डॉ. पुरवेज ग्रांट ने बताया कि पवार की सेहत अब स्थिर है और वह मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं।

85 साल के शरद पवार को रविवार को हल्का डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) होने के बाद इस निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. ग्रांट ने जानकारी दी कि पवार साहब की सभी मेडिकल रिपोर्ट सामान्य आई हैं और उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है। इलाज के दौरान उनकी सेहत में तेजी से सुधार हुआ। डॉक्टरों ने पहले ही उम्मीद जताई थी कि उन्हें 48 घंटों के भीतर घर भेज दिया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के भाई के घर एसीबी का छापा
## आय से अधिक संपत्ति होने का मामला



जम्मू, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के भाई विजय चौधरी के आवास पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज बुधवार सुबह छापेमारी की। विजय चौधरी जम्मू-कश्मीर में पुलिस इंस्पेक्टर हैं। एसीबी की टीम कथित तौर पर आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में विजय के घर पर छापेमारी कर रही है। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के भाई और पुलिस इंस्पेक्टर विजय चौधरी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई जारी है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में पिछले दिनों एसीबी की ओर से एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद अब टीम ने छापेमारी तेज कर दी है।

**लद्दाख ट्रांसफर होने के बाद भी नहीं गए विजय**

इस समय विजय चौधरी के 2 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है। पहला जम्मू के कोजवानी स्थित उनके आवास पर और दूसरा राजौरी के नौशेरा क्षेत्र में उनके पुश्तैनी घर पर यह छापेमारी की जा रही है। एसीबी की टीमें मौके पर मौजूद हैं और विजय चौधरी से लगातार पूछताछ भी की जा रही है, जबकि संपत्ति से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 16 सितंबर 2025 को विजय चौधरी का तबादला केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में किया गया था, लेकिन उन्होंने मेडिकल ग्राउंड का हवाला देते हुए वहां जॉइन नहीं किया था। फिलहाल एंटी करप्शन ब्यूरो की यह बड़ी कार्रवाई जारी है और इस छापेमारी को लेकर आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

### हाउसकीपिंग कर्मचारी बने जीएसटी के इंटेलिजेंस ऑफिसर कर ली लाखों की ठगी

बेंगलुरु, 25 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय जीएसटी कार्यालय में आउटसोर्सिंग आधार पर कार्यरत दो हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने खुद को इंटेलिजेंस ऑफिसर बताकर शहर के व्यापारियों से लाखों रुपये की वसूली की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 लाख रुपये नकद और फर्जी सरकारी पहचान पत्र बरामद किए हैं। यह घटना बनशंकरी स्थित ऑफिस ऑफ द प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ सेंट्रल टैक्स ( जीएसटी) बेंगलुरु वेस्ट कमिश्नरेट की है। आरोपी वहीं हाउसकीपिंग स्टाफ के रूप में काम करते थे। दोनों आरोपियों ने खुफिया अधिकारी, जीएसटी और सीएलटीएस लिखे प्रोफेशनल दिखने वाले फर्जी आईडी कार्ड तैयार कर लिए। इसके बाद वे खुद को केंद्र सरकार के इंटेलिजेंस अधिकारी बताकर गुटखा व्यापारियों को निशाना बनाने लगे।

### खनन विभाग के अफसर के फ्लैट से मिला 4 करोड़ कैश
## ट्रॉली बैग में भरकर रखे गए थे नोट, ऐसे खुली पोल





भुवनेश्वर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा में भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि ओडिशा खनन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर देबब्रत मोहंती को गिरफ्तार कर उनके फ्लैट से चार करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। नोटों के बंडल ढेर कथित तौर पर ट्रॉली बैग में भरकर रखे गए थे। राज्य की एंटी-करप्शन एजेंसी द्वारा की गई यह अब तक की सबसे बड़ी नकद जब्ती है। अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्रवाई की शुरुआत मंगलवार रात को हुई। देबब्रत मोहंती को एक लाइसेंस प्राप्त कोयला वेंडर से उसका काम आसान करने के बदले 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था।

उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद, विजिलेंस की टीमों ने मोहंती के भुवनेश्वर स्थित फ्लैट, भद्रक जिले में उनके पैतृक घर और कटक स्थित कार्यालय पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। भुवनेश्वर वाले फ्लैट की तलाशी के दौरान अधिकारियों को ट्रॉली बैग में नोट मिले। जब इन नोटों की गिनती की गई तो कुल रकम चार करोड़ रुपये निकली। इसके अलावा, मोहंती के ऑफिस की दराज से भी 1.20 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। जांच में अब तक भुवनेश्वर में एक आलीशान दो मंजिला घर और लगभग 130 ग्राम सोने का भी पता चला है। आरोपी अधिकारी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। यह जब्ती इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इसने 2022 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले 7 अप्रैल, 2022 को गंजम जिले में एक असिस्टेंट इंजीनियर के घर से 3.4 करोड़ रुपये मिले थे, जो उस समय की सबसे बड़ी बरामदगी थी।

### अस्पताल की रोंगटे खड़े करने वाली लापरवाही ड्रेसिंग हटाते समय काट दी 6 महीने के मासूम की उंगली

बेंगलुरु, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से मेडिकल लापरवाही का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी अस्पताल के स्टाफ की लापरवाही की वजह से 6 महीने के एक मासूम बच्चे को अपनी उंगली गंवानी पड़ी। मामले में पुलिस ने अस्पताल के तीन कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, बच्चे को 19 फरवरी को तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को जब मेडिकल स्टाफ उसके हाथ से ड्रिप और ड्रेसिंग हटा रहा था। तभी ड्रेसिंग की पट्टी काटते समय स्टाफ ने इतनी लापरवाही बरती कि कैंची सीधे बच्चे के बाएं हाथ की उंगली पर चल गई, जिससे उंगली का एक हिस्सा कटकर अलग हो गया। उंगली कटने के बाद बच्चा दर्द से कराह उठा और उसे भारी रक्तस्राव होने लगा। आनन-फानन में बच्चे को गंभीर स्थिति में आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पंजाब के गुरदासपुर में बड़ा एनकाउंटर
### दो पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाला बदमाश ढेर



गुरदासपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। गांव आदियां स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर तैनात दो पुलिस कर्मियों की बेरहमी से हत्या के मामले में आरोपित रणजीत सिंह निवासी आदियां को बुधवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। मुठभेड़ में आरोपित जख्मी हो गया, जिसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह मुठभेड़ बुधवार सुबह हुई, जब पुलिस टीम आरोपित रणजीत सिंह की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। घायल अवस्था में उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रणजीत सिंह शनिवार-रविवार की दरमियानी रात आदियां पुलिस चेक पोस्ट पर हुए हमले में शामिल था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वहां तैनात होमगार्ड जवान अशोक कुमार और एएसआई गुरनाम सिंह की गोलियों से हत्या कर दी थी। इस वारदात के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल था और पुलिस पर सख्त कार्रवाई का दबाव था। इस केस के एक अन्य आरोपित दिलावर सिंह निवासी आलीनंगल को गिरफ्तार कर लिया था।

दिलावर सिंह की पूछताछ में ही रणजीत सिंह और उसके दूसरे साथी इंद्रजीत सिंह निवासी आदियां के बारे में अहम सुराग हाथ लगे थे। दिलावर ने बताया था कि रणजीत और इंद्रजीत भी हत्या में शामिल थे। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने दोनों की धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया था।

## फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के खिलाफ याचिका खारिज

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस शीर्षक से किसी जाति का अपमान नहीं हो रहा**

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के खिलाफ दाखिल याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता का कहना था कि फिल्म में एक जाति को गलत तरीके से दिखाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपकी मुख्य आपत्ति फिल्म के टाइटल को लेकर है, लेकिन इसमें कहीं भी किसी जाति को गलत तरीके से नहीं बताया गया है। कोर्ट ने फिल्म घूसखोर पंडत का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला उससे अलग है। वहां ऐसा लग रहा था कि एक जाति के लोगों को भ्रष्ट बताया जा रहा है। इस फिल्म की जो भी कहानी है, वह काल्पनिक है।

इसे लेकर इतना विरोध करना सही नहीं है।' याचिकाकर्ता ने फिल्म के शीर्षक पर आपत्ति जताई थी। साथ ही आशंका जताई थी कि फिल्म में एक जाति को गलत तरीके से दिखाया गया है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आशंका के आधार पर किसी फिल्म के टाइटल को असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा, 'हमने रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री को देखा। हमें ऐसा नहीं लगता कि फिल्म का शीर्षक यादव समुदाय का गलत या नकारात्मक तरीके से दिखाता या उसे अपमानित करता है।' जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'आपकी मुख्य आपत्ति फिल्म के टाइटल को लेकर है, लेकिन इसमें कहीं भी किसी जाति को गलत तरीके से नहीं बताया गया है।

यह मामला फिल्म घूसखोर पंडत से अलग है। वहां ऐसा लग रहा था कि एक जाति के लोगों को भ्रष्ट बताया जा रहा है। याचिकाकर्ता अवधेश यादव के लिए पेश वकील ने कहा कि फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है। कोर्ट उन्हें अनुमति दे कि अगर फिल्म देख कर कुछ आपत्तिजनक लगे तो वह कोर्ट में दोबारा आ सकते हैं। इस पर जजों ने कहा, 'इस फिल्म की जो भी कहानी है, वह काल्पनिक है।

# दिल्ली का नाम बदल कर इंद्रप्रस्थ करें
### बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रखी मांग






नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। केरल का नाम बदलकर केरलम करने की मंजूरी के बाद अब राजधानी दिल्ली का नाम बदलने की मांग की गई है । दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है । अपने पत्र में खंडेलवाल ने अमित शाह से आग्रह किया है कि दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ किया जाए । उनका कहना है कि ऐसा कदम भारत की राजधानी की ऐतिहासिक और सभ्यतागत पहचान को फिर से स्थापित करेगा ।

उन्होंने अमित शाह से आग्रह किया कि इतिहासकारों, पुरातत्वविदों और अन्य विशेषज्ञों से परामर्श कर इस प्रस्ताव पर औपचारिक प्रक्रिया शुरू की जाए । खंडेलवाल ने पत्र में लिखा है - ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्य और दीर्घकालिक सभ्यतागत परंपराएं यह स्थापित करती हैं कि वर्तमान दिल्ली ही प्राचीन इंद्रप्रस्थ का स्थल है जो पांडवों द्वारा स्थापित भव्य राजधानी थी, जैसा कि महाकाव्य महाभारत में वर्णित है खंडेलवाल के मुताबिक़ दिल्ली नाम इतिहास के केवल एक ख़ास चरण को ही दिखाता है।

**दिल्ली में 3 हजार साल पुराने बसावट के प्रमाणः बीजेपी सांसद**

खंडेलवाल ने लिखा है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा पुराना किला में की गई खुदाई में लगभग 1000 ईसा पूर्व के प्राचीन बसावट के प्रमाण मिले हैं, जिनमें पेंटेड ग्रे वेयर (पीजीडब्ल्यू) संस्कृति के अवशेष भी शामिल हैं, जिन्हें महाभारत काल से जोड़ा जाता है। उनके मुताबिक़ ये खोजें इस ऐतिहासिक धारणा को मजबूत करती हैं कि प्राचीन इंद्रप्रस्थ इसी स्थान पर स्थित था जहां आज दिल्ली है । उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ नाम पहले से ही दिल्ली के कई प्रमुख संस्थानों और स्थानों में प्रचलित है । इससे ये स्पष्ट होता है कि इस ऐतिहासिक नाम को समाज में स्वाभाविक स्वीकृति प्राप्त है।

**पांडवों की प्रतिमाएं स्थापित करने की भी मांग**

पत्र में खंडेलवाल ने ये भी सुझाव दिया कि दिल्ली में पुराना किला जैसे किसी उचित जगह पर पांडवों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएं जिससे दिल्ली की प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को पुनर्जीवित किया जा सके । प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी अलग से एक पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली विधानसभा में दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने के लिए एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए ताकि नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू की जा सके । अपनी मांग के समर्थन में खंडेलवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि बंबई , कलकत्ता , मद्रास और बैंगलोर का पुराना नाम बदल कर क्रमशः मुंबई , कोलकाता , चेन्नई और बेंगलुरु किया जा चुका है । इसी तरह से इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किया गया था।

### 'बाबा रामदेव जानी-मानी हस्ती, उनकी छवि ' डीपफेक वीडियो पर हाईकोर्ट के सख्त निर्देश

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा की मांग से जुड़ी बाबा रामदेव की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित किया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने प्रतिवादियों को बाबा रामदेव के डीपफेक वाले वीडियो के साथ ही नाम, छवि व वीडियो के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी है। अंतरिम आदेश पारित करते हुए अदालत ने कहा कि रामदेव योग और आयुर्वेदिक दवा के क्षेत्र में एक जानी-मानी हस्ती हैं और उन्होंने शोहरत हासिल की है। अदालत ने कहा कि रामदेव की छवि की सुरक्षा की जानी चाहिए। अदालत ने बाबा रामदेव की सहमति के बगैर प्रसारित की गई सामग्री को हटाने का निर्देश दिया। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सुनवाई के दौरान मध्यस्थ की तरफ से यह तर्क दिया गया कि कुछ यूआरएल पैरोडी, कैरिकेचर और मजाक उड़ाने से इतर हैं, ऐसे में उक्त सामग्री को हटाने का आदेश पारित करने से पहले उनके बारे में जवाब फाइल करने का मौका दिया जाना चाहिए।

# कैबिनेट में नए लोगों की जरूरत
### पुराने लोग हमेशा नहीं रह सकते... ऐसा क्यों बोले उपमुख्यमंत्री शिवकुमार



बेंगलुरु, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन को लेकर विवाद अभी तक थमा नहीं है। कहीं न कहीं मुख्यमंत्री बदलने को लेकर सत्तारुढ़ कांग्रेस में लगातार आवाज उठती ही रही है। जारी विवाद के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कहना है कि कैबिनेट में "नए खून" को शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि पुराने लोग हमेशा नहीं रह सकते। साथ ही पार्टी के भविष्य के लिए नई सोच का होना बहुत ही जरूरी है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने पहली बार विधायक बनने वाले नेताओं को भी कैबिनेट में जगह देने की मांग का समर्थन किया। उपमुख्यमंत्री ने सरकार में जेनरेशन के तौर पर बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, "पार्टी को नए खून और नई सोच की जरूरत है। मैं नए खून का समर्थन करता हूं।"

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार, जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, "पुराने लोग हमेशा नहीं रह सकते।" पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवकुमार पहली बार विधायक बने नेताओं की ओर से राहुल गांधी और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे समेत पार्टी के कई अन्य सीनियर नेताओं को पत्र लिखकर प्रस्तावित कैबिनेट फेरबदल में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इससे पहले कांग्रेस आलाकमान, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार समेत राज्य नेतृत्व को दिए गए एक साझे प्रस्ताव में, इन विधायकों ने अपील की कि पहली बार चुने गए कम से कम 5 विधायकों को मंत्री बनाया जाए। विधायकों ने अपने पत्र में कहा, "जैसा कि आप जानते हैं, कर्नाटक के लोगों ने पहली बार 38 लोगों को कांग्रेस की ओर से विधानसभा के लिए चुना है, इस तरह यह साफ संदेश है कि जनता विधानसभा में नए और युवा चेहरे देखना चाहती है।"

शिवकुमार ने दलित मुख्यमंत्री के मुद्दे पर अपने कैबिनेट सहयोगी एचसी महादेवप्पा की बातों पर कहा कि उन्हें राज्य में किसी भी नेतृत्व बदलाव को लेकर कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, "मैंने महादेवप्पा का बयान देखा। वह हमारे आलाकमान हैं, और उनके पास कुछ जानकारी हो सकती है। लेकिन मेरे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

" यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी आलाकमान ने उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को दिल्ली बुलाया है, इस पर उन्होंने साफ किया, "मुझे कोई फोन नहीं आया है। मुझे अपने विभाग से जुड़े कुछ काम के लिए दिल्ली जाना है।" राज्य में शहरी विकास के लिए केंद्र से फंड मिलनके का जिक्र करते हुए शिवकुमार ने कहा कि केंद्र एक लाख करोड़ रुपये जारी कर रहा है, लेकिन उसने इशारा किया कि यह बड़े शहरों के लिए नहीं है।

### 10वीं परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां, गणित का पेपर छोड़ गई बाथरूम बच्चे को दिया जन्म

धार, 25 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दे रही एक नाबालिग छात्रा ने परीक्षा केंद्र के बाथरूम में बच्चे को जन्म दिया। छात्रा परीक्षा केंद्र पर गणित का पेपर दे रही थी। परीक्षा केंद्र प्रभारी नरेंद्र कुमार पोथे ने बताया कि छात्रा अचानक शौचालय जाने की बात कहकर अपनी सीट से उठी। जब वह करीब 15 मिनट तक वापस नहीं लौटी, तो संदेह होने पर एक महिला कर्मचारी को उसे देखने भेजा गया। महिला कर्मचारी ने पाया कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था और अंदर से किसी नवजात बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए छात्रा और नवजात को तुरंत पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि 17 वर्षीय छात्रा और उसका बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# अजित पवार का बारामती संभालेंगी डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार
### उपचुनाव के लिए एनसीपी प्रत्याशी घोषित



बारामती, 25 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन के बाद बारामती सीट खाली हो गई है। ऐसे में अब उनकी पत्नी और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार बारामती की कमान संभालेंगी। दरअसल बारामती उपचुनाव के लिए सुनेत्रा पवार को एनसीपी उम्मीदवार बना दिया गया है। यह अहम फैसला कोर कमेटी की बैठक में लिया गया है। अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद बारामती विधानसभा सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर उपचुनाव कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चुनाव आयोग द्वारा इस सीट पर उपचुनाव के लिए वोटर लिस्ट में संशोधन के कार्यक्रम की घोषणा की है। इस उपचुनाव में 1 जनवरी 2026 तक रजिस्टर्ड वोटर ही वोट डाल पाएंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित गुट की कोर कमेटी की बैठक में उपचुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। इस बैठक में पार्टी नेताओं के साथ कई अहम बातों पर चर्चा भी हुई है।

**10 मार्च को घोषित हो सकता है उपचुनाव कार्यक्रम**

बता दें कि आगामी 10 मार्च को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। एनसीपी निर्विरोध चुनाव की कोशिश में है। पार्टी का कोर कमेटी में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसमें एक और महत्वपूर्ण फैसला हुआ है। अजित पवार के बेटे पार्थ पवार राज्यसभा जाएंगे। उनके नाम पर बैठक में सहमति बनी है। बताया जा रहा है कि पार्थ पवार का एनसीपी उम्मीदवार बनाने का फैसला हुआ है।

**प्रफुल्ल पटेल के आवास पर हुई कोर कमेटी की बैठक**

एनसीपी की कोर कमेटी की बैठक मुंबई स्थित प्रफुल्ल पटेल के आवास पर हुई। इस बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और कमेटी अन्य सदस्यों समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि इस कोर कमेटी की मीटिंग में आगामी गुरुवार (26 फरवरी) को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों पर चर्चा भी हुई है, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 26 फरवरी, 2026 

सुविचार: ऊँचे ख़्वाबों के लिए दिल की गहराई से काम करना पड़ता है!

## तेलंगाना सरकार 2026-27 का बजट पेश करेगी

### कल्याणकारी योजनाओं और अवसंरचना पर जोर



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व जुटाने में निराशाजनक प्रदर्शन, बढ़ते कर्ज और तंग वित्तीय स्थिति के बीच कांग्रेस सरकार 2026-27 का राज्य बजट पेश करने की योजना बना रही है। बजट में कल्याणकारी योजनाओं और बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, सरकार लगभग 3.2-3.25 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ बजट की रूपरेखा तैयार कर रही है। सरकार चुनावी वादों की प्रगति को दिखाना चाहती है, हालांकि वित्तीय बाधाओं के कारण इनका पूरा कार्यान्वयन तुरंत संभव नहीं होगा।

शिक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। योजनाओं में कल्याणकारी छात्रावास और गुरुकुलों में मरम्मत, सौर ऊर्जा प्रणाली, भोजन शुल्क सुधार, नियमित निरीक्षण और मॉडल रसोईघर शामिल हैं। ग्रामीण छात्रों के लिए अंबेडकर ज्ञान केंद्र और यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी जैसी पहलें प्रस्तावित हैं।

सिंचाई क्षेत्र में फसल पैटर्न में बदलाव और कोडंगल लिफ्ट सिंचाई योजना जैसी परियोजनाओं के लिए बजट आवंटित किया जाएगा।

अवसंरचना क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव है, जिसमें क्षेत्रीय रिंग रोड, हैदराबाद-विजयवाड़ा खंड, बंदरगाह कनेक्टिविटी और रविरियाल-श्रीशैलम मार्ग शामिल हैं। महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना, आरटीसी बेड़े का विस्तार और यात्रा कार्ड वितरण पर भी ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, हैदराबाद में पूरे वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। राजस्व वृद्धि मामूली रहने के कारण, बजट केंद्रीय निधियों और बाजार से लिए गए ऋणों पर काफी निर्भर रहेगा। इन योजनाओं की आर्थिक स्थिरता बजट पेश होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर हरियाली विनाश का आरोप लगाया

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने तेलंगाना में बड़े पैमाने पर हरियाली के विनाश की अनुमति देने के लिए कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। रामाराव ने बताया कि महबूबनगर जिले के देवरकादरा मंडल के जिनुगुराला में पिछली बीआरएस सरकार द्वारा शुरू किए गए पल्ले प्रकृति वनम में लगभग 200 पेड़ काटे गए। उन्होंने इसे घृणित कृत्य बताते हुए कहा कि मौजूदा कांग्रेस शासन में लोगों के साथ-साथ हरियाली को भी निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान बांधों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है, तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है, कृषि प्रभावित हो रही है और पारंपरिक व्यवसाय नष्ट हो रहे हैं। रामाराव ने मांग की कि वृक्ष कटाई में शामिल सभी लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएं और उन्हें सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस तरह की हरकतें जारी रहीं तो तेलंगाना के कई गांव सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ हो सकते हैं।

## कानून-व्यवस्था को लेकर डीजीपी से मिले भाजपा नेता

### बांसवाड़ा, कामारेड्डी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में हाल में हुई हिंसक घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस महानिदेशक को शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री डॉ. गौतम राव, वेमुला अशोक, विधायक पाल्वई हरीश बाबू, विधान परिषद सदस्य अंजिरेड्डी, मल्का कोमुरैया, पूर्व विधायक येन्डला लक्ष्मीनारायण सहित अन्य नेता शामिल थे।

शिकायत पत्र में कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा और कामारेड्डी नगर तथा निजामाबाद जिले के रुद्रूर क्षेत्र में हुई तीन गंभीर घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि ये घटनाएं राज्य में कानून-व्यवस्था के पूर्णतः कमजोर होने का संकेत हैं। पार्टी ने मांग की कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि जनता का कानून पर विश्वास बना रहे। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं पर दर्ज कथित झूठे मुकदमों को वापस लेने की मांग भी की गई।

पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी से भेंट के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांसवाड़ा, कामारेड्डी और रुद्रूर की घटनाओं से सांप्रदायिक तनाव का वातावरण बन रहा है और इस संबंध में विस्तृत विवरण पुलिस महानिदेशक को सौंपा गया है। बांसवाड़ा की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि एक हिंदू युवती द्वारा भक्ति गीत सुनने पर आपत्ति जताते हुए उस पर हमला करने का प्रयास किया गया और उसे अपमानित कर जानबूझकर तनाव उत्पन्न किया गया।

इस घटना के विरोध में बंद का आह्वान किया गया था, किंतु उस दौरान पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े युवकों को ही गिरफ्तार किया। लगभग सत्ताईस लोगों को जेल भेजने के साथ कुछ अन्य को फरार घोषित कर उनके परिवारों को भी परेशान किया जा रहा है। कामारेड्डी में भाजपा विधायक कातिपल्ली वेंकट रमणारेड्डी के शिविर कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा समूह बनाकर हमला करने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल थे और अन्य दल के लोगों का भी सहयोग था। भाजपा कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप से विधायक को संभावित खतरे से बचाया जा सका।

निजामाबाद जिले के रुद्रूर में स्थानीय अधिवक्ता कल्याणी पर हमला अत्यंत अमानवीय बताया गया। उन्होंने कहा कि एक महिला अधिवक्ता पर हमला होना कानून-व्यवस्था की कमजोरी को दर्शाता है और इससे सांप्रदायिक तनाव का वातावरण बना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कुछ तत्व कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं और पुलिस तंत्र सत्तारूढ़ दल के दबाव में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर हमला हुआ, उन्हीं के विरुद्ध मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक दोषियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने विभिन्न मंदिरों पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं की गहन जांच होनी चाहिए और इनके पीछे कौन लोग हैं, यह सामने आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी पूरी तरह मुख्यमंत्री पर है। ऐसी स्थिति सरकार की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित जांच का आश्वासन दिया है।

## सनतनगर में हत्या से इलाके में सनसनी

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार सुबह सनतनगर इलाके में 48 वर्षीय शंकर नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जिससे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। भरतनगर फ्लाईओवर के पास शंकर को कई चाकू के घावों के साथ पाया गया। पुलिस के अनुसार अज्ञात हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए। शव मिलने पर स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं, इलाके को सुरक्षित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले गई। जांच टीमों ने घटनास्थल से फोरेंसिक सबूत एकत्र किए। प्रारंभिक पूछताछ में शंकर की पहचान कर्नाटक निवासी के रूप में हुई, जो पिछले दो वर्षों से शहर में रह रहा था और मूसापेट के एक होटल में कार्यरत था। पुलिस उसके व्यक्तिगत और व्यावसायिक पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि हत्या के पीछे कथित विवाहेतर संबंध हो सकता है। मामले की जांच जारी है और आरोपी की तलाश में कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया 14 तोला सोना बरामद

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जगतगिरिगुट्टा पुलिस ने बुधवार को एक चोर को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर दो दिन पहले एक घर में सेंध लगाकर 14 तोला सोना चुराया था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पी शंकर (36) के रूप में हुई, जो येल्लमबंदा का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शंकर ने 23 फरवरी को रखापल्ली लक्ष्मी के घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के गहने चुरा लिए। महिला घर से बाहर होने के दौरान चोरी हुई। लौटने पर उसने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और कुछ सामान गायब है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और पूछताछ के बाद शंकर को गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया। उसने चोरी की बात कबूल कर ली है।

## स्कूल जाने वाली ऑटो रिक्शा पलटी, छात्र घायल

जगतियाल, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को मल्लापुर मंडल के पास स्कूली बच्चों को ले जा रही एक चार पहिया ऑटो रिक्शा पलट जाने से कुछ छात्र घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार वालगोंडा गांव से मल्लापुर के एक निजी स्कूल में छात्रों को ले जा रही ऑटो रिक्शा, चालक के स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो देने के बाद खेतों में जा घुसी और पलट गई। घटना के समय वाहन में कुल 15 छात्र सवार थे। घायल छात्रों को इलाज के लिए मल्लापुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## साइबर अपराध नेटवर्क तोड़ने के लिए 'ऑपरेशन क्रैकडाउन' शुरू

### विशेष रूप से म्यूल बैंक खातों की जांच की गई

### बैंक कर्मचारियों और एजेंट नेटवर्क की मिलीभगत की आशंका



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पुलिस ने बुधवार को 'ऑपरेशन क्रैकडाउन' शुरू किया, जो राज्यभर में साइबर अपराध नेटवर्क को निशाना बनाने और इसे तोड़ने के लिए चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान तेलंगाना साइबर सिक्योरिटी ब्यूरो (टीजीसीएसबी) द्वारा तैयार किया गया है और आने वाले महीनों में जिले और कमिश्नरेट्स के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से संपन्न होगा। आज के पहले चरण में राज्य के 16 जिलों/यूनिट्स में विशेष रूप से म्यूल बैंक खातों की जांच की गई।

टीजीसीएसबी के आंकड़ों के अनुसार 2025 में राज्य में कुल 4775 म्यूल खाते संचालित हुए थे। आज की कार्रवाई में 137 बैंक शाखाओं में खुले 1888 संदिग्ध म्यूल खातों की जांच की जा रही है। ये खाते पूरे देश में 9431 अपराध लिंक से जुड़े हैं, जिनमें 782 लिंक केवल तेलंगाना के हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में 137 पुलिस टीमों में 512 अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। 137 बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर संदिग्ध खाताधारकों के केवाईसी विवरण एकत्र किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि कई शाखाओं में सैकड़ों म्यूल खाते संचालित हैं, जिससे बैंक कर्मचारियों और एजेंट नेटवर्क की मिलीभगत की आशंका है। उदाहरण के लिए, सुल्तान बाजार, हैदराबाद से संचालित एक खाते का संबंध 496 अलग-अलग अपराध शिकायतों से पाया गया। सूर्यापेट जिले में चार बैंक शाखाओं में कुल 298 खाते विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ छोटे बैंक, जिनके पास आरटीजीएस संचालन की तकनीकी क्षमता नहीं है, राष्ट्रीय बैंकों के आरटीजीएस का इस्तेमाल कर रहे हैं, और खाताधारकों की पर्याप्त सत्यापन प्रक्रिया नहीं होने के कारण अपराधी इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। ऑपरेशन क्रैकडाउन अगले कुछ महीनों में खाताधारकों का प्रोफाइलिंग, वित्तीय ट्रेल का विश्लेषण और कड़ी कानूनी कार्रवाई के साथ जारी रहेगा। तेलंगाना पुलिस ने कहा कि राज्य में साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड रोकने और अपराध नेटवर्क को तोड़ने के लिए कड़ा रुख अपनाया जाएगा। डीजीपी ने टीजीसीएसबी और इसकी निदेशक शिखा गोयल की सराहना की और इसे अगले महीनों में राज्य में साइबर अपराध नेटवर्क को तोड़ने के लिए फ्लैगशिप ऑपरेशन बताया।

## इंटरमीडिएट परीक्षाओं के पहले दिन 15,903 छात्र अनुपस्थित

### परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार से शुरू हुई इंटरमीडिएट सार्वजनिक परीक्षाओं (आईपीई) के पहले दिन लगभग 16 हजार छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। राज्य भर में स्थापित 1,495 केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं, हालांकि कुछ छात्रों को देर से पहुंचने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया। द्वितीय भाषा प्रथम विषय के लिए कुल 5,14,598 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 4,98,695 छात्र उपस्थित हुए, जबकि 15,903 छात्र अनुपस्थित रहे। पहले दिन तेलुगु, हिंदी, संस्कृत, उर्दू और अरबी विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन (टीजी बीआईई) द्वारा पांच मिनट की मोहलत दिए जाने के बावजूद कुछ छात्र 7 से 10 मिनट की देरी से केंद्रों पर पहुंचे। जगतियाल और निजामाबाद जिला मुख्यालयों में देर से पहुंचे छात्रों को प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

## शी टीम शहर में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत : डॉ. लावण्या




हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी शी टीम डॉ. लावण्या, महिला सुरक्षा विंग के नेतृत्व में, शहर में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। 1 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित 85 वें नामपल्ली प्रदर्शनी, हैदराबाद के दौरान, शी टीम ने प्रदर्शनी में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न को रोकने के लिए सतत निगरानी रखी। निरंतर निगरानी और छद्म अभियानों के माध्यम से, 264 अपराधियों को रंगे हाथों पकड़ा गया, जिनमें से 242 बड़े और 22 नाबालिग हैं। इसके अलावा, 188 अपराधियों को उनके परिवारजन की मौजूदगी में उचित परामर्श के बाद चेतावनी दी गई और छोड़ दिया गया। जबकि 56 मामलों में गंभीर कदाचार के लिए केस दर्ज किए गए। कानूनी कार्रवाई में 52 मामलों में 1050/- रुपये का जुर्माना, और 4 मामलों में 2 दिन की जेल और 1000/- रुपये का जुर्माना लगाया गया। शेष मामले निपटान के लिए लंबित हैं। नियंत्रण के अलावा, शी टीम ने जागरूकता और रोकथाम को प्राथमिक रणनीति बनाया है। इस महीने, टीमों ने 385 जागरूकता कार्यक्रम किया

## स्वच्छ ऑटो द्वारा प्रतिदिन कचरा संग्रहण किया जाए : कर्णन



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम(जीएचएमसी) के आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर कचरा संग्रहण प्रतिदिन बिना किसी चूक के अनिवार्य रूप से किया जाए। आयुक्त ने जोनल आयुक्त रवि किरण के साथ बुधवार को इंदिरा पार्क, गांधी नगर से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन तक व्यापक स्वच्छता निरीक्षण किया। सुरभि पार्क, पी एंड टी कॉलोनी, गांधी नगर डिवीजन, कवाड़ीगुडा और सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों में भी मैदानी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने स्वच्छ ऑटो कर्मचारियों की उपस्थिति की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की और जमीनी स्तर पर स्वच्छता कार्यों की नियमितता और प्रभावशीलता का परीक्षण किया।

कर्णन ने उप आयुक्तों, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के डीईई और एई को निर्देश दिया कि वे स्वच्छ ऑटो कर्मचारियों की सख्ती से निगरानी करें ताकि प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, सड़कों, गलियों और प्रमुख चौराहों को हर समय स्वच्छ और स्वच्छतापूर्ण बनाए रखा जाना चाहिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से ग्रेटर हैदराबाद को एक आदर्श स्वच्छ शहर में बदलने के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

## महिला यूट्यूबर की लाश मिली आत्महत्या आशंका

### मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू कर दी जांच

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 21 साल की एक महिला, जिसकी पहचान कोमाली के तौर पर हुई है, बुधवार को यहां मणिकोंडा के चित्रपुरी कॉलोनी में अपने घर पर लाश मिली। वह यूट्यूब पर कंटेंट क्रिएटर थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोमाली ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर वेंकन्ना ने कहा कि घटना पर केस दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना पर्सनल मामलों से जुड़ी हो सकती है। पुलिस के मुताबिक, कोमाली और अखिल नाम का एक आदमी, जो दोनों मूल रूप से विशाखापत्तनम के रहने वाले थे, एक-दूसरे को जानते थे। खबर है कि कोमाली हायर स्टडीज़ के लिए हैदराबाद चली गई थी, जबकि अखिल नौकरी के लिए शहर आया था। अखिल ने पहले ही उसके प्यार को ठुकरा दिया था क्योंकि वह किसी दूसरी लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। इसके बाद, छह महीने पहले कोमाली ने आत्महत्या की कोशिश की। उस समय, उसकी माँ को पता चला कि वह अखिल से प्यार करती थी। जब कोमली की माँ ने अखिल से शादी के लिए कहा, तो उसने मना कर दिया। कोमली ने सुसाइड करने से पहले अखिल को बात करने के लिए बुलाया। जब उसने दोबारा अपने प्यार का ज़िक्र किया, तो अखिल ने फिर मना कर दिया। उसने सुसाइड कर लिया क्योंकि अखिल ने उसके प्यार को स्वीकार नहीं किया। कोमली ने भी यही बात अपनी डायरी में लिखी थी। अगर यह पता चलता है कि कोमाली के सुसाइड में अखिल का हाथ था, तो उसके खिलाफ ज़रूर केस दर्ज किया जाएगा। जांच करने वालों ने कहा कि वे सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं, जिसमें फोन रिकॉर्ड और मौके से मिली एक पर्सनल डायरी भी शामिल है। अधिकारियों ने साफ किया कि अगर उकसाने या गलत काम करने का कोई सबूत सामने आता है तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने जनता और मीडिया से अपील की है कि जांच जारी रहने तक अटकलें लगाने से बचें।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Jadhav Swati Bhausaheb, W/o, JC 780870P, Nb Sub Garad Kakasaheb Babru, R/o, Dist: Osmanabad, Maharashtra, changed my name from Jadhav Swati Bhausaheb to Garad Swati Kakasaheb vide Affidavit No. BU 311001 dt. 24.02.2026, before Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

I, No. 14659187H, Hav, Suguri Mallikarjuna, R/o, Dist: Chittoor, Andhra Pradesh, changed my Son's name from S Lohith to Suguri Lohith vide Affidavit No. 284773 dt. 24.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## आभूषण चोरी के मामले में नौकरानी गिरफ्तार

### 3.88 लाख रुपये की संपत्ति बरामद




हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया यूनिवर्सिटी पुलिस ने आभूषण चोरी के मामले में नौकरानी एक नौकरानी को गिरफ्तार किया है। महिला के ऊपर शिकायतकर्ता डॉ. पीएलकेएम. राव के घर से 95.4 ग्राम सोने के आभूषण और 8,000 रुपये नकद चोरी करने का आरोप है। बरामद की गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग 3 लाख 88 हजार रुपये है। आरोपी अल्लम तेजस्वी, (43 वर्ष), मालरेड्डी नगर, बदंगपेट की रहने वाली है।

आरोपी ने अपनी वित्तीय समस्याओं और कर्ज के चलते चोरी की योजना बनाई थी। अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच उसने घर के सफाई और शयनकक्ष में आभूषण चुराए। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को हब्सीगुड़ा बस स्टॉप से गिरफ्तार किया।

## घर में छप रहे थे 500 के नोट पुलिस ने बरामद किया

बुलंदशहर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पुलिस ने जाली नोटों का कारोबार करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना नरौरा पुलिस और स्वाट टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन में तीन ऐसे जालसाजों को दबोचा है, जो घर के अंदर प्रिंटर लगाकर हूबहू असली जैसे दिखने वाले 500 रुपए के नकली नोट छाप रहे थे। इस गिरोह के पकड़े जाने की कहानी एक सब्जी वाले से शुरू हुई। आरोपियों ने हाल ही में बाजार में एक सब्जी विक्रेता को 500 रुपये का जाली नोट थमाया था। दुकानदार को नोट छूने पर कुछ शक हुआ, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस और मुखबिरों को सक्रिय किया और सीधे गिरोह के ठिकाने तक जा पहुंची। पुलिस ने जब छापेमारी की तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई।

# सीएम योगी ने मित्सुई प्रबंधन के साथ निवेश पर की चर्चा

**लखनऊ, 25 फरवरी (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ जापान दौरे पर हैं। बुधवार को दौरे के पहले दिन वह टोक्यो पहुंचे। वहां पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। पहले दिन उन्होंने वैश्विक ट्रेडिंग और निवेश कंपनी मित्सुई एंड कंपनी लि। के प्रबंधन से मुलाकात की। उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों को तलाशने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सीएम ने विशेष रूप से चार प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा के तहत सोलर, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं शामिल हैं।

वहीं दूसरी ओर आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के तहत आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल सर्विसेज और स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश पर चर्चा हुई। तीसरा सेक्टर सेमीकंडक्टर रहा। इसमें चिप निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन का विस्तार प्रमुख रहे। वहीं चौथा सेक्टर डेटा सेंटर रहा। इसमें हाइपर-स्केल डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी हब जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर गहन विमर्श हुआ।

### भारत-जापान औद्योगिक संबंधों को नई गति

सीएम ने मित्सुई प्रबंधन को दीर्घकालिक साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। कहा कि यूपी भारत-जापान आर्थिक सहयोग को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के साथ-साथ उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और तेजी से विकसित हो रहे



औद्योगिक क्लस्टर्स के कारण निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने राज्य सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम और समयबद्ध स्वीकृति प्रक्रिया के बारे में भी चर्चा के दौरान बताया। भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वातावरण उपलब्ध कराता है।

## चौकीदार-दफादार लाठीचार्ज पर चिराग पासवान का अपनी ही सरकार पर हमला, बोले-बर्दाश्त नहीं करेंगे



पटना, 25 फरवरी (एजेंसियां)। चौकीदार-दफादार पर हुए लाठीचार्ज मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है। केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी ही सरकार पर सवाल उठाए। चिराग ने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे कर्मियों पर बल प्रयोग निंदनीय है। उन्होंने इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक' बताया। उनकी टिप्पणी के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। चिराग पासवान ने कहा कि चौकीदार-दफादार गांवों की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। ऐसे कर्मियों पर लाठीचार्ज स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आवाज उठाना अधिकार है। बल प्रयोग से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा की मांग की। साथ ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। चिराग ने बताया कि पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा। यह प्रतिनिधिमंडल संबंधित मंत्री और अधिकारियों से मुलाकात करेगा। चौकीदार-दफादार की मांगों को सरकार तक औपचारिक रूप से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान जरूरी है।

## ग्रीनफील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ

गाजियाबाद, 25 फरवरी (एजेंसियां)। गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में आज बुधवार सुबह तेंदुआ देखा गया। जहां लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। गोविंदपुरम इलाके में तेंदुए की घुसने से अफरा तफरी मच गई। जहां पुलिस और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। पुलिस लाठी डंडे लेकर और हेलमेट लगाकर मौके पर पहुंची। आजपास लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली जा रही है।

पास में सीसी टीवी कैमरों को भी देखा जा रहा है। जिससे पता चल सके कि तेंदुआ कहां से आया है। लोगों में एक साथ दहशत फैल गई। तेंदुआ घुसने के बाद से कविनगर थाना पुलिस भी पहुंची। गोविंदपुरम रोड पर दोनों तरफ से पुलिस लोगों को आसपास जाने से रोक रही है। स्कूल में भी दहशत का माहौल है। तेंदुआ कहां से आया, इसका पता नहीं चल सका है।

### राजनाथ सिंह से मुलाकात के बाद बाह की राजनीति में चर्चाओं का दौर

# क्या पूर्व मंत्री की बहन को लाना चाहते हैं सांसद चाहर ?

**आगरा, 25 फरवरी (एजेंसियां)।**

बाह विधान सभा क्षेत्र में चुनाव से पहले ही राजनीतिक रस्साकसी शुरू हो गई है। यहां आजादी के बाद से तीन चुनावों को छोड़कर भदावर घराने के उम्मीदवार के सिर ही जीत ताज सजा।वर्तमान में भी भदावर घराने से पक्षालिका सिंह विधायक हैं। शनिवार को पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह की बहन मधुलिका सिंह की दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से हुई मुलाकात को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रश्न उठ रहा है कि क्या सांसद राजकुमार चाहर उन्हें बाह क्षेत्र की राजनीति में लाना चाहते हैं?

### दिल्ली में रक्षा मंत्री से हुई मुलाकात के बाद लगाई जा रहीं अटकलें

बाह विधान सभा क्षेत्र में भदावर घराने की धमक आजादी के बाद से ही रही है।पहले महेंद्र रिपुदमन सिंह फिर अरिदमन सिंह यहां से लगातार विधायक रहे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में फतेहपुर सीकरी से चुनाव लड़े सांसद राजकुमार चाहर से भदावर घराने की दूरियां दिखीं थीं। बाह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चुनावी सभा के मंच पर तल्खियां सामने आई थीं।



### वर्ष 2017 में चुनाव से पहले भी आई थी बाह में

सांसद राजकुमार चाहर पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह की बहन मधुलिका सिंह और उनकी बेटी पूर्णामृता सिंह के साथ दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले। यह फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव से पहले तस्वीर सामने आने से हलचल

विधान सभा चुनाव से पहले यह तस्वीर सामने आने से अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या पूर्व मंत्री की बहन को सांसद राजकुमार चाहर बाह की राजनीति में लाना चाहते हैं। इससे पहले भी वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में मधुलिका सिंह चर्चाओं में आई थीं। उनकी मध्यप्रदेश के नरसिंह गढ़ में ससुराल है। पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह से उनकी लंबे समय से तल्खी चल रही है।पूर्व में वे कुछ समय चर्चाओं में रहने के बाद वापस चली गई थीं।

## सौतेली मां ने कुल्हाड़ी से बेटी का गला काटा

गोरखपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। गोरखपुर के सौतेली मां ने 3 साल की बेटी को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। मासूम को पहले जमीन पर पटका फिर कुल्हाड़ी से हमला कर बच्ची का सिर धड़ से अलग कर दिया। घटना के बाद कमरे में चारों तरफ खून ने छींटे फैल गए। वारदात के बाद महिला घर से भागने लगी। शोर सुनकर लोगों ने दौड़ा लिया। करीब 1 किलोमीटर तक पीछा करके महिला को पकड़ लिया और हाथ-पैर रस्सी से बांध दिया। लोगों ने बेटी को मारने की वजह पूछी तो बोली- पति बेटी को ज्यादा प्यार करते थे, सबक सिखाना चाहती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयोगर की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

## प्रेमी ने प्रेमिका को आग लगाकर खुद को जलाया

अलीगढ़, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ में एक युवक ने अपनी प्रेमिका के घर में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। इसके बाद वह अपनी प्रेमिका से लिपट गया। दोनों बुरी तरह झुलस गए। आग की लपटों से घिरे दोनों की चीखें सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़कर छत से नीचे पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। इसके बाद दोनों को जिला मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान प्रेमी की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत नाजुक होने पर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है। दोनों की शादी हो चुकी थी। महिला का मोहल्ले के ही युवक से करीब 4 साल से प्रेम संबंध चल रहा था। घटना के समय महिला का पति नमाज पढ़ने गया हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और लोगों से पूछताछ की। इसके बाद फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मैक्सिकन कपल ने काशी में हिंदू रीति रिवाज से की शादी



वाराणसी, 25 फरवरी (एजेंसियां)। आध्यात्मिक नगरी वाराणसी एक बार फिर अपनी सनातन परंपरा और वैश्विक आकर्षण के कारण सुर्खियों में रही। विश्वप्रसिद्ध अस्सी घाट पर मैक्सिको से आए एक विदेशी कपल ने गंगा की मध्य धारा में नौका पर वैदिक विधि-विधान से विवाह कर अनूठी मिसाल पेश की। इस खास आयोजन को देखने के लिए घाट पर स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार, मैक्सिको के चिल सिटी निवासी रुईज कब्रोल और गोंजलो मिगुल लंबे समय से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से प्रभावित थे। उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत भारत की आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी से करने का निर्णय लिया। निर्धारित मुहूर्त में गंगा के बीच सजी नौका पर मंडप सजाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न हुआ।

## आईएएस से सपा नेता चिल्लाकर बोला- हो कौन, लॉर्ड हो तुम

### निगम ऑफिस में अभद्रता, अफसर बोले- एफआईआर वापस नहीं होगी

अलीगढ़, 25 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के अलीगढ़ में आईएएस अफसर प्रेम प्रकाश मीणा के साथ सपा नेता ने ऑफिस में अभद्रता की। ऊंची आवाज में उंगली दिखाते हुए कहा- लॉर्ड हो तुम? हो कौन तुम? लेकिन अफसर कुर्सी पर बैठे रहे, उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। सपा नेता के समर्थकों ने हंगामा और नारेबाजी भी की। काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण रहा। हालांकि, बाद में सपा नेता के साथ आए नेताओं ने मामला शांत कराया। दरअसल, सोमवार को नगर निगम की प्रवर्तन टीम तस्वीर महल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान फल विक्रेताओं और टीम के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद ठेला-रेहड़ी वालों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# नितिन नवीन का कांग्रेस पर हमला

### सुनाई नेहरू-गांधी परिवार की 'कॉम्प्रोमाइज' वाली कहानी, 'एक समय था जब...'

**पटना, 25 फरवरी (एजेंसियां)।**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस पर जमकर हमला किया है। बुधवार (25 फरवरी, 2026) को पटना में एक कार्यक्रम को वे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नेहरू और गांधी परिवार की कॉम्प्रोमाइज वाली कहानी सुनाई। कहा, एक समय था जब नेहरू जी ने खुद कहा था ये 45 करोड़ जनता देयता है। इतिहास गवाह है कि नेहरू जी का कार्यालय कैसे सीआईए व अन्य विदेशी एजेंसियों के लिए खुली किताब की तरह था।

नितिन नवीन ने कहा कि 1954 में नेहरू ने किस प्रकार से बिना किसी रिवार्ड के तिब्बत में भारत के अधिकार को चीन को सौंप दिया ये हम जानते हैं। पंचशील की आड़ में किस प्रकार से



अक्साई चीन का कब्जा मान लिया गया।

### 'आखिर किस कॉम्प्रोमाइज मिशन के तहत...'

आगे कहा, इंदिरा गांधी, जिन्होंने बड़ी छवि बनाई थी लेकिन हमें ध्यान है कि अमेरिकी राजदूत ने माना था कि सीआईए ने कांग्रेस को चुनाव में प्रचार करने के लिए पैसा दिया। शिमला समझौता के तहत 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को बिना कब्जा लिए हुए छोड़ देना। आखिर किस कॉम्प्रोमाइज मिशन के तहत ये किया गया? राजनीतिक रूप से कच्चातिवु जो श्रीलंका से है उसे किस प्रकार से श्रीलंका को दे देना इंदिरा गांधी के समझौता मिशन को दिखाता है।।।

### 'सुपर प्रधानमंत्री बनकर समानांतर सरकार का संचालन किया'

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, हम लोगों ने देखा है कि कैसे भोपाल गैस कांड में हजारों भारतीयों के हत्यारे वारेन एंडरसन राजकीय विमान से सुरक्षित देश से बाहर किया गया। सोनिया गांधी ने अपने पूरे राजनीतिक कार्यकाल में, यानी 2004 से 2014 के बीच नेशनल एडवाइजरी काउंसिल के माध्यम से 'सुपर प्रधानमंत्री' बनकर समानांतर सरकार और कैबिनेट का संचालन किया गया।।। राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन की सरकार और जॉर्ज सोरेस से फंडिंग करवाना।।। निश्चित रूप से ये उनके कॉम्प्रोमाइज मिशन की झलक को दिखाता है।।। राहुल गांधी ने 247 से अधिक विदेशी यात्राएं की हैं।

## बच्चियों की गोद में गर्भवती मां का शव छोड़ पिता फरार

मधेपुरा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मधेपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक 25 साल की महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। महिला के पास उसकी दो मासूम बेटियां बिलख रही थी। मृतका की पहचान जीतापुर भतखोरा निवासी मो। मुर्शीद की पत्नी काजल कुमारी (25) के रूप में हुई है। बच्चों को रोते देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतका की 3 साल बेटी हुस्नाज ने बताया कि रात में पापा ने उसकी मां को मारकर ऑटो से स्टेशन पर लाकर रख दिया। वहां पिता ने पहले दोनों बहन को स्टेशन पर लगे चेयर पर बैठाकर मां के शव को दोनों बच्ची के गोद में लिटा दिया। इसके बाद पिता दोनों बच्चियों को लावारिस छोड़कर वहां से चले गए। आठ घंटों तक दोनों बच्चियां अपनी मृत मां को जिंदा समझकर वहां बैठी रही, जिसे देख वहां मौजूद यात्रियों की आंखें नम हो गई।

## शिक्षण संस्थानों के पास मांस बिक्री पर रोक एआईएमआईएम बोली- 90% हिंदू खाते हैं

पटना, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने शिक्षण संस्थानों और धार्मिक स्थलों के पास मीट मछली की दुकानों पर बैन लगाने का फैसला किया है। अब इस पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष शोएब जमी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 'यह मुख्य रूप से हाइजीन का मामला है। लेकिन अगर कोई मछली और मीट पर एतराज़ करता है, तो मैं यह बताना चाहूंगा कि देश में लगभग 90% हिंदू मछली और मीट खाते हैं।' उन्होंने कहा कि यह तो एजेंडा है। प्रोटीन कैसे मिलेगा बच्चों को? आप अमेरिका में देखिए, दुनिया भर के तमाम विश्वविद्यालयों में बच्चों को जो भोजन दिए जाते हैं, अंडे दिए जाते हैं। कौन कहता है कि गंदगी करते हैं। उसके लिए कानून बनाइए। यह मामला हाईजीन का है। हाईजीन के लिए तो हम भारतीय वैसे ही बदनाम है। अगर कोई इसको मांस मछली तक लेकर जाएगा जो देश के 90 फीसदी हिन्दू भाई , मांस, मछली अंडा खाते हैं। होली में आप क्यों नहीं बोलते हैं जो लंबी लंबी लाइन लगती है। खुद के इनके बच्चे जो अमेरिका में पढ़ते हैं, वो क्या खाते हैं। पूछिए इनसे। उधर, इस मामले पर जनता दल यूनाइटेड के नेता और प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, मछली और मांस बेचने वाली दुकानें मंदिरों या मस्जिदों जैसे धार्मिक स्थलों के पास पहले से नहीं हैं। अब स्कूलों और कॉलेजों के पास भी मांस-मछली नहीं बिकेगी। यह सरकार की मौजूदा नीति है, कोई नया फैसला नहीं है, इस पर विवाद का कोई कारण नहीं है। हम मछली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वहीं अखिल भारतीय इमाम संघ के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि बिल्कुल यह अच्छी बात है कि धार्मिक स्थल और शिक्षण संस्थानों के आसपास मीट-मछली की दुकानें नहीं होनी चाहिए,

# कांशीराम जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाएगी सपा

**लखनऊ, 25 फरवरी (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी दलितों को ख़ुश करने में जुट गई हैं। इसी क्रम में पार्टी ने कांशीराम लखनऊ जयंती को लेकर बड़ा ऐलान किया। सपा इस बार कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए हर जिले में सपा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और पीडीए को एकजुट करने की कोशिश की जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। इस चिट्ठी में कहा गया है कि कांशीराम ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा किया था। साल 1992 में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता कर बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज किया था।

### कांशीराम जयंती पर हर जिले में होगा कार्यक्रम



इस पत्र में कहा गया है कि कांशीराम ने ही दिसंबर 1993 में मुलायम सिंह यादव की सरकार बनवाई और 6000 जातियों के लोगों जोड़कर भाईचारा बढ़ाने का काम किया था। सपा अध्यक्ष ने इन तमाम बातों का जिक्र करते हुए कांशीराम जयंती को पीडीए दिवस के तौर पर मनाने की बात कही है। बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च को मनाई जाती है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की ओर से हर जिले में पीडीए दिवस के तौर अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे और श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की होंगी। जिसके जरिए पीडीए वर्ग और ख़ासतौर पर दलितों को पार्टी के साथ जोड़ने की कवायद होगी।

### दलित वोटरों पर सपा की नजर

बता दें कि बीते कुछ वर्षों में बसपा के कमजोर होने के बाद तमाम सियासी दलों की नजरें दलित वोटरों पर लगी हुई हैं। सपा लगातार ये दिखाने की कोशिश कर रही है कि बसपा अपने आंदोलन से हट चुकी हैं और सपा ही उनकी असली हितैषी पार्टी है। अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर अगर दलित वोटर्स उनके साथ आते हैं तो आगामी चुनाव में पार्टी की जीत का रास्ता साफ़ हो सकता है।

## नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़: 9 गिरफ्तार

पटना, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पटना के नजदीक एक अवैध नकली दवा फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने की। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी की योजना बनाई। मौके पर भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में दवाएं नकली और एक्सपायर्ड पाई गईं। यह गिरोह अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त किया गया। इसके अलावा अन्य ओपिओइड दवाएं भी बरामद हुईं। मशीनें, पैकिंग सामग्री और लेबलिंग उपकरण मौके से मिले। आरोपी दवाओं को दोबारा पैक कर बाजार में सप्लाई करते थे। कुछ दवाएं एक्सपायरी के बाद भी नए रैपर में बेची जा रही थीं। बरामदगी को स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। इस मामले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर सप्लाई चेन की जानकारी जुटा रही है।

# ओवैसी के नए दांव से बढ़ी तेजस्वी की टेंशन

### 5 विधायकों के दम पर आरजेडी के सामने रखी ये शर्त



पटना, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद बदले राजनीतिक समीकरण अब राज्यसभा चुनाव में भी असर दिखा रहे हैं। 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले पांचवीं सीट को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जोड़-तोड़ का खेल तेज हो गया है। इस पूरे घटनाक्रम में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम अहम भूमिका में नजर आ रही है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 41 विधायकों का समर्थन जरूरी है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक एनडीए के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है, जिससे चार सीटों पर उसकी स्थिति लगभग सुरक्षित मानी जा रही है। वहीं पांचवीं सीट के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना अनिवार्य है।

202 विधायकों के साथ एनडीए आसानी से 4 राज्यसभा सीटें (2 भाजपा, 2 जेडीयू) जीत रहा है। चार सीटें जीतने के बाद भी एनडीए के पास 38 अतिरिक्त वोट बचेंगे, यानी उन्हें पांचवीं राज्यसभा सीट के लिए मात्र 3 और वोटों की जरूरत होगी। जबकि विपक्षी गठबंधन के पास केवल 35 विधायक हैं। पांचवीं राज्यसभा सीट जीतने के लिए उन्हें 6 अतिरिक्त वोटों की आवश्यकता है।

### एआईएमआईएम ने रखी शर्त, बढ़ी आरजेडी की मुश्किलें

एआईएमआईएम के 5 विधायक इस समय 'पावर बैलेंस' का काम कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने न केवल अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है, बल्कि आरजेडी को चेतावनी भी दी है। ओवैसी की पार्टी का कहना है कि अगर 2030 तक के भविष्य के चुनावों के लिए गठबंधन पर ठोस सहमति नहीं बनी, तो वे महागठबंधन का साथ नहीं देंगे। उनका तर्क है कि सीमांचल में आरजेडी का आधार कमजोर हो रहा है और अब अल्पसंख्यक राजनीति की दिशा बदल चुकी है। आरजेडी अब तक मुस्लिम-यादव समीकरण के भरोसे जीतती रही है, लेकिन ओवैसी के आने से इस समीकरण में सेंध लगा दी है।

अगर आरजेडी ओवैसी की शर्तें मानती है, तो उसे भविष्य में अपनी कई सीटें एआईएमआईएम के लिए छोड़नी पड़ सकती हैं। अगर शर्त नहीं मानी, तो 35 विधायकों वाली आरजेडी को पांचवीं राज्यसभा सीट से हाथ धोना पड़ सकता है, क्योंकि उन्हें निर्दलीय और छोटी पार्टियों के साथ-साथ एआईएमआईएम के 5 वोटों की सख्त जरूरत है।

# कांग्रेस का गढ़ माना जाता था मालवा: आज एक भी सीट नहीं

## सूखा खत्म करना चाहेगी पार्टी; राहुल यहीं से करेंगे आगाज



चंडीगढ़, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब का सबसे बड़ा इलाका मालवा, 15 जिले, 65 विधानसभा क्षेत्र और सूबे की सियासत का सबसे बड़ा केंद्र बिंदु। जाहिर है हर विधानसभा चुनाव के दौरान मालवा सभी राजनीतिक दलों के लिए मुख्य फोकस एरिया की श्रेणी में शुमार रहता है। पंजाब में फरवरी 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और सभी दलों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। शिरोमणि अकाली दल की रैलियों का दौर शुरू हो चुका है और 28 फरवरी को कांग्रेस भी राहुल गांधी की रैली के साथ चुनावी प्रचार का आगाज करने जा रही है।

राहुल की रैली के लिए सियासी रणनीति के तहत मालवा क्षेत्र को चुना गया है। इस क्षेत्र के बरनाला में जिले में यह रैली होगी, क्योंकि यह जिला मालवा का केंद्र है। पार्टी सूत्रों के अनुसार रैली में करीब एक लाख लोगों की भीड़ एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जिलों में समन्वयकों व प्रभारियों की नियुक्ति हो गई हैं, जो रैली को सफल बनाने के लिए स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं संग बैठकें कर रहे हैं। राजपुरा के पूर्व विधायक हरदयाल सिंह काम्बोज को रैली का इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

### मालवा में सिमटी कांग्रेस

साल 2017 के चुनाव में कांग्रेस ने कुल 117 सीटों में से 77 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। इनमें से 40 सीटें मालवा के विभिन्न जिलों से थीं। मालवा बेल्ट में बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, फिरोजपुर, लुधियाना, मानसा, मोगा, मोहाली, पटियाला, श्री मुक्तसर साहिब, रूपनगर, संगरूर व मलेरकोटला जिले शामिल हैं।

साल 2022 में आम आदमी पार्टी की आंधी के आगे कांग्रेस टिक नहीं पाई और 1 सीट (गिद्दड़बाहा) तक सिमट गई। यह सीट प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की थी। साल 2024 में उन्होंने लुधियाना से लोकसभा चुनाव लड़ा, तो यह सीट छोड़नी पड़ी थी। यहां से पत्नी को चुनाव लड़वाया मगर वे हार गईं। लिहाजा यहां कांग्रेस के लिए पूरी तरह सूखा हो गया।

### मान और बादल दोनों मालवा से

अमूमन यह कहा जाता है कि पंजाब में सीएम मालवा क्षेत्र से ही निकलता है। मौजूदा सीएम भगवंत सिंह मान संगरूर से एमपी थे और अब धुरी से विधायक हैं। पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल भी श्री मुक्तसर साहिब से थे।

उनके बेटे व पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल भी इसी क्षेत्र से हैं। मौजूदा सीएम के अलावा आप के तीन मंत्री हरपाल सिंह चीमा, बरिंदर सिंह गोयल व अमन अरोड़ा और आप के सांसद मीत हेयर भी इसी क्षेत्र से आते हैं।

### सूखा खत्म करना चाहती है कांग्रेस

कांग्रेस मालवा से अपना सूखा खत्म करना चाहती है। इसलिए राहुल गांधी यही से चुनाव हुंकार भरेंगे। मनरेगा के संशोधन बिल और अमेरिका-भारत के बीच ट्रेड डील पर केंद्र सरकार को घेरते हुए मजदूरों और किसानों को साधेंगे।

शिरोमणि अकाली दल को घेरेंगे जबकि आप सरकार में बढ़े रहे गैंगस्टरवार, नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों समेत अन्य मुद्दों पर आप सरकार पर भी निशाना साधेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसियों को लगता है कि साल 2027 में कांग्रेस इस क्षेत्र में अपना खोया जनाधार वापस पाएगी।

राहुल गांधी की रैली संबंधित तैयारियां जोरों पर हैं। वे खुद संगरूर, पटियाला, श्री मुक्तसर साहिब और बरनाला में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की बैठक ले चुके हैं। पंजाबी लोग आप सरकार के कार्यकाल और उनकी नीतियों से खुश नहीं है। वे वापस कांग्रेस का कार्यकाल चाहते हैं। इस रैली से पंजाब में कांग्रेस का चुनावी प्रचार अभियान शुरू हो जाएगा।

### रोहित पवार और अमोल मिटकरी का थाने में हंगामा

# अजित पवार मौत मामले में केस दर्ज की मांग पर पुलिस से बहस

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीपी प्रमुख और डिप्टी सीएम रहे अजित पवार की मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई से नाखुश एनसीपी विधायक अमोल मिटकरी और रोहित पवार ने जमकर हंगामा किया। केस दर्ज करने की मांग को लेकर दोनों नेता पुलिस अधिकारी से तीखी बहस करते दिखाई दिए। पुलिस थाने में विधायक रोहित पवार और अमोल मिटकिरी आक्रामक रुख में नजर आए।

दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य के उपमुख्यमंत्री के आकस्मिक निधन के मामले में सबूत मौजूद होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। इस मुद्दे को लेकर पुलिस अधिकारियों और विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। मामला बढ़ता देख पुलिस उपायुक्त प्रवीण मुंढे भी पुलिस थाने पहुंचे। विधायकों का कहना था कि केवल शिकायत आवेदन देकर काम नहीं चलेगा, बल्कि इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। इसी मांग को लेकर पुलिस थाने में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

रोहित पवार, अमोल मिटकरी और संदीप क्षीरसागर मरीन ड्राइव पुलिस थाने में थे, जहां ये हंगामा हुआ। अजित पवार के साथ जो दुर्घटना हुई, उस मामले में वीएसआर कंपनी, उससे जुड़े लोगों और डीजीसीए के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए ऐसी मांग विधायकों की ओर से की जा रही है। इस संबंध में रोहित पवार की ओर से लिखित शिकायत दी जाएगी।

# एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई 23.5 करोड़ का सोना और अवैध दवाएं बरामद



मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एयरपोर्ट पर कस्टम्स विभाग ने एक हफ्ते के भीतर कई बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ, सोना और अवैध दवाइयां जब्त की हैं। एयरपोर्ट कमिश्नरेट, मुंबई कस्टम्स जोन-आईआईआई के अधिकारियों ने 17 फरवरी से 24 फरवरी 2026 के बीच स्पॉट और एपीआईएस प्रोफाइलिंग के आधार पर यह कार्रवाई की। सबसे बड़ी कार्रवाई हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी के मामले में हुई। बैंकॉक से आए तीन यात्रियों के पास से कुल 23.593 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद किया गया। अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग 23.593 करोड़ रुपये बताई जा रही है। तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

इसी दौरान सोना तस्करी के तीन अलग-अलग मामले भी दर्ज किए गए। तीन यात्रियों से कुल 591.9 ग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 85.35 लाख रुपये आंकी गई है। कस्टम्स अधिकारियों ने बताया कि यह सोना बिना वैध घोषणा के छिपाकर लाया जा रहा था। जो भी उचित कार्रवाई हो सकती है, वह किया जायेगा। कस्टम्स विभाग के मुताबिक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर की गई एक अन्य कार्रवाई में एक यात्री को बिना वैध लाइसेंस के दवाइयों का निर्यात करने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया।

बरामद दवाइयों को कस्टम्स एक्ट 1962 के तहत तत्काल जब्त कर लिया गया। कस्टम्स विभाग ने बताया कि सभी मामलों में आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि एपीआईएस प्रोफाइलिंग और खुफिया तंत्र के जरिए तस्करों पर नजर रखी जा रही है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कस्टम्स विभाग के सूत्रों के मुताबिक अभी और भी खुलासों को उम्मीद में की जा सकती है।

## बिलासपुर में बलोह टोल प्लाजा के पास कार से 949 ग्राम चरस बरामद, हरियाणा के दो युवक किए गिरफ्तार

बिलासपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना घुमारवीं की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित बलोह टोल प्लाजा के समीप एक कार से 949 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मौके पर हरियाणा के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार घुमारवीं थाना पुलिस की टीम ने टोल प्लाजा के पास विशेष नाकाबंदी कर रखी थी और फोरलेन से गुजरने वाले वाहनों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रही एक कार को संदेह के आधार पर रुकवाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 949 ग्राम चरस बरामद हुई।

# प्रियंका बोलीं- युवा कांग्रेस सदस्यों की गिरफ्तारी शर्मनाक, देशहित से समझौते कर रही सरकार'



नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने युवा कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने वाले युवा कांग्रेस सदस्यों पर की गई कार्रवाई अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण और अहिंसक प्रतिरोध भारत की गौरवशाली परंपरा रही है, जो महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन से विरासत में मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्विक दबाव के आगे झुककर सरकार ने देश के हितों से समझौता किया है और प्रधानमंत्री व सरकार के खिलाफ आवाज उठाना 1.4 अरब भारतीयों के हित में है।

### युवा कांग्रेस के अध्यक्ष को किया गया गिरफ्तार

उनकी यह टिप्पणी उस समय आई है, जब दिल्ली पुलिस ने एआई समिट में हुए शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने पहले हिरासत में लिए गए सात अन्य यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भी दंगा समेत अतिरिक्त धाराएं जोड़ी हैं। बताया गया कि पिछले सप्ताह एआई समिट के दौरान हॉल नंबर 5 में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक समूह ने शर्ट उतारकर सरकार और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ लिखे स्लोगन वाली टी-शर्ट दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें तुरंत वहां से हटा दिया। कांग्रेस ने चिब और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है।

वहीं पार्टी सांसद राहुल गांधी ने इस कार्रवाई को तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का परिचायक बताते हुए सरकार पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का आरोप लगाया है।

## दिल्ली में नॉर्थ ईस्ट की 3 महिलाओं पर मारा था नस्लीय कमेंट, आरोपी हर्ष और रूबी जैन अरेस्ट

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार और बदसलूकी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी हर्ष और उसकी पत्नी रूबी जैन को गिरफ्तार कर लिया है। ये गिरफ्तारी एससी-एसटी अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत की गई है। इस मामले की जांच अब एएसपी रैंक के अधिकारी की देखरेख में चल रही है। गिरफ्तारी से पहले, मुख्य आरोपी हर्ष सिंह ने बात करते हुए अपनी हरकत पर पछतावा जताया। हर्ष ने कहा, 'हम निश्चित रूप से शर्मिंदा हैं।

मैं ऐसा इंसान नहीं हूं, ये सब कुछ 'हीट ऑफ द मूमेंट' (गुस्से के क्षण) में हो गया। हम दिल्ली पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं।' हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में आरोपी कपल की आक्रामकता कुछ और ही कहानी बयां कर रही थी। पूरी घटना 20 फरवरी की दोपहर करीब 3:30 बजे की है। मालवीय नगर में चौथी मंजिल पर रहने वाली अरुणाचल की तीन महिलाओं ने अपने फ्लैट में एसी लगवाने के लिए इलेक्ट्रीशियन बुलाया था। ड्रिलिंग के दौरान कुछ मलबा पहली मंजिल पर रहने वाले हर्ष सिंह और रूबी जैन की बालकनी में गिर गया। इसी बात को लेकर शुरू हुई बहस नस्लीय गालियों और चरित्र हनन तक पहुंच गई।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आरोपी महिला रूबी जैन पीड़ित महिलाओं पर बेहद भद्दी टिप्पणियां करती दिखाई दी। वीडियो में वो पीड़ित को 'मसाज पार्लर में काम करने वाली धंधेवाली' कहती दिखी। यहा तक कि उसने अपने पति के साथ सोने तक की घिनौनी बात भी कही। जब विवाद बढ़ा, तो रूबी ने अपने पति को बड़े पॉलिटिशियन का बेटा बताकर रौब झाड़ने की भी कोशिश की। खास बात यह है कि घटना के वक्त एक पुलिसकर्मी वहां मौजूद था, जो मामले को शांत कराने की कोशिश कर रहा था।

इस घटना ने राजनीतिक गलियारे में भी हलचल पैदा कर दी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से पीड़ितों के संपर्क में है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ऐसी घटनाएं बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने इस संबंध में अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से भी बात की है और आश्वासन दिया है कि सख्त कानूनी धाराएं लगाई गई हैं।

### डूंगुरिपाली स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

# लाखों की नकदी और विदेशी मुद्रा छोड़कर युवक फरार



भुवनेश्वर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के सोनपुर जिले स्थित डूंगुरिपाली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी मुद्रा नोटों के साथ 2.69 लाख रुपए भारतीय नकद जब्त किया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब एक संदिग्ध युवक पूछताछ के दौरान अपना बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को स्टेशन परिसर में तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक हवलदार की नजर स्टेशन पर अकेले बैठे एक युवक पर पड़ी, जो एक बैग के साथ संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त प्रतीत हो रहा था। युवक के हावभाव और व्यवहार को देखते हुए हवलदार ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह पुरी–दुर्ग पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रहा है और झांसी जाने की तैयारी में है। हालांकि, सवाल-जवाब के बीच युवक अचानक बैग वहीं छोड़कर स्टेशन परिसर से भाग निकला। युवक के इस व्यवहार से सुरक्षा एजेंसियों का शक और गहरा गया। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बलांगीर आरपीएफ इकाई और स्टेशन मास्टर मौके पर पहुंचे। रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में लावारिस बैग की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से 2.69 लाख रुपए भारतीय नकद के अलावा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मलेशिया, चीन और थाईलैंड की कुल 19 विदेशी मुद्रा नोट बरामद किए गए। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, फरार युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उसकी तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों और रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। जब्त की गई नकदी और विदेशी मुद्रा को सुरक्षित रूप से कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इतनी बड़ी राशि और विभिन्न देशों की विदेशी मुद्रा युवक के पास कैसे और किस उद्देश्य से थी।

साथ ही इस बात की भी जांच की जा रही है कि कहीं यह मामला किसी अवैध लेन-देन, तस्करी या अन्य वित्तीय अनियमितताओं से तो जुड़ा नहीं है। फिलहाल आरपीएफ और संबंधित जांच एजेंसियां पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। फरार युवक की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठ पाएगा।

# अरविंद केजरीवाल ने गोवा के छात्रों को सौंपी 10,000+ पुस्तकों वाली डिजिटल लाइब्रेरी



नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज यानी बुधवार को गोवा के बेनौलिम निर्वाचन क्षेत्र में छात्रों के लिए एक आधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे लिए इस बेहद खास कार्यक्रम में शामिल होना बड़े सम्मान और सौभाग्य की बात है, जिसे आज वेंजी (बेनौलिम विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक) ने आयोजित किया है। मुझे इस ई-डिजिटल लाइब्रेरी के उद्घाटन का हिस्सा बनकर बहुत-बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी का लाभ यहां मौजूद सभी छोटे बच्चे और विभिन्न अन्य स्कूलों के छात्र उठा सकेंगे। आज मुझे बताया गया है कि बेनौलिम के 5 स्कूलों ने इस ई-डिजिटल लाइब्रेरी प्रोजेक्ट में अपना पंजीकरण करा लिया है। जल्द ही बेनौलिम के सभी 8 स्कूल इसमें शामिल होंगे और लगभग 4500 छात्र इस ई-डिजिटल लाइब्रेरी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

### 10 हजार से भी अधिक अन्य पुस्तकें

अरविंद केजरीवाल ने कहा, हम सभी जानते हैं कि आजकल किताबें बहुत महंगी हो गई हैं। न केवल गरीब परिवारों के लिए, बल्कि मध्यम वर्ग के लोगों के लिए भी अपने बच्चों के लिए सिलेबस की किताबों के अलावा अन्य विशेष किताबें खरीदना बहुत मुश्किल होता जा रहा है। यहां तक कि सामान्य स्कूली किताबें खरीदना भी अब कठिन है। इसलिए, इस ई-डिजिटल लाइब्रेरी में न केवल पाठ्यक्रम की किताबें शामिल हैं, बल्कि इसमें पहली कक्षा से लेकर 10वीं कक्षा तक की सभी एनसीईआरटी किताबें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, पाठ्यक्रम के अलावा 10 हजार से भी अधिक अन्य पुस्तकें इस लाइब्रेरी में मौजूद हैं।

# अवैध रूप से रह रहे 25 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक बड़ी कारवाई की है। पुलिस ने अंधेरी के वर्सोवा इलाके से 25 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोग बिना किसी वैध दस्तावेज के पिछले कई साल से यहां रह रहे थे। पुलिस को इनके पास से बड़ी संख्या में जाली भारतीय पहचान पत्र भी मिले हैं। इस कारवाई को वर्सोवा पुलिस की एंटी-टेरर सेल ने अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में 21 ट्रांसजेंडर, 2 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। ये सभी मुंबई के अंधेरी पश्चिम में स्थित यारी रोड इलाके में रह रहे थे। पुलिस को काफी समय से इस इलाके में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद यह कारवाई की गई। वर्सोवा पुलिस को एक मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली थी कि ये सभी लोग देर रात यारी रोड पर एक दरगाह के पास इकट्ठा होने वाले हैं। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस की एंटी-टेरर सेल (एटीसी) टीम ने योजना बनाकर इलाके में छापा मारा और सभी 25 लोगों को हिरासत में ले लिया।

### कोलकाता के रास्ते मुंबई में की थी घुसपैठ

शुरुआती जांच में पता चला है कि ये सभी आरोपी बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। वे सबसे पहले कोलकाता पहुंचे और फिर वहां से दिल्ली और गुजरात होते हुए मुंबई आए। मुंबई पहुंचने के बाद इन लोगों ने जाली तरीके से आधार कार्ड और दूसरे भारतीय दस्तावेज भी बनवा लिए थे।

### पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इन लोगों के जाली दस्तावेज बनवाने में किसने मदद की। पुलिस उस पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है जो अवैध अप्रवासियों को भारत में बसाने और उनके फर्जी कागज तैयार करने में शामिल है। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन सभी को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, शहर में अवैध रूप से रह रहे अन्य विदेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के बाकी सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

## केमिकल धमाके में बुरी तरह झुलसे बच्चे की मौत 17 फरवरी से लड़ रहा था जिंदगी के लिए जंग

कोलकाता, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के भांगर इलाके में केमिकल से भरे ड्रम में धमाका हुआ था। धमाके की चपेट में आने से नौ साल का एक लड़का बुरी तरह झुलस गया था। आज अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान खारीगाछी गांव के सादिकुल अहमद के तौर पर हुई है। वह 17 फरवरी को सड़क की मरम्मत के काम में इस्तेमाल होने वाले केमिकल से भरे ड्रम में धमाका होने के बाद से जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब चार बच्चे मध्य खारीगाछी गांव में सड़क किनारे खेल रहे थे। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों को पहले एक प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, और बाद में हालत बिगड़ने पर एम.आर.बांगुर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि बच्चे ने सुबह करीब 5:55 बजे दम तोड़ दिया, और दो अन्य घायल बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# उत्तर प्रदेश में बीएसपी के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के आवास और प्रतिष्ठानों पर आईटी विभाग का छापा



लखनऊ, 25 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बसपा के इकलौते विधायक के उमाशंकर सिंह के आवास और प्रतिष्ठानों पर बुधवार को इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने छापा मारा। कैंसर से पीड़ित उमाशंकर सिंह बलिया के रसड़ा से लगातार तीसरी बार विधायक हैं। लखनऊ में तीन दर्जन से ज्यादा अधिकारियों और पुलिस फोर्स के साथ इनकम टैक्स की टीमों ने गोमती नगर में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के आवास पर छापा मारा है।

आवास और कार्यालय पर इनकम टैक्स विभाग की बड़ी छापेमारी में 50 से अधिक अधिकारियों की टीम दस्तावेजों की जांच में जुटी हैं। आयकर विभाग ने यह छापेमारी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित आवास के साथ-साथ बलिया समेत अन्य स्थानों पर भी की है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब सात बजे तीन गाड़ियों से आयकर टीम उनके घर पहुंची और दस्तावेजों व रिकार्ड की जांच शुरू कर दी। इस दौरान घर में आने-जाने पर रोक लगा दी गई।

टीम ने कुछ दस्तावेज अपने कब्जे में भी लिए हैं। उमाशंकर सिंह बलिया जिले की रसड़ा विधानसभा सीट से 2022 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। वह गंभीर रूप से कैंसर से पीड़ित हैं और लखनऊ स्थित आवास पर रहकर इलाज करा रहे हैं। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले वर्ष विजिलेंस विभाग ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों में जांच शुरू की थी। हालांकि, आयकर विभाग की इस ताजा कार्रवाई का उस जांच से कोई संबंध है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

### बलिया में भी छापेमारी

उमाशंकर सिंह के आवास पर आयकर विभाग के अफसर बुधवार सुबह कई गाड़ियों से पहुंचे। बलिया पुलिस भी साथ है। टीम ने विधायक के आवास को घेर लिया है। आने-जाने पर रोक लगा दी है। अफसर फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग वित्तीय लेन-देन और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहा है। हालांकि, विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बसपा विधायक के बलिया स्थित प्लांट के अंदर भी ईडी व पुलिस पहुंची हैं, हालांकि बाहर से गेट बंद कर दिया गया है। किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा।

# अमेरिका में बर्फीला तूफान : 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका



वॉशिंगटन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं।

सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी।

बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया।

हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे।

वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्रॉडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नॉरईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई।

नॉरईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है।

इसे नॉरईस्टर इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें हवाएं आमतौर पर उत्तर-पूर्व (नॉर्थ-ईस्ट) दिशा से चलती हैं।

## मां बोली-इंजेक्शन लगाते ही कोमा में गई बेटी, मौत

कोरबा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान 13 महीने के बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला जिला अस्पताल पुलिस चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, संजू केवट परिवार के साथ बरमपुर बस्ती रहता है। सर्दी-खांसी की शिकायत पर 4 दिन पहले वह बेटी वानिया को अस्पताल में लेकर पहुंचा था। बच्ची की मां का कहना है कि एडमिट करने के बाद वानिया को इंजेक्शन लगाया गया और वह कोमा में चली गई। इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। मौजूद स्टाफ कैनुला लगा नहीं पा रहे थे।

यह भी आरोप है कि स्टाफ नर्स और डॉक्टर से व्हाट्सऐप पर काउंसलिंग कर रहे थे।

# त्रिपक्षीय वार्ता से पहले अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल



## जेलेंस्की ने की पुष्टि

कीव, 25 फरवरी (एजेंसियां)। जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

अमेरिका की शांति पहल के तहत इस वर्ष रूस और यूक्रेन के बीच अबू धाबी और जिनेवा में वार्ता हो चुकी है। लेकिन दोनों देशों के बीच मुख्य मतभेदों को दूर करने में अब तक कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई है। रूस का अपने पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

जेलेंस्की ने कहा कि गुरुवार की बैठक में युद्ध के बाद यूक्रेन के पुनर्निर्माण की संभावित योजना पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही मॉस्को के अधिकारियों के साथ होने वाली आगामी त्रिपक्षीय बैठक की तैयारी पर भी बात होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने उमेरोव को कैदियों की संभावित अदला-बदली पर चर्चा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन चाहता है कि रूस के साथ वार्ता अगले सप्ताह हो।

इससे पहले मंगलवार को जेलेंस्की ने एक कार्यक्रम में कहा कि रूस अपनी बड़ी सेना तथा नागरिक इलाकों पर भारी बमबारी के बावजूद यूक्रेन को हरा नहीं पाया है और न ही यूक्रेन की भावना को तोड़ पाया है।

इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने बताया कि पूर्वी इलाकों में करीब 1,250 किलोमीटर लंबी फ्रंट लाइन के कुछ हिस्सों पर हाल के महीनों में यूक्रेनी बलों ने रूसी सेना को पीछे धकेला है। वाशिंगटन स्थित इस शोध संस्थान ने कहा कि ये वर्ष 2024 के बाद की सबसे बड़ी बढ़त है। लेकिन सैनिकों की कमी के कारण इनके बड़े हमलों में बदलने की संभावना कम है। फिर भी, इससे रूस की वसंत और ग्रीष्मकालीन आक्रमण की योजना में बाधा आ सकती है। यूक्रेन ने लगभग हर रात रूस के भीतर सैन्य और सहयोगी ढांचे पर लंबी दूरी के ड्रोन हमले जारी रखे हैं।

# नॉर्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की

## एपस्टीन फाइल में नाम आया था, भ्रष्टाचार केस में 10 साल जेल हो सकती है

ओस्लो, 25 फरवरी (एजेंसियां)। नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई।

कुछ खबरों में दावा किया गया कि नॉर्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है।

उनके वकील की फर्म एल्डेन लॉ फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है।

नॉर्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पॉल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रॉपर्टी की तलाशी ली गई।

एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे।

तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी।

**जगलैंड ने कहा था- एपस्टीन से रिश्ता गलत फैसला था**

जगलैंड 1996-1997 के बीच नॉर्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की



मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं।

जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए।

**कई बार एपस्टीन के घर गए थे जगलैंड**

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयॉर्क और पाम बीच वाली प्रॉपर्टी पर गए थे।

यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था।

दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शॉट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था।

हालांकि जांच एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि जगलैंड का नाम एपस्टीन के यौन अपराधों से नहीं जुड़ा है। जांच सिर्फ इस बात पर हो रही है कि क्या उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करके कोई गलत फायदा मिला।

# ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर

## रिकॉर्ड मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन

मिनास गेरैस, 25 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई।

अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में 'स्टेट ऑफ कैलैमिटी' घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है।



सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थायी शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है। मेयर ने तीन दिन का शोक घोषित किया है।

स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि यह फरवरी शहर के इतिहास की सबसे ज्यादा बारिश वाली रही है। राष्ट्रीय मौसम विभाग ने मिनास गेरैस और रियो डी जेनेरियो समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

पिछले साल रियो ग्रांडे दो सुल में ऐसी ही आपदा में करीब 200 लोगों की मौत हुई थी।

## बच्चा चोरी के अफवाह में तीन महिलाओं की पिटाई

धनबाद, 25 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद में बुधवार को बच्चा चोरी की अफवाह पर भीड़ का गुस्सा सामने आया। ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निछानी पुल के पास तीन महिलाओं को बच्चा चोर समझकर पीटा गया। इस दौरान पुलिस की गाड़ी पर भी चप्पल और जूते फेंके गए। यह घटना ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निछानी पुल के पास हुई। बच्चा चोरी की अफवाह फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने तीन महिलाओं को पकड़ लिया और उनके साथ लात-घूंसों व जूतों से मारपीट की। पीटने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वाहन पर भी चप्पल और जूते फेंके। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तीनों महिलाओं को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला और थाने ले गई।

# ताइवान से मात्र 110 किमी दूर मिसाइल तैनात करेगा जापान

टोक्यो, 25 फरवरी (एजेंसियां)। चीन से लगातार मिल रही धमकियों के बीच जापान ने बड़ा ऐलान किया है। जापान अपने योनागुनी द्वीप पर सतह से हवा मे मार करने वाली मिसाइलों को तैनात करेगा। यह द्वीप ताइवान की सीमा से मात्र 110 किमी दूर है। जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजूमी ने मंगलवार को ऐलान किया कि मार्च 2031 तक इन मिसाइलों की तैनाती कर दी जाएगी। ऐसा पहली बार हुआ है जब जापान ने खुलकर बता दिया है कि वह इस तरह की मिसाइलों की तैनाती ताइवान के पास कब करेगा। जापान के इस कदम पर अब चीन बुरी तरह से भड़क सकता है। इससे पहले चीन ने जापानी पीएम के बयान के बाद तीखा जुबानी हमला बोला था। जापानी रक्षा मंत्री ने कहा कि इन मिसाइलों की तैनाती योनागुनी द्वीप पर जरूरी सुविधाओं के निर्माण पर निर्भर करेगा।

जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजूमी ने कहा, 'हम साल 2030 के वित्त वर्ष तक मिसाइल तैनात करने की योजना बना रहे हैं।' इस मिसाइल केंद्र को द्वीप के पूर्वी इलाके में बनाया जायगा। यहीं पर जापान की जमीनी सेना का बेस पहले से मौजूद है। बता दें कि चीन का दावा है कि ताइवान उसका अभिन्न हिस्सा है और वह इसका फिर से अपने देश से एकीकरण करेगा। जापान का यह योनागुनी द्वीप साफ दिनों में ताइवान के तट से दिखाई देता है। जापान और चीन के बीच पिछले साल नवंबर महीने से ही तनाव चरम पर पहुंचता दिख रहा है। उस समय जापान की पीएम सनाई ताकैची ने कहा था कि अगर ताइवान पर हमला होता है तो जापानी अपनी सेना को सक्रिय कर देगा।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई

## गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

वॉशिंगटन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा



सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया।

ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।

ट्रम्प के भाषण की 6 बड़ी बातें

ईरान को चेतावनीः ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**भारत- पाकिस्तान संघर्ष पर दावाः** ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं।

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

# अवामी लीग के नेताओं की जमानत पर अदालत में वकीलों ने की बदसलूकी

## मानवाधिकार संगठन ने की कड़ी निंदा

ढाका, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है।

जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस. एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई।

संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए। कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है। और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। ये वकील बिना अपील या किसी सही प्रक्रिया को अपनाए जज पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे।

# नेपाल चुनाव: रैपर से नेता बने बालेन शाह पड़ रहे पुराने दिग्गजों पर भारी

## पीएम की रेस में सबसे आगे, भारत से है खास नाता

काठमांडू, 25 फरवरी (एजेंसियां)। नेपाल में बीते साल हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में केपी शर्मा ओली की सरकार गिरने के बाद चुनाव हो रहे हैं। नेपाल की अंतरिम सरकार 5 मार्च को आम चुनाव कराने जा रही है। नेपाल के इस चुनाव में जिन चेहरों ने ना सिर्फ देश बल्कि दुनिया का ध्यान खींचा है, उनमें एक अहम नाम बालेंद्र (बालेन) शाह का है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले और रैपर से नेता बने बालेन शाह को अगले पीएम के तौर पर देखा जा रहा है। कई पोल ये मानते हैं कि वह इस समय पीएम पद के लिए सबसे ज्यादा



लोकप्रिय हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, बालेन शाह ने बीते तीन साल में नेपाल की राजनीति में बहुत तेजी से पहचान बनाई है। साल 2022 में राजधानी काठमांडू के मेयर बनकर राजनीति में धमाकेदार तरीके से कदम रखने वाले शाह को 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव के बाद नेपाल के अगले प्रधानमंत्री बनने की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है।

नेपाल चुनाव पर बहुत भरोसेमंद ओपिनियन पोल नहीं आए हैं लेकिन चार पॉलिटिकल एनालिस्ट और लोकल मीडिया बालेन को पारंपरिक पॉलिटिकल एलीट को किनारे करते हुए प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे आगे बता रहे हैं। काठमांडू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बिपिन अधिकारी का कहना है कि बालेन शाह इतने पॉपुलर हैं कि काठमांडू को उनका शहर बताने वाले पोस्टर बसों पर दिखना आम बात है।

बिपिन का कहना है, 'अगर बालेन शाह सत्ता में आ जाते हैं तो यह उस आदमी के लिए बड़ी बढ़त होगी, जो रैप म्यूजिक से राजनीति में आया और अपनी पॉपुलैरिटी का इस्तेमाल करके सबसे ऊंचे पद तक पहुंचेगा।

# भारत और बांग्लादेश के बीच फिर शुरू हुई बस सर्विस

## तारिक रहमान ने पलटा मोहम्मद यूनुस का एक और फैसला

ढाका, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और बांग्लादेश के बीच एक बार फिर से बस सुविधा बहाल हो गई है। करीब 18 महीने के बाद अगरतला-ढाका-कोलकाता और कोलकाता-ढाका-अगरतला रूट पर इंटरनेशनल मैत्री बस सर्विस फिर से शुरू हो गई है। ये भारत और बांग्लादेश के बीच क्रॉस-बॉर्डर कनेक्टिविटी को फिर से शुरू करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रिपोर्ट के मुताबिक बस सुविधा शुरू होने के पहले दिन मैत्री बस कोलकाता से निकली और ढाका होते हुए अगरतला में अखौरा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर पहुंची। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच के संबंध लगातार सुधर रहे हैं और पिछले




हफ्ते ही दोनों देशों के बीच वीजा सर्विस फिर से बहाल हो गई है।

बस सर्विस का बहाल होना दोनों देशों के बीच सुधरते संबंध का उदाहरण है। मीडिया से बात करते हुए पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि इस रूट के फिर से खुलने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच टूरिज्म, व्यापार और कल्चरल लेन-देन को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बेहतर सिक्योरिटी और आसान बातचीत से लोगों के बीच रिश्ते और गहरे होंगे। पर्यटन मंत्री ने बेहतर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की अहमियत पर भी जोर दिया और कहा कि रेल लिंक के साथ इंटीग्रेशन और सबरूम में मैत्री ब्रिज का बेहतर इस्तेमाल, साथ ही पोर्ट तक बेहतर पहुंच से नॉर्थईस्ट की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा और बिजनेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। पहले दिन कोलकाता से 18 यात्रियों ने सफर किया। दोनों देशों के बीच करीब डेढ़ साल पहले बस सर्विस बंद कर दी गई थी। मोहम्मद यूनुस ने बस सुविधा बंद करने का फैसला लिया था। लेकिन बस सर्विस शुरू होने के बाद स्टेकहोल्डर्स को नई इकॉनमिक एक्टिविटी और ज्यादा क्रॉस-बॉर्डर एंगेजमेंट की उम्मीद है।

# कब है छोटी होली?
## होलिका दहन और धुलेंडी की सही तारीख

### मार्च पूर्णिमा : तारीख और समय

पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ – 2 मार्च दिन सोमवार, शाम 5 बजकर 55 मिनट तक
पूर्णिमा तिथि समाप्त – 3 मार्च दिन मंगलवार, शाम 5 बजकर 07 मिनट तक
होलिका दहन के लिए प्रदोषकाल-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा का दिन सबसे अच्छा माना जाता है, जब भद्रा ना हो. ऐसे में 3 मार्च को 5 बजकर 07 मिनट तक ही पूर्णिमा तिथि है लेकिन 2 मार्च को प्रदोषकाल-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा है. ऐसे में 2 मार्च दिन सोमवार को होलिका दहन करना बेहद शुभ है.



होलिका दहन को ही छोटी होली कहा जाता है, जो रंगों वाली होली या धुलेंडी से एक रात पहले फाल्गुन पूर्णिमा की शाम को मनाई जाती है. छोटी होली हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है और यह दिन बड़ी खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है. यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. इस पावन दिन पर भक्त भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और शाम को होलिका दहन करके पूजा अर्चना की जाती है और परिजन व प्रियजनों को होली की शुभकामनाएं देते हैं. इस साल लोग होलिका दहन की तारीख को लेकर काफी उलझन बनी हुई है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम आज आपकी यह उलझन दूर करेंगे.

**3 मार्च को चंद्र ग्रहण**

कई जगहों पर 3 मार्च को भी होलिका दहन किया जाएगा लेकिन इस दिन चंद्र ग्रहण भी है. चंद्र ग्रहण दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट पर आरंभ हो जाएगा और शाम में 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण समाप्त होगा. वहीं उससे पहले ही पूर्णिमा तिथि का समापन भी हो जाएगा.

### 3 मार्च को चंद्र ग्रहण

कई जगहों पर 3 मार्च को भी होलिका दहन किया जाएगा लेकिन इस दिन चंद्र ग्रहण भी है. चंद्र ग्रहण दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट पर आरंभ हो जाएगा और शाम में 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण समाप्त होगा. वहीं उससे पहले ही पूर्णिमा तिथि का समापन भी हो जाएगा.

**इसलिए मनाया जाता है होली का पर्व**

छोटी होली का हिंदू धर्म में बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है. हिंदू मान्यताओं के अनुसार, हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को अग्नि से ना जलने का वरदान मिला था. लेकिन होलिका आग में जल गई, जबकि उसका भतीजा प्रह्लाद, जो भगवान विष्णु का परम भक्त था, ईश्वर की कृपा से बच गया. यह दिन सभी बुरी शक्तियों को जलाने के लिए सबसे शुभ माना जाता है. इस दिन को होलिका दहन के रूप में भी मनाया जाता है, जिसमें शाम को जगह-जगह अग्नि जलाई जाती है. लोग वहां पूजा करते हैं और फिर होलिका दहन करते हैं. जैसा कि हमने पहले ही बताया है कि होलिका दहन या तो 2 मार्च को बिना पूर्णिमा तिथि के किया जा सकता है या फिर 3 मार्च की सुबह 5 बजकर 30 मिनट से 6 बजकर 23 मिनट के बीच मनाया जा सकता है. 2 मार्च को मथुरा-वृंदावन समेत पूरे ब्रज में होलिका दहन यानी होली का पर्व मनाया जाएगा. वहीं रंगों वाली होली चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को खेली जाती है और इस बार यह शुभ तिथि 4 मार्च को है.

### होलिका दहन कब है ?छोटी होली पर भद्रा काल

भद्रा काल प्रारंभ – 2 मार्च दिन सोमवार, शाम 5 बजकर 58 मिनट से
भद्रा काल समाप्त – 3 मार्च दिन मंगलवार, सुबह 5 बजकर 30 मिनट तक
2 मार्च को भद्रा मुख मध्यरात्रि 2 बजकर 38 मिनट से सुबह में 4 बजकर 34 मिनट तक रहेगा. ऐसे में 2 मार्च को ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा.

**होलिका दहन पूजा विधि**

ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, होली आमतौर पर फरवरी या मार्च में फाल्गुन माह में मनाई जाती है. होलिका दहन भद्रा काल में नहीं करना चाहिए. लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर पूजा करते हैं. यह पावन अग्नि सभी बुरी शक्तियों के जलने का प्रतीक है, जैसे कि होलिका. लोग भगवान विष्णु की सच्ची श्रद्धा से पूजा करते हैं और अग्नि के चारों ओर शक्तिशाली मंत्रों का जाप करते हैं. इस अग्नि में सूखा नारियल, लौंग, काली मिर्च, कपूर, हरी इलायची, हवन सामग्री, पीली सरसों, कमल गट्टा, अक्षत और अन्य पवित्र वस्तुएं अर्पित की जाती हैं. छोटी होली पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है और लोग अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों के साथ होलिका दहन में शामिल होते हैं और अग्नि की परिक्रमा करते हैं. यह दिन अच्छाई की बुराई पर जीत और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है.

# होली–नवरात्रि और हिंदू नववर्ष
## मार्च में आने वाले सभी व्रत और त्योहार



हिंदू धर्म की परंपराओं और पंचांग के अनुसार मार्च का महीना आध्यात्मिक रूप से बेहद खास माना जाता है. जैसे ही फरवरी समाप्त होती है, वैसे ही मार्च माह अपने साथ कई धार्मिक पर्व, व्रत और पूजन के शुभ अवसर लेकर आता है. यह समय श्रद्धा और भक्ति से सराबोर होता है, जब घर-घर में पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का माहौल बनता है. इसी अवधि में फाल्गुन मास का समापन होता है और चैत्र मास की शुरुआत का संकेत मिलने लगता है. मौसम में बदलाव के साथ-साथ यह काल आध्यात्मिक ऊर्जा से भी भरपूर माना जाता है. मान्यता है कि इस समय किए गए जप, तप, दान और व्रत का विशेष फल प्राप्त होता है. धार्मिक दृष्टि से यह अवधि साधना, उपवास और भगवान की आराधना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है, इसलिए भक्तजन इस पूरे समय को पुण्य अर्जित करने और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर मानते हैं.

चैत्र माह हिंदू कैलेंडर का पहला महीना होता है. इस माह में कई प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं, जैसे- प्रदोष भगवान शिव की पूजा का दिन होता है जबकि मार्च के महीने में होली भी मनाई जाती है, जो खुशी और प्रेम का प्रतीक है. इस महीने में पापमोचनी एकादशी भी होती है, जिसे भगवान विष्णु के आशीर्वाद के लिए मनाया जाता है. चैत्र माह के दौरान दान-पुण्य करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है. वहीं चैत्र नवरात्रि के 9 दिन मां दुर्गा अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए धरती पर आती हैं.

मार्च 2026 में पड़ने वाले व्रत और त्योहार

**1 मार्च 2026, रविवार- प्रदोष व्रत**
2 मार्च 2026, सोमवार- फाल्गुन चौमासी चौदस
3 मार्च 2026, मंगलवार- होलिका दहन (छोटा होली), वसंत पूर्णिमा व्रत, चंद्र ग्रहण, फाल्गुन पूर्णिमा
4 मार्च 2026, बुधवार- होली, चैत्र महीने का आरंभ हिंदू धर्म का नया साल आरंभ
5 मार्च 2026, गुरुवार- भाई दूज
6 मार्च 2026, शुक्रवार- भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी
8 मार्च 2026, रविवार- रंग पंचमी
10 मार्च 2026, मंगलवार- शीतला सप्तमी
11 मार्च 2026, बुधवार- शीतला अष्टमी, बसोड़ा, कालाष्टमी और कृष्ण जन्माष्टमी (मासिक)
15 मार्च 2026, रविवार- कृष्ण नृसिंह द्वादशी, पापमोचिनी एकादशी, मीन संक्रांति
16 मार्च 2026, सोमवार- प्रदोष व्रत
17 मार्च 2026, मंगलवार- मासिक शिवरात्रि
18 मार्च 2026, बुधवार- दर्श अमावस्या
19 मार्च 2026, गुरुवार- युगादी, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि आरंभ
20 मार्च 2026, शुक्रवार- झूलेलाल जयंती, चंद्र दर्शन
21 मार्च 2026, शनिवार- मत्स्य जयंती, गौरी पूजा, गणगौर
22 मार्च 2026, रविवार- वासुदेव चतुर्थी
23 मार्च 2026, सोमवार- लक्ष्मी पंचमी, मासिक कार्तिगाई
24 मार्च 2026, मंगलवार- संकन्द षष्ठी, रोहिणी व्रत, यमुना छठ
26 मार्च 2026, गुरुवार- राम नवमी, महातारा जयंती, अशोक अष्टमी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी
27 मार्च 2026, शुक्रवार- राम नवमी (इस्कॉन), स्वामीनारायण जयंती
29 मार्च 2026, रविवार- कामदा एकादशी, वामन द्वादशी
30 मार्च 2026, सोमवार- प्रदोष व्रत (शुक्ल)
31 मार्च 2026, मंगलवार- महावीर जयंती

# चंद्रग्रहण के समय गर्भवती महिलाएं रहें सावधान!



3 मार्च 2026 को साल का पहला चंद्रग्रहण लगने वाला है। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा और यहां सूतक काल भी मान्य रहेगा, इसलिए धर्म और परंपरा के अनुसार इस समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी माना जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पंडित आनंद भारद्वाज ने कहा कि ग्रहण का समय सामान्य दिनों जैसा नहीं होता। मान्यता है कि इस दौरान वातावरण में नकारात्मकता बढ़ जाती है, खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को अधिक सतर्क रहने की सलाह दी जाती है क्योंकि इसका प्रभाव गर्भ में पल रहे शिशु पर पड़ सकता है। आचार्य के अनुसार, ग्रहण के समय चंद्र की किरणों को शुभ नहीं माना जाता, इसलिए गर्भवती महिलाओं को इस दौरान सीधे चंद्र की रोशनी में जाने से बचना चाहिए। साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से भी परहेज करना बेहतर माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस समय शांत रहकर भगवान का स्मरण करना, सकारात्मक विचार रखना और सावधानी बरतना लाभकारी होता है।

पंचांग के अनुसार, तीन मार्च को चंद्रग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। ग्रहण समाप्ति से 12 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक के दौरान शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं और मंदिरों के पट बंद रखे जाते हैं। ज्योतिषाचार्य ने सलाह दी कि सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक बुजुर्ग और मरीज भोजन कर सकते हैं लेकिन दिन और शाम के समय संयम रखकर भजन-पूजन करना उचित रहेगा।

गर्भवती महिलाएं ग्रहण के दौरान क्या न करें?

उन्होंने कहा कि इस अवधि में भोजन पकाना और खाना गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक हो सकता है क्योंकि ग्रहण के असर से खाद्य पदार्थ दूषित हो सकते हैं, इसलिए ग्रहण काल में उपवास रखें और ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान कर ही भोजन करें। इतना ही नहीं, आचार्य ने चेताया कि इस समय नुकीली वस्तुओं जैसे सुई, चाकू, कैंची आदि से दूर रहना चाहिए। मान्यता है कि इन वस्तुओं का उपयोग गर्भस्थ शिशु को शारीरिक दोष पहुंचा सकता है। साथ ही उन्होंने सिलाई-बुनाई जैसे कार्यों से परहेज की बात कही है।

**चंद्रग्रहण के दौरान करें ये उपाय**

हालांकि सिर्फ सावधानी ही नहीं कुछ धार्मिक उपायों को करने से भी नकारात्मक प्रभावों से बचा जा सकता है।

जैसे कि इस दौरान इष्टदेव के मंत्रों का जाप, खासकर चंद्रदेव के मंत्रों का उच्चारण सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। एक अनोखे उपाय के तौर पर आचार्य ने बताया कि गर्भवती महिला को अपनी लंबाई के बराबर एक धागा लेकर घर के किसी एक स्थान पर रखना चाहिए और ग्रहण खत्म होने पर उसे बहते जल में प्रवाहित कर देना चाहिए। इससे ग्रहण का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाता है।

# बैराज माता मंदिर का महाभारत काल से नाता

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित बैराड़ गांव को प्राचीन काल से राजा विराट की नगरी के रूप में जाना जाता है। लोक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत काल में पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय इसी क्षेत्र में बिताया था। इसी ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व से जुड़ा है बैराड़ का प्रसिद्ध बैराज माता मंदिर, जिसे क्षेत्र का सबसे प्राचीन और शक्तिपीठ मंदिर माना जाता है। ग्रामीणों और भक्तों का कहना है कि महाभारत काल के दौरान पांडवों ने यहां आकर माता बैराज की पूजा-अर्चना की थी। तभी से यह स्थान आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। नवरात्रि और विशेष पर्वों पर यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। भक्तों का विश्वास है कि जो भी सच्चे मन से यहां मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

माना जाता है कि प्राचीन समय में बैराज माता की प्रतिमा एक साधारण झोपड़ी में स्थापित थी। समय के साथ ग्रामीणों ने सोचा कि माता का भव्य मंदिर बनाया जाए। इसके लिए जब झोपड़ी पर पत्थर की पट्टियां चढ़ाने का प्रयास किया गया, तो एक अद्भुत घटना सामने आई। ग्रामीण दिनभर में पत्थर की पट्टियां लगाते थे लेकिन अगली सुबह जब लौटकर देखते, तो वे पट्टियां नीचे जमीन पर रखी हुई मिलती थीं। यह क्रम कई दिनों तक चलता रहा। इस घटना से ग्रामीण चिंतित और परेशान हो गए। तभी वहां एक महंत पहुंचे। उन्होंने माता से प्रार्थना की कि यदि किसी प्रकार की भूल हो रही हो, तो क्षमा करें और शीघ्र ही आपकी इच्छा अनुसार मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद जिस स्थान पर



माता की प्रतिमा स्थापित थी, उसी पवित्र स्थान पर विधि-विधान से मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया गया। कहा जाता है कि इसके बाद कोई बाधा नहीं आई और मंदिर का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

**राजाराम जी महाराज का योगदान**

स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर के पुनर्निर्माण और भव्य स्वरूप देने में राजाराम जी महाराज का विशेष योगदान रहा। वह उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के निवासी बताए जाते हैं और शिवपुरी क्षेत्र में आकर उन्होंने लोगों के सहयोग से मंदिर के विकास का कार्य आगे बढ़ाया। उनकी प्रेरणा से मंदिर को संगठित रूप मिला और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई। आज बैराज माता मंदिर बैराड़ गांव ही नहीं बल्कि पूरे शिवपुरी जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। बैराड़ का यह प्राचीन शक्तिपीठ इतिहास, लोककथाओं और आस्था का अद्भुत संगम है। महाभारत काल से जुड़ी मान्यताएं, झोपड़ी से मंदिर बनने का रहस्य और संतों का योगदान, ये सभी बातें इस स्थान को विशेष बनाती हैं। बैराज माता मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के लिए विश्वास और शक्ति का प्रतीक बना हुआ है।

**आस्था का प्रमुख केंद्र**

आज बैराज माता मंदिर बैराड़ गांव ही नहीं बल्कि पूरे शिवपुरी जिले और आसपास के क्षेत्रों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। बैराड़ का यह प्राचीन शक्तिपीठ इतिहास, लोककथाओं और आस्था का अद्भुत संगम है। महाभारत काल से जुड़ी मान्यताएं, झोपड़ी से मंदिर बनने का रहस्य और संतों का योगदान, ये सभी बातें इस स्थान को विशेष बनाती हैं। बैराज माता मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के लिए विश्वास और शक्ति का प्रतीक बना हुआ है।

## दु:ख की समझ का नाम ही दु:ख का मिटना है

दुनिया में हमारा इरादा कई चीजें कमाने का होता है। धन, पद, प्रतिष्ठा, सुख, परिवार- ये सब कमाई के हिस्से हैं। लेकिन दो और चीजें भी हमारी कमाई बन जाती हैं- सुख और दुःख। सुख कमाना तो समझ में आता है पर लोग दुःख भी कमाते हैं। न चाहते हुए भी कमाते हैं। फिर जब दुःख जीवन में आ जाता है, तो उसको मिटाने के लिए बावले हो जाते हैं। देखिए, दुःख बांट सकते हैं, दुःख को मोड़ सकते हैं, पर दुःख मिटता नहीं है।

एक तो पक्का आएगा और आएगा तो मिटेगा नहीं। दुःख की समझ का नाम ही दुःख का मिटना है। दुःख को समझें। दो ऐसे पात्र हैं, जिन्होंने सुख-दुःख को स्वेच्छा से अपने जीवन में उतारा। केकैयी ने सुख पाने के लिए इतना बड़ा षड्यंत्र किया कि वही उसके लिए दुःख बन गया। बीच में थी- मंथरा।

एक हैं कुंती। कुंती ने कृष्ण जी से दुःख ही मांगा था, लेकिन योग्य पुत्रों का इतना बड़ा सुख कृष्ण ने उनको दिया। तो हम जब भी सुख-दुःख की तलाश में निकलें तो यह जरूर ध्यान रखें कि हमारे जीवन में मंथरा की भूमिका है या कृष्ण की।

## हमारे पास जो कुछ है, उसे पर्याप्त मानकर संतोष से रहना सीखें, क्योंकि संतोष के बिना सुख नहीं

जीवन में जो कुछ हमें मिला है, उसके लिए हमें आभार और श्रद्धा रखनी चाहिए। हमारे पास जो कुछ है, उसे पर्याप्त मानकर संतोष से रहना सीखें। बिना संतोष के सुख नहीं मिलता। संतुष्टो येन केनचित का अर्थ है- जो भी उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट रहना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं कि हम आगे बढ़ने की इच्छा छोड़ दें। जीवन में प्रगति, उन्नति और बेहतर भविष्य के लिए सपने और लक्ष्य जरूरी हैं। लक्ष्यों के लिए हमें मेहनत करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन जो हमें मिला है उसका भी सम्मान करें।

# बिहार का काशी! जहां शिव का वास, राम–सीता ने की पूजा

सोमेश्वर महादेव एक प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर के विषय में शिव पुराण और वराह पुराण में भी चर्चा की गई है। सोमेश्वर नाथ मंदिर को पंचमुखी महादेव मंदिर भी कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां के प्रतिष्ठित शिव लिंग में भगवान शिव के पांच मुख हैं। जो सद्योजात, वामदेव, तत्पुरुष, अघोर और ईशान के रूप में विद्यमान हैं।

इस मंदिर के प्रांगण में एक बड़ा सरोवर है। इस सरोवर को लोग माता पार्वती का सरोवर मानते हैं। कुछ लोग इस सरोवर के विषय में एक दंत कथा सुनाते हैं और बताते हैं कि माता पार्वती इसी सरोवर के पास भगवान



शिव के लिए भांग पीसती थीं, जिस कारण सरोवर के जल का रंग बदलता रहता है और जल चढ़ाने पर तीन रंगों में नजर आता है।

इस तस्वीर में पीले रंग की मंदिर मां पार्वती की है और दूसरी तरफ भगवान भोलेनाथ की मंदिर है। दोनों मंदिरों के बीच एक गठबंधन नजर आ रहा है और ऐसी मान्यता है कि भगवान राम और माता सीता ने हीं इस गठबंधन प्रथा को शुरू किया था। दरअसल, ऐसा माना जाता है कि विवाहोपरांत जनकपुर से अयोध्या जाने के क्रम में भगवान राम और माता सीता ने यहां भोलेनाथ की पूजा की और भगवती सीता ने मां पार्वती को सिंदूर अर्पण कर अखंड सुहाग की कामना की। अंत में प्रभु राम और माता सीता ने दोनों मंदिरों का गठबंधन कराया। तभी से ये प्रचलन आज भी चल रहा है, आज भी यहां वर -वधु विवाहोपरांत आते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं, साथ हीं साथ दोनों मंदिरों का गठबंधन भी कराते हैं।

सोमेश्वर महादेव अरेराज के मंदिर में रोज भारी भीड़ इकट्ठा होती है। यहां शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए लंबी कतार लगती है। यहां बस जिले से हीं नहीं बल्कि अलग - अलग राज्यों शिव भक्त गंगा जल लेके जल चढ़ाने आते हैं।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 26 फरवरी - 2026

# विमान सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न

झारखंड के चतरा जिले के घने जंगलों में सोमवार को हुए एयर एंबुलेंस के हादसे ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। सात लोगों की मौत केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह उन सवालों की पुनरावृत्ति है जो पिछले कुछ समय से लगातार उठ रहे हैं। क्या हमारी विमान सेवाएं पहले जितनी सुरक्षित हैं? क्या तकनीकी मानकों से समझौता हो रहा है? और सबसे अहम, क्या यात्रियों की जान के साथ जोखिम बढ़ता जा रहा है? हाल के महीनों में विमान हादसों और तकनीकी खराबियों की घटनाएं चिंताजनक ढंग से बढ़ी हैं। कभी उड़ान के बाद तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को वापस उतारना पड़ता है, तो कभी हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ती है। यह सब तब हो रहा है जब विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित माध्यम माना जाता है, लेकिन अब लगातार ऐसी घटनाएं होने से भरोसा डगमगाने लगा है। हाल ही में जांच में कई विमानों में तकनीकी खामियां पाई गईं। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि क्या सुरक्षा जांच केवल औपचारिकता भर रह गई है? हर उड़ान से पहले विस्तृत तकनीकी परीक्षण अनिवार्य होता है। विमानों को तभी उड़ान की अनुमति दी जाती है जब वे हर मानक पर खरे उतरें। फिर आखिर उड़ान के दौरान ही खराबियां क्यों सामने आ रही हैं? क्या रखरखाव में लापरवाही है? या मुनाफे की होड़ सुरक्षा पर भारी पड़ रही है? माना कि कुछ सालों में हवाई यात्रा का तेजी से विस्तार हुआ है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ी है, एयर एंबुलेंस जैसी सेवाओं ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं। लेकिन विस्तार के साथ यदि सुरक्षा ढांचा मजबूत नहीं किया गया, तो यह विकास किस काम का? विमानन क्षेत्र में तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षित कर्मियों की उपलब्धता और नियमित ऑडिट अत्यंत आवश्यक हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि कई बार मौसम, दृश्यता या अप्रत्याशित परिस्थितियां हादसों का कारण बनती हैं। परंतु जब तकनीकी खराबी बार-बार सामने आती है, तो यह संकेत है कि सिस्टम में कहीं न कहीं भारी पोल है। जांच एजेंसियों को हादसे के बाद सक्रिय होने के बजाय, रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा ऑडिट को पारदर्शी बनाया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों और कंपनियों की जवाबदेही तय हो, और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो। जब कोई परिवार अपने सदस्य को विमान में बैठाता है, तो उसके मन में यह विश्वास होता है कि वह सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचेगा। यदि यह भरोसा कमजोर होता है, तो इसका असर केवल विमानन उद्योग पर ही नहीं, बल्कि पूरे देश की छवि और आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को चाहिए कि वे विमान सुरक्षा के हर पहलू की व्यापक समीक्षा करें। पुराने विमानों की फिटनेस, पायलटों और इंजीनियरों की प्रशिक्षण प्रक्रिया, एयर ट्रैफिक कंट्रोल की क्षमता और मेंटेनेंस मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप कड़ा बनाया जाए। आसमान में उड़ान भरना आधुनिक भारत की प्रगति का प्रतीक है, लेकिन यह प्रगति तभी सार्थक है जब वह सुरक्षित हो। झारखंड के चतरा की घटना केवल एक खबर नहीं, बल्कि चेतावनी है कि यदि अब भी सुधार के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 'जोखिम की उड़ान' हमारी नियति बन सकती है।

# युवाओं से वसूली, नौकरी में कंजूसी—किसका विकास?



प्रो. आरके जैन

उम्मीदों के आसमान तले खड़ा भारत आज एक कड़वी हकीकत से जूझ रहा है—युवा शक्ति होने के बावजूद युवा ही सबसे अधिक असुरक्षित और आक्रोशित है। आंखों में सपने, हाथों में डिग्रियां और मन में अटूट विश्वास लिए करोड़ों अभ्यर्थी सरकारी नौकरी को अपने भविष्य की अंतिम सीढ़ी मानते हैं। परंतु जब बेरोज़गारी भयावह रूप ले चुकी हो, तब यह सपना संघर्ष में बदल जाता है। ऐसे निर्णायक समय में आम आदमी पार्टी के नेता, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भर्ती व्यवस्था की उस अनदेखी सच्चाई पर प्रहार किया है, जिस पर अब तक चुप्पी साधी गई थी। उनका सीधा प्रश्न है—जब एक पद के लिए लाखों आवेदन लेकर भारी परीक्षा शुल्क वसूला जाता है, तो असफल अभ्यर्थियों की फीस वापस क्यों नहीं की जाती? यह मुद्दा अब केवल पैसों का नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशील शासन का प्रश्न बन गया है।

यह प्रश्न किसी एक दिन की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से भीतर ही भीतर धधक रहे युवाओं के आक्रोश की गूंज है। राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिए हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गई है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है। बाकी लाखों युवा असफलता का भार लेकर लौटते हैं। वे केवल परीक्षा नहीं हारते, बल्कि अपना समय, धन और आत्मविश्वास भी गंवा बैठते हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि कहीं यह व्यवस्था युवाओं की विवशता को राजस्व के स्रोत में तो नहीं बदल रही।

परीक्षा शुल्क का उद्देश्य आयोजन की लागत—प्रश्नपत्र निर्माण, केंद्र प्रबंधन, पर्यवेक्षक मानदेय और मूल्यांकन—को पूरा करना होना चाहिए। परंतु वास्तविकता में एकत्रित राशि अक्सर इन खर्चों से कहीं अधिक होती है। कई बार परीक्षाएं रद्द होती हैं, पेपर लीक होते हैं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, फिर भी अभ्यर्थियों को कोई राहत नहीं मिलती। मध्यम और निम्न वर्ग के छात्र परिवार की सीमित आय से यह शुल्क चुकाते हैं, जबकि कोचिंग, पुस्तकें, आवास और यात्रा का अतिरिक्त बोझ अलग होता है। जब अंततः परिणाम निराशा देता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की हार नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक पीड़ा बन जाती है। जब रोजगार के अवसर सीमित हों, तब संवेदनशील शासन की पहचान उसकी नीतियों से होती है। राघव चड्ढा का स्पष्ट मत है कि यदि सरकार पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम परीक्षा शुल्क को न्यूनतम रखा जाए या असफल अभ्यर्थियों को आंशिक रिफंड दिया जाए। उनका तर्क है कि प्रतियोगी परीक्षा सफलता की गारंटी नहीं देती, इसलिए शुल्क को रोजगार का प्रवेश-पत्र मानकर वसूलना न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह विचार सीधे युवाओं की भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। आज लाखों अभ्यर्थी वर्षों तक तैयारी करते हैं, कई बार आयु सीमा भी पार कर जाते हैं और अंततः निराश होकर निजी या अस्थायी कार्य की ओर मुड़ते हैं। उनके लिए परीक्षा शुल्क महज रकम नहीं, बल्कि भविष्य में किया गया निवेश होता है।

निस्संदेह, रिफंड व्यवस्था लागू करना सरल नहीं होगा। प्रशासनिक जटिलताएं, तकनीकी प्रबंधन और बजटीय प्रभाव जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। फिर भी समाधान संभव हैं। शुल्क को प्रतीकात्मक बनाया जा सकता है, एक पंजीकरण से कई परीक्षाओं में भागीदारी की सुविधा दी जा सकती है, या परीक्षा रद्द होने पर स्वतः रिफंड अनिवार्य किया जा सकता है।

डिजिटल भुगतान और सत्यापन प्रणालियों के इस दौर में पारदर्शिता सुनिश्चित करना असंभव नहीं है।

# कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु तक आतंक के तार



मनोज अग्रवाल

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में "फ्री कश्मीर" और "कश्मीर में जनसंहार बंद करो" जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।

जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए.

सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासीसब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की येह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैं कि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके। खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़े गए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम काईस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है । उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी और अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है। फिलहाल पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि उमर की वास्तविक भूमिका क्या थी और वह किन लोगोंके निर्देश पर काम कर रहा था।

दरअसल इन पोस्टर्स का उद्देश्य सोशल नैरेटिव को प्रभावित करना और भारत में अस्थिरता पैदा करना था.जांच एजेंसियां अभी यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इन आरोपियों का भारत के किसी स्थानीय मॉड्यूल या अन्य संगठनों से भी संपर्क था. शुरुआती इनपुट बताते हैं कि इस नेटवर्क में कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश जारी है. फिलहाल 8 संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ सुरक्षा एजेंसियां इसे भारत में सक्रिय एक बड़ी संगठित आतंकी साजिश का महत्वपूर्ण भंडाफोड़ मान रही हैं.वहीं सुरक्षा एजेंसियों को तमिलनाडु और कोलकाता में आतंकी के तार मिलने से हैरत है। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं) सम्पर्क**

# ताज की छाया में संस्कृति का विराट उत्सव



योगेश गोयल

यमुना के पावन तट पर स्थित धवल संगमरमर की वह अलौकिक कृति, जिसे दुनिया ताजमहल के नाम से जानती है, केवल ईंट-पत्थरों और नक्काशी का मेल नहीं है बल्कि भारतीय संवेदनाओं, स्थापत्य-कौशल और सौंदर्य-चेतना का एक शाश्वत महाकाव्य है। जब इस विश्वप्रसिद्ध स्मारक की शीतल और भव्य छाया में रंगों की चटक आभा, रागों की मधुर लहरियां और रसों की सजीव अनुभूति एक साथ साकार होती है, तब वह दृश्य 'ताज महोत्सव' के रूप में भारतीय संस्कृति का एक अनुपम और दैदीप्यमान उत्सव बन जाता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविध आत्माएं एक ही वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है।

सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्जा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के बांस-बेंत की कलाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है।

यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्जा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं। ताजमहल की मुगलई वास्तुकला की छाया में गूंजते शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक राग एक ऐसे सांगीतिक वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराता है। ब्रज के उल्लासपूर्ण लोकनृत्य, जिनमें होली की मस्ती और राधा-कृष्ण के प्रेम की महक होती है, कथक की भावप्रवण मुद्राएं, जिनमें इतिहास बोलता है और सूफी गायकी की वह रूहानी लहरियां, जो सीधे खुदा से संवाद करती प्रतीत होती हैं, दर्शकों को एक आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं। इस वर्ष के विशाल डिजिटल मुक्ताकाशीय मंच पर आधुनिकता का भी समावेश है, जहां नीरज श्रीधर की ऊर्जस्वित बॉलीवुड नाइट्स, कृष्णा-अभिषेक की हास्य-विनोद से भरपूर प्रस्तुतियां और सचिन-जिगर की सुरीली धुनों वाली समापन संध्या युवा ऊर्जा को एक नई चमक प्रदान करेगी। इसके साथ ही 'इंडियन ओशन' जैसे बैंड की फ्यूजन संगीत, अली ब्रदर्स की शुद्ध सूफियाना सुर-लहरियां और माधवाज बैंड की भक्तिमय संध्या इस महोत्सव को संगीत-प्रेमियों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव बना देने वाली हैं।

भारतीय उत्सव की आत्मा उसके स्वाद में बसती है और ताज महोत्सव इस मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां देशभर के उन पारंपरिक व्यंजनों का संसार सजता है, जो जीभ के स्वाद के साथ-साथ हमारी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का भी परिचय देते हैं। उत्तर प्रदेश के चटपटे आंचलिक व्यंजनों से लेकर दक्षिण भारत के कुरकुरे डोसे, राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा की सोंधी खुशबू, पंजाब की मलाईदार लस्सी, बंगाल की रसभरी मिठाइयां और कश्मीर के शाही वाजवान तक, हर स्वाद अपनी विशिष्ट पहचान के साथ यहां उपस्थित होता है। यह भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि भारत की उस सांस्कृतिक समृद्धि का सजीव प्रमाण है, जो सदियों के मेलजोल से विकसित हुई है। इसके साथ ही, यह आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आगरा के होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प बाजार और टूर गाइडों के चेहरों पर इस दौरान जो रौनक दिखाई देती है, वह पर्यटन उद्योग की गतिशीलता का प्रतीक है। हजारों की संख्या में आने वाले विदेशी पर्यटक जब भारतीय परिधानों को पहनकर, यहां की हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं के बीच समय बिताते हैं तो वे अपने साथ भारत की एक सुखद और गौरवशाली छवि लेकर स्वदेश लौटते हैं।आगरा स्वयं भी अपने आप में इतिहास और स्थापत्य का एक अनूठा संगम है। महाभारत काल में 'अग्रवन' के रूप में वर्णित यह नगर, जिसे कभी सिकंदर लोदी ने बसाया और बाद में मुगल सम्राटों अकबर, जहांगीर तथा शाहजहां ने अपनी राजधानी बनाकर विश्वपटल पर चमक दी।

# प्रखर राष्ट्रभक्त क्रांतिवीर विनायक दामोदर सावरकर



दीप चन्द भारद्वाज

विनायक दामोदर सावरकर एक प्रमुख भारतीय क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, कवि, वकील तथा प्रखर राष्टभक्त नेता थे। इनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागपुर गांव में मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। सावरकर बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी थे। स्कूली शिक्षा के दौरान ही उनका साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण हो गया था। दस वर्ष की आयु में ही उनकी कविताएं प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित होती थी। ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के उद्देश्य से सावरकर ने वर्ष 1899 में मात्र 16 वर्ष की आयु में मित्र मेला नामक संगठन का गठन किया था। बाद में संगठन का नाम बदलकर अभिनव भारत रख दिया गया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सावरकर लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक विपिन चंद्र जैसे कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं से प्रेरित थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में दाखिला लिया और कला स्नातक की डिग्री हासिल की इसके बाद वह कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड गए। इंग्लैंड जाकर भी इस राष्ट्रभक्त ने भारतीय छात्रों को स्वाधीनता हेतु प्रेरित किया और 1906 में फ्री इंडिया सोसाइटी की स्थापना की जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार को उखाड़ना था।



वर्ष 1909 में वीर सावरकर को मिंटो मार्ले रिफार्म के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में वारंट जारी किया गया। वर्ष 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा 50 वर्ष की जेल की कठोर सजा सुनाई गई। 4 जुलाई 1911 को सावरकर को अंडमान निकोबार द्वीप काला पानी सेल्यूलर जेल ले जाया गया। सत्ताइस वर्ष की आयु में सावरकर को दो बार काले पानी की सजा सुनाई गई थी। अंग्रेज सावरकर को दिनभर कोल्हू में बैल की जगह हांकते, तेल पिसवाते,रस्सी बंटवाते। इन समस्त यातनाओं को सहते हुए भी सावरकर जेल में कैदियों के भीतर राष्ट्र भक्ति की भावनाएं सुदृढ़ करते रहे। जेल की दीवारों पर इन्होंने कील और पत्थरों से 6000 राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत कविताएं लिख दी थी। भीषण अमानवीय यातनाओं के दौर को झेलते हुए वे जेल में बंद कैदियों को समझाते थे कि - धीरज रखो एक दिन आएगा जब यह जगह तीर्थ स्थल बन जाएगी। आज भले ही हमारा पूरे विश्व में मजाक बन रहा हो एक समय ऐसा होगा जब लोग कहेंगे देखो इन्हीं कल कोठरियों में हिंदुस्तानी कैदी बंद थे। उन्हीं कैदियों की यहां प्रतिमाएं होंग। ये कलम और दिमाग दोनों से अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारी थे। सावरकर पहले इतिहासकार थे जिन्होंने 1857 की लड़ाई को प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहा था। इन्होंने लंदन की लाइब्रेरी में दिन-रात लगाकर अंग्रेजों के एक के बाद एक दस्तावेज पढ़कर सच्चाई की तह तक जाकर सच्चाई को भारत वासियों के सम्मुख रखा था। सावरकर ने ही यह साबित किया था कि यह सैनिक विद्रोह नहीं प्रथम स्वाधीनता संग्राम था। उसने सभी अमर बलिदानियों की गाथा जन-जन तक पहुंचाई। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने भी सावरकर द्वारा रचित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 पुस्तक से प्रेरणा प्राप्त की। दुनिया में ऐसी कौन सी पुस्तक है जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित किया गया हो। अंग्रेज सावरकर की इस पुस्तक से इतनी भयभीत थे कि उन्होंने हर एक प्रयास किया ताकि यह पुस्तक भारत तक न पहुंच सके। और जब सावरकर द्वारा रचित यह पुस्तक क्रांतिकारियों में पहुंची तो क्रांति की ज्वाला में घी की आहुति पड़ गई। वर्ष 1924 में जेल से रिहा होने के बाद सावरकर समाज सुधार कार्य में लग गए। यह हिंदुत्व सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान के रूप में परिभाषित किया। सावरकर जातिवाद के घोर विरोधी थे। रत्नागिरी में इन्होंने पतित पावन मंदिर की स्थापना की और छुआछूत मिटाने का कार्य किया। इनका संपूर्ण जीवन भारतीय स्वाधीनता एवं हिंदुत्व को समर्पित रहा। सावरकर ने 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष बनकर हिंदुओं की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया था।

सावरकर को ओजस्वी वक्ता के रूप में भी जाना जाता है अपने समर्थकों पर उनकी अमिट छाप थी। सावरकर ने दृढ़ता पूर्वक यह कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और जो एक रक्त में बंधे हैं। इनका चिंतन था कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के आदर्श प्रत्येक भारतवासी के लिए वंदनीय हैं। सावरकर अपनी मातृभूमि को पुण्य भूमि मानते थे। उनका कहना था कि हिंदू वही है जो अपनी इस भूमि को पुण्य भूमि माने। वे हिंदुओं के सैन्यीकरण के पक्षधर थे। सावरकर ने अपनी युवावस्था भारतीय स्वाधीनता हेतु सेलुलर जेल की काल कोठरी में कठोर अमानवीय यातनाएं सहकर मृत्यु पर्यंत भारतीय हिंदू संस्कृति के उद्धार हेतु कार्य किया। 26 फरवरी 1966 को मुंबई में इस महान देशभक्त ने अंतिम श्वास ली। निडर स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदुत्व के सूत्रधार सावरकर का संपूर्ण जीवन मातृभूमि को समर्पित रहा।

# राष्ट्र की जीवनरेखा रेलवे



राम बाबू वाविलपल्ली

**गतांक से आगे...**

भारतीय रेलवे एक विशाल, बहु-चरणीय विस्तार परियोजना में लगी हुई है जिसका उद्देश्य "अनजुड़े को जोड़ना" है-विशेष रूप से सीमावर्ती, पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों को लक्षित करना है जहाँ ऐतिहासिक रूप से रेल अवसंरचना का अभाव रहा है। इसका लक्ष्य क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सामरिक एवं हर मौसम में चलने वाली कनेक्टिविटी का निर्माण करना है। 2030 तक उत्तर पूर्वी राज्यों की सभी राजधानियों को जोड़ने के लक्ष्य के साथ, मिजोरम, मणिपुर, सिक्किम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में कई परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। हाल ही में पूरा हुआ 272 किलोमीटर लंबा उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) एक राष्ट्रीय परियोजना है जो विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल (चेनाब ब्रिज) के माध्यम से कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ती है। हाल ही में पेश किए गए बजट में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी कॉरिडोर जिसे ₹चिकन नेक₹ के नाम से जाना जाता है से होकर गुजरने वाली 40 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड रेलवे सुरंग के निर्माण की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक परियोजना की घोषणा की गई। इस 6-लाइन परियोजना (4 सतही, 2 भूमिगत) का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत को महत्वपूर्ण और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना, रक्षा लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचे की मजबूती को बढ़ाना है।

आगे की चुनौतियाँ

राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के व्यापक लक्ष्य के साथ, भारतीय रेल ने 2030 तक 45% मॉडल शेयर का एक बड़ा लक्ष्य रखा है. हालांकि, अभी लगभग 27% शेयर को देखते हुए यह लक्ष्य बहुत चुनौतीपूर्ण है. सड़क परिवहन के विकास को रोकने के लिए एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और कंटेनर को लक्षित करते हुए, पारंपरिक बल्क से आगे कार्गो को डाइवर्सिफाई करने की कोशिशें सही दिशा में हैं.नेटवर्क और रोलिंग स्टॉक परिसंपत्तियों के तेज़ी से बढ़ने से जीवनचक्र लागत बहुत ज़्यादा बढ़ जाती है, जिसके लिए बड़े अनुरक्षण बजट, पूर्वानुमानित अनुरक्षण प्रणालियाँ और कुशल श्रमशक्ति की ज़रूरत होती है. आंतरिक राजस्व में सही विकास के बिना वार्षिक पूंजीगत व्यय का उच्च स्तर बनाए रखने से दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता पर दबाव पड़ सकता है.प्रमुख अंतर-शहरी मार्गों पर यात्रियों की मांग उपलब्ध क्षमता से कहीं अधिक है। भीड़भाड़ के कारण समय सारणी में कठिनाई, समय की पाबंदी में कमी और परिचालन संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होती हैं। बड़े पूंजी निवेश के बाद भी, भूमि अधिग्रहण में देरी, पर्यावरण संबंधी मंजूरी और परियोजना कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियां क्षमता निर्माण की गति को धीमा कर देती हैं।संक्षेप में, स्वतंत्रता के बाद यह दशक भारतीय रेल के लिए सबसे निर्णायक संरचनात्मक बदलाव का प्रतीक है। पूंजीगत निवेश में भारी वृद्धि के साथ, नेटवर्क विस्तार, रोलिंग स्टॉक आधुनिकीकरण, सुरक्षा सुधार, यातायात वृद्धि और ग्राहक संतुष्टि जैसे सभी मापदंडों में परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लेकिन वास्तविक परीक्षा तो अभी बाकी है। परिवहन के विभिन्न साधनों की हिस्सेदारी बढ़ाना, रखरखाव के बोझ को पूरा करना, वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाना ही दीर्घकालिक सफलता का निर्धारण करेगा।

# काशी से लेकर मथुरा और पुष्कर तक, सबसे प्रसिद्ध हैं इन 9 जगहों की होली



बरसाना की होली

होली का पर्व पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ये सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि रंगों और खुशियों का बहुत बड़ा जश्न है। इस दिन लोग एक दूसरे के गिले शिकवे दूर कर रंग लगाते हैं। ये त्योहार एकता का प्रतीक है। वैसे तो देशभर में ये त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है लेकिन कुछ जगहों की होली विश्व प्रसिद्ध हैं। इन जगहों पर रंगो का त्योहार मनाने के लिए सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया से भी लोग आते हैं। मथुरा से लेकर काशी और पुष्कर तक की होली विश्व प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं किन जगहों की होली विश्व प्रसिद्ध है।

**1- वृंदावन**

भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा के वृंदावन की होली विश्व प्रसिद्ध है। इस मौके पर देश ही नहीं बल्कि दुनिया से भी पर्यटक आते हैं। यहां पर ये त्योहार हफ्तों पहले ही शुरू हो जाता है। फूलों की होली से लट्ठमार, हुरंगा और गुलाल की होली विश्व प्रसिद्ध है। अंतिम दिन गुलाल होली खेली जाती है और इस दौरान पूरा वृंदावन रंगों में डूबा नजर आता है। सड़क से लेकर मंदिर तक में होली खेली जाती है। इस दिन श्री बांके बिहारी मंदिर में होली खेलने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं।

**2- बरसाना**

मथुरा के बरसाना में लट्ठमार होली अपने अनूठे अंदाज के लिए जानी जाती है। यह परंपरा भगवान कृष्ण और राधा की प्रेम लीला का प्रतीक मानी जाती है, जिसे देखने के लिए दुनियाभर से हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इस दिन महिलाएं पुरुषों को लाठियों से मारती हैं और वह खुद को बचाने की कोशिश करते हैं। इस खास होली में नंदगांव के पुरुष (हुरियारे) बरसाना आते हैं और वहां की महिलाओं पर रंग-गुलाल डालते हैं। इसके जबाव में बरसाना की महिलाएं (हुरियारिन) हंसी-मजाक में पुरुषों को लाठियों से मारती हैं। पुरुष खुद को ढाल से बचाते हैं।

**3- मसान की होली**

जहां देश के अन्य हिस्सों में होली रंग और गुलाल से खेली जाती है, तो वहीं वाराणसी में श्मशान की चिता की भस्म से होली खेली जाती है। इसे मसान की होली कहा जाता है। मसान की होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि



वृंदावन की होली

गहरे आध्यात्मिक अर्थों से जुड़ी परंपरा है, जिसका संबंध सीधे महादेव से माना जाता है। शिव जी को श्मशान का वासी और वैराग्य का प्रतीक माना जाता है। मणिकर्णिका घाट पर जब चिता की भस्म से होली खेली जाती है तो यह नजारा देखने लायक होता है। मसान की होली अघोरी परंपरा से जुड़े लोग खेलते हैं। इसके अलावा काशी में घाटों पर भी जमकर होली खेली जाती है। यहां होली खेलने के लिए न सिर्फ देश बल्कि विदेशी पर्यटक भी आते हैं।

**4- शांतिनिकेतन**

पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में होली बेहद ही खास अंदाज में मनाई जाती है। इसे बसंत उत्सव कहा जाता है, जो एक दिन पहले ही शुरू हो जाता है। यह विश्वभारती विश्वविद्यालय में मनाई जाती है, जिसमें विद्यार्थी पीले, केसरिया और हरे रंगों के कपड़े पहनकर नाच-गाने का सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। इसके बाद एक दूसरे को रंग लगाकर ये त्योहार मनाते हैं।

**5- पंजाब**

पंजाब में होली अलग अंदाज में मनाई जाती है, जिसे होला मोहल्ला कहते हैं। खासकर आनंदपुर साहिब में इस पर्व की अधिक धूम रहती है। इस दिन सिख समुदाय के लोग पारंपरिक युद्ध कला (गटका) का प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद एक दूसरे पर रंग लगाते हैं।

**6- अहमदाबाद**

अहमदाबाद की होली बाकी जगह से काफी अलग होती है। यहां पर इस दिन लोग दही हांडी का खेल खेलते हैं। दरअसल, होली के दिन ऊंचाई पर दही या मट्ठे से भरी हांडी लटकाई जाती है, जिसे लोग पिरामिड बनाकर फोड़ने की कोशिश करते हैं।

**7- पुष्कर**

राजस्थान के पुष्कर में होली तीन दिनों तक मनाई जाती है। यहां के ब्रह्मा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में मेले जैसा माहौल रहता है। पुष्कर में कपड़ा फाड़ होली खली जाती है।

**8- जयपुर**

जयपुर में शाही अंदाज में होली मनाई जाती है। इस दिन हाथी महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें हाथियों को सजाया जाता है और फिर उनकी परेड होती है। यह दृष्य बेहद मनमोहक होता है जिसे देखने के लिए लोग देश-दुनिया से आते हैं।

**9- गोवा**

गोवा में कोंकणी परंपरा के साथ होली मनाई जाती है। इस दिन ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग जमकर नाचते-गाते हैं और एक दूसरे को रंग लगाते हैं। गोवा में काफी विदेशी पर्यटक आते हैं। ऐसे में वहां पर कई जगहों पर रेन डांस और डीजे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान लोग एक दूसरे पर जमकर रंग लगाते हैं।

## होली के लिए ऐसे बनाएं स्पेशल ठंडाई



होली का त्योहार रंगों, उमंग और स्वादिष्ट पकवानों के बिना अधूरा माना जाता है। इस खास मौके पर ठंडाई पीने की परंपरा सदियों पुरानी है। मेवे, मसालों और केसर से बनी ठंडाई न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है।

अगर आप इस होली मेहमानों को कुछ खास परोसना चाहते हैं, तो घर पर पारंपरिक तरीके से स्पेशल ठंडाई जरूर बनाएं। आइए जानते हैं आसान रेसिपी और इसे बनाने के खास टिप्स।

**स्पेशल ठंडाई बनाने की सामग्री**

1 लीटर ठंडा दूध
8–10 बादाम 6–8 काजू
10–12 पिस्ता
2 बड़े चम्मच खरबूजे के बीज
1 बड़ा चम्मच खसखस
4–5 हरी इलायची
1 छोटा टुकड़ा दालचीनी
5–6 काली मिर्च
कुछ केसर के धागे
स्वादानुसार चीनी
गुलाब की पंखुड़ियां

**बनाने की विधि**

सबसे पहले बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस और खरबूजे के बीज को 3–4 घंटे के लिए पानी में भिगो दें, ताकि वे अच्छी तरह नरम हो जाएं। इसके बाद बादाम का छिलका उतार लें और सभी भीगे हुए मेवों को हरी इलायची, काली मिर्च और दालचीनी के साथ मिक्सर में डालकर थोड़ा-सा दूध मिलाते हुए बारीक और स्मूद पेस्ट तैयार कर लें।

अब एक बड़े बर्तन में ठंडा या उबला हुआ ठंडा किया हुआ दूध लें और उसमें तैयार किया गया मेवे वाला पेस्ट अच्छी तरह मिलाएं। स्वादानुसार चीनी डालकर तब तक चलाएं जब तक वह पूरी तरह घुल न जाए। इसके बाद 1–2 चम्मच गुनगुने दूध में भिगोए हुए केसर के धागे भी इसमें मिला दें, जिससे ठंडाई का रंग और खुशबू दोनों बढ़ जाएं।

अब तैयार मिश्रण को छलनी से छान लें ताकि ठंडाई एकदम स्मूद बने, फिर इसे 1–2 घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा होने रखें। सर्व करते समय ऊपर से बारीक कटे पिस्ता, बादाम और गुलाब की पंखुड़ियां डालकर ठंडी-ठंडी सर्व करें।

## हेल्दी समझकर खा रहे हैं ये एसिडिक फूड्स? बन सकती है दांत खराब होने की वजह

क्या आपको भी अक्सर दांतों में दर्द होते रहता है? कहीं आपका आहार बहुत ज्यादा अम्लीय तो नहीं है? शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि हम ज्यादा अम्लीय चीजों का सेवन करते हैं तो इसके कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं और इसका सबसे ज्यादा असर दांतों पर देखा जाता है। हाई एसिडिक खाद्य और पेय पदार्थ, हमारे दांतों की रक्षा करने वाले इनेमल को क्षति पहुंचाते हैं, इसके कारण दांतों का क्षरण होने लगता है। यह आपके दांतों की बनावट को बदल सकता है जिससे बैक्टीरिया संक्रमण का खतरा अधिक हो जाता है।

विटामिन-सी को शरीर के लिए आवश्यक माना जाता है, ये प्रतिरक्षा को मजबूत बनाने के साथ स्कर्वी जैसे दांत को रोगों के जोखिम को कम करने में मददगार माना जाता है। संतरे, स्ट्रॉबेरी और अंगूर जैसे फल उच्च विटामिन सी सामग्री वाले होते हैं। हालांकि, कुछ फलों में एसिड की मात्रा अधिक होती है और यह आपके दांतों के इनेमल के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं।

**कौन से फल सबसे ज्यादा अम्लीय होते हैं?**



किसी भोजन में अम्लीय सामग्री को उसके पीएच मान के अनुसार मापा जाता है। संयुक्त राज्य पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) के अनुसार, 7 से ऊपर के pH वाले खाद्य पदार्थों को क्षारीय माना जाता है, जबकि 7 से नीचे वाले अम्लीय होते हैं। पीएच जितना कम होगा, अम्लता का स्तर उतना ही अधिक होगा। क्लेम्सन यूनिवर्सिटी के मुताबिक फलों के पीएच वैल्यु को जानिए।

नींबू का रस (2.00 – 2.60)
अंगूर (2.90 - 3.82)
अनार (2.93 - 3.20)
ब्लूबेरी (3.11 - 3.33)
अनानास (3.20 - 4.00)

फलों के अलावा हार्ड शुगर कैंडीज, कॉफी, खट्टे फल और सोडा से भी एसिड के कारण कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

**दांतों की समस्याओं का बन सकते हैं कारण**

दांतों का इनेमल वैसे तो काफी मजबूत होता है, पर कई फलों में उच्च एसिडिक सामग्री के कारण यह समय के साथ इनेमल को कमजोर कर सकती है। दांतों में इसकी पहचान यह है कि दांतों का सॉफ्ट क्षेत्र खुरदुरा होने लगता है और ये अधिक गर्म और यहां तक कि मीठे खाद्य पदार्थों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं।

एकेडमी ऑफ जनरल डेंटिस्ट्री (एजीडी) के अनुसार, लार में कैल्शियम इनेमल को मजबूत करने में मदद कर सकता है, लेकिन जब आपके मुंह में वातावरण बहुत अधिक अम्लीय होता है, तो इससे दांतों को क्षति हो सकती है।

**फिर दांतों को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?**

अम्लीयता के डर से आपको फल खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। अपनी विटामिन-सी की आवश्यकता को बनाए रखते हुए दांतों को स्वस्थ रखने के लिए यहां कुछ सरल उपाय दिए गए हैं।

नींबू या किसी भी अत्यधिक अम्लीय फल को चूसें नहीं।

फलों का जूस पीते समय स्ट्रॉ का इस्तेमाल करें। यह इसे आपके दांतों के सीधे संपर्क में आने से रोकता है।

खट्टे फल खाने के बाद पानी से कुल्ला करें।

फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का प्रयोग करें जो इनेमल को मजबूत रखने में मदद करती है।

**इन एसिडिक चीजों से करें बचाव**

उच्च एसिड पेय पदार्थ जैसे कोक, ज्यादा खट्टे फलों का रस, ज्यादा नींबू पानी, एनर्जी ड्रिंक या अन्य उच्च अम्लीय पेय पदार्थ दांतों के क्षय का कारण बन सकते हैं, इससे बचाव करें। कैचप या सिरका, अधिक चीनी और टमाटर में भी अम्लीय तत्व हो सकते हैं। अल्कोहल से बचाव करें, इससे शरीर को अन्य प्रकार के नुकसान भी हो सकते हैं। किसी भी खाद्य पदार्थ को लेने से पहले उसकी एसिडिक वैल्यू को चेक करके ही लें।





## होली के लिए अभी से ही बना कर रख लें लौकी की बर्फी

होली का त्यौहार आने वाला है और लोग अभी से ही इसकी तैयारियों में लग गए हैं। दरअसल, होली के मौके पर गुजिया के साथ-साथ और भी तरह-तरह की पारंपरिक मिठाइयां तैयार की जाती हैं। ऐसे में अगर आप घर पर मिठाई बनाने की सोच रहे हैं, तो लौकी की बर्फी कम समय में तैयार कर सकते हैं।

**लौकी की बर्फी बनाने की सामग्री**

1 किलो लौकी
डेढ़ कप चीनी
250 ग्राम मावा
एक चौथाई कप घी
आधा कप काजू
7-8 बादाम
6-7 हरी इलायची

**घर पर कैसे बनाएं लौकी की बर्फी?**

स्टेप-1

लौकी की बर्फी बनाने के लिए



सबसे पहले लौकी को छीलकर बड़े टुकड़ों में काट लें और फिर कद्दूकस कर लें। कद्दूकस की हुई लौकी से अतिरिक्त पानी निकाल लें।

स्टेप-2

अब कढ़ाही में कद्दूकस की हुई लौकी डालें और उसमें दो चम्मच घी मिलाएं। इसे मध्यम आंच पर ढककर करीब 7-8 मिनट तक पकाएं। जब लौकी थोड़ी नरम हो जाए, तब इसमें चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और फिर कुछ मिनट तक पकाएं। चीनी डालने के बाद लौकी से पानी निकलता है, जिसे तेज आंच पर लगातार चलाते हुए सुखा लें।

स्टेप-3

जब पानी पूरी तरह सूख जाए, तब बचा हुआ घी डालकर थोड़ा भून लें। इसके बाद इसमें कद्दूकस किया हुआ मावा मिलाकर लगातार चलाते हुए पकाएं, जिससे मिश्रण गाढ़ा हो जाए। अब इसमें कटे हुए काजू और कूटी हुई इलायची डालकर अच्छी तरह मिला लें।

स्टेप-4

तैयार मिश्रण को पहले से घी लगी हुई थाली या प्लेट में समान रूप से फैला दें और ऊपर से बादाम के टुकड़े छिड़क दें। इसे सेट होने के लिए रख दें। जब यह पूरी तरह सेट हो जाए, तो मनचाहे आकार में काट लें।

## घर पर ऐसे बनाएं आंवला कैंडी

आंवला सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन C सहित कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने और पाचन को बेहतर बनाए रखने में मददगार होते हैं। वैसे तो आंवले से मुरब्बा सहित कई तरह की चीजें तैयार की जाती हैं।

वहीं, आंवले से अक्सर लोग अपने घरों में कैंडी तैयार करते हैं। हालांकि, कई बार इसकी रेसिपी की सही जानकारी नहीं होने के कारण यह सही तरीके से तैयार नहीं हो पाती है। ऐसे में फेमस यूट्यूब शेफ पारुल गुप्ता ने इसकी रेसिपी अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर की है, जिसकी मदद से आप इसे आसानी से तैयार कर सकते हैं। साथ ही, इसे आपको धूप में सुखाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

**आंवला कैंडी बनाने की सामग्री**

500 ग्राम ताजा आंवला
300 ग्राम चीनी
कद्दूकस किया हुआ अदरक
नमक
आधा छोटा चम्मच काला नमक
1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
2 चम्मच कॉर्न फ्लोर
1 छोटा चम्मच घी
कोटिंग के लिए पिसी हुई चीनी, चाट मसाला
पानी




**आंवला कैंडी बनाने की रेसिपी**

स्टेप-1

आंवला कैंडी बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को अच्छी तरह धोकर स्टीम कर लें। जब आंवले स्टीम हो जाएं, तो इनके बीज निकालकर छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। अब मिक्सी जार में आंवले के टुकड़े और कद्दूकस किया हुआ अदरक डालकर बारीक पेस्ट बना लें।

स्टेप-2

अब एक पैन में थोड़ा सा घी डालकर गर्म करें। जब घी गर्म हो जाए, तो इसमें आंवले का पेस्ट, चीनी, नमक और काला नमक डालकर अच्छी तरह पकाएं। कुछ समय बाद पेस्ट गाढ़ा होने लगेगा। अब इसमें नींबू का रस और कॉर्न फ्लोर को पानी में घोलकर डालें। इसके बाद एक छोटा चम्मच घी डालकर इसे कुछ समय तक और पकाएं।

स्टेप-3

जब यह मिश्रण पैन छोड़ने लगे, तो एक ट्रे में बटर पेपर बिछाकर उस पर हल्का घी लगा दें। फिर इस मिश्रण को ट्रे में फैला दें और करीब आधे घंटे तक ऐसे ही छोड़ दें। इससे यह मिश्रण पूरी तरह सेट हो जाए। अब इसे अपने अनुसार काट लें। अंत में पिसी हुई चीनी और थोड़ा चाट मसाला मिलाकर कैंडी के टुकड़ों पर कोटिंग कर लें। इस तरह आप घर पर ही आंवला कैंडी आसानी से तैयार कर सकते हैं।

## होली पर स्किन और बालों को नुकसान से बचाने के लिए बरतें ये सावधानियां

होली 4 मार्च की है। ऐसे में घरों में इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। रंगों का त्योहार होली बहुत सारे लोगों का फेवरेट फेस्टिवल होता है। हर तरफ उड़ता अबीर-गुलाल दिलों को खुश कर देता है। होली खेलने में जितना मजा आता है उतना ही बाद में रंगों को छुड़ाने में समस्या होती है।

स्किन और बालों को होली के रंगों से नुकसान न पहुंचे इसके लिए आपको कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए। रंगों में केमिकल्स स्किन को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे त्वचा पर मुंहासे, सिर में जलन और रूखेपन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप बिना डरे होली खेलना चाहते हैं तो उसके लिए बस आपको कुछ तैयारी कर लेनी चाहिए।



रंगों से बालों को नुकसान न पहुंचे इसके लिए आपको होली वाले दिन सुबह उठते ही बालों समेत सिर में अच्छी तरह से तेल की एक मोटी लगा लेनी चाहिए। इससे बालों की जड़ों और सिर की त्वचा में गहराई तक रंग को नुकसान पहुंचाए जाने से रोकने में मदद मिलेगी।

इसके लिए आप नारियल तेल, बादाम तेल या कोई भी आर्गन तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही बालों को उलझने से बचाने के लिए चोटी या जूड़ा बना लें।

**मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन**

जब आपकी स्किन हाइड्रेटेड होगी तो यह कम रंग सोखेगी। साथ ही रूखेपन से बचाएगी। इतना ही नहीं केमिकल वाले रंगों से बचाव करने में मदद मिलेगी। इसके लिए आप होली खेलने से पहले स्किन पर सेरामाइड युक्त मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके साथ ही उसके ऊपर SPF 30+ सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन सिर्फ चेहरे पर न लगाएं। इसे कानों के पीछे, गर्दन और घुटनों पर भी लगाएं।

**एलोवेरा जेल**

स्किन को नुकसान से बचाने के लिए आप मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाने के बाद ऊपर से एलोवेरा जेल भी अप्लाई कर सकते हैं। तेज धूप और रंग के संपर्क में आने के दौरान यह बचाव की करने में मदद करेगा। साथ ही त्वचा को आराम मिलेगा।

**नेल्स को ऐसे करें सेफ**

होली खेलते समय नेल्स पर बहुत ज्यादा कलर चढ़ जाता है। ऐसे में आप इन्हें सुरक्षित रखने के लिए क्लियर नेल पॉलिश या प्रोटेक्टिव बेस कोट की एक लेयर लगा सकते हैं।

# यशराज फिल्म्स ने नेटफ्लिक्स का 215 करोड़ का ऑफर ठुकराया

## थिएटर में रिलीज होगी आलिया-शरवरी की फिल्म 'अल्फा'





यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की प्रोडक्शन कंपनी यशराज फिल्म्स ने नेटफ्लिक्स का 215 करोड़ का स्ट्रीमिंग ऑफर रिजेक्ट कर दिया है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला 2026 में भारत में फिल्म की थिएटर में रिलीज को ध्यान में रखकर लिया गया। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं।

रिपोर्ट में एक सोर्स के हवाले से बताया कि यशराज फिल्म्स को नेटफ्लिक्स ने 215 करोड़ की डील ऑफर की थी। इस डील के तहत फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाना था। हालांकि, प्रोडक्शन कंपनी ने ऑफर ठुकरा दिया।

रिपोर्ट में यशराज फिल्म्स के स्पोक्सपर्सन ने कहा, 'अल्फा' के सीधे ओटीटी पर रिलीज होने की खबरें पूरी तरह अफवाह हैं। एक महिला-प्रधान फिल्म को गलत तरीके से दिखाने की कोशिश की जा रही है। यश राज फिल्म्स अपनी किसी भी थिएटर रिलीज फिल्म को सीधे स्ट्रीमिंग पर नहीं लाएगा। हम एक ऐसा स्टूडियो हैं जिसे बड़े पर्दे का अनुभव बनाने पर गर्व है।'अल्फा' हमारी कंपनी की बड़ी और अहम फिल्म है।"

उन्होंने यह भी कहा, "'अल्फा' के जरिए हमने कुछ खास बनाने की कोशिश की है। फिल्म में देश की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। उनके साथ टैलेंटेड शरवरी भी नजर आएंगी। हमें भरोसा है कि यह फिल्म दर्शकों का पूरा मनोरंजन करेगी और इसे भी बाकी एक्शन फिल्मों की तरह खूब प्यार मिलेगा।"

अल्फा में बॉबी देओल भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने नेटफ्लिक्स का शो "द रेलवे मेन" डायरेक्ट किया था।

# रश्मिका को सास से मिली खास सौगात, विजय की मां सौंपी खानदान की विरासत

## आज कोडवा और तेलुगु परंपराओं से होगी शादी



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं। सामने आई तस्वीरों से पता चलता है कि कपल अपनी शादी को ग्रैंड बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते। अब जो जानकारी निकलकर सामने आ रही है, उसके मुताबिक, विजय की मां आज होने वाले संगीत समारोह के दौरान परंपरा के अनुसार रश्मिका को खानदानी चूड़ियां भेंट करेंगी। साथ ही कपल दो अलग-अलग परंपराओं से शादी करेंगे।

**संगीत से पहले मिली रश्मिका को विरासत**

कपल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीत समारोह के दौरान विजय की मां माधवी देवरकोंडा परंपरा के अनुसार रश्मिका को खानदानी चूड़ियां भेंट करेंगी। ये तोहफा सिर्फ गहना नहीं, बल्कि परिवार में बहू के रूप में स्वीकार करने, प्यार और विरासत सौंपने का प्रतीक है। विजय और रश्मिका ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का सम्मान करते हुए दो अलग-अलग कल्चर से शादी की रस्मों को करेंगे। खबरों के अनुसार, समारोहों में तेलुगु और कोडवा परंपराओं की झलक मिलेगी। पहला समारोह पारंपरिक तेलुगु हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार होगा, जिसे विजय देवरकोंडा का परिवार मानता है। इसके बाद गुरुवार शाम को कोडवा संस्कृति के तहत शादी की रस्में की जाएंगी। रश्मिका कोडवा संस्कृति से आती हैं।

**प्राइवेट समारोह में होगी शादी**

रश्मिका और विजय के 26 फरवरी को एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने की संभावनाएं हैं। इस समारोह को काफी प्राइवेट रखा जाएगा, जिसमें शामिल होने वाले मेहमानों को भी कई नियमों का पालन करना पड़ेगा।

पार्टी में नो मोबाइल फोन पॉलिसी लागू रहेगी, यानी कोई भी अतिथि अपने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। इसके बाद 4 मार्च को हैदराबाद में एक ग्रैंड रिसेप्शन होने की भी चर्चाएं हैं, जिसमें कई सेलेब्स के पहुंचने की उम्मीद है।

# शत्रुघ्न सिन्हा ने 'धुरंधर' देखने के बाद किया फिल्म का रिव्यू 'ये कैसी प्रोपेगेंडा फिल्म है?'





रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का अगला पार्ट 'धुरंधरः द रिवेंज' अगले महीने रिलीज होने वाला है। लेकिन अभी तक पिछले साल आई 'धुरंधर' का ही क्रेज लोगों में बना हुआ है और उसकी तारीफें हो रही हैं। अब वेटरन एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने 'धुरंधर' देखी है और इसका रिव्यू किया है। अभिनेता ने फिल्म की कास्टिंग से लेकर निर्देशन और तकनीकी पक्षों तक पर बात की है।

**फिल्म के तकनीकी पक्ष को सराहा**

'धुरंधर' देखने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक्स पर एक लंबा सा पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अभिनेता ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। अपनी पोस्ट में अभिनेता ने लिखा, 'वाह! अभी-अभी मैंने सबसे चर्चित फिल्म 'धुरंधर' देखी।

यह कैसी 'प्रोपेगेंडा फिल्म' है? फिल्म तो फिल्म होती है। यह एक बेहतरीन फिल्म है, दिलचस्प, मनोरंजक और पूरी ईमानदारी से बनाई गई है। बैंकॉक, थाईलैंड (पाकिस्तान को दर्शाते हुए) में बने सेट भी बेहद खूबसूरती से और वास्तविक ढंग से तैयार किए गए हैं।

तकनीकी रूप से शानदार, बेहतरीन एडिटिंग के साथ। सिनेमौटोग्राफी अपने शानदान काम के तारीफ के काबिल है। फिल्म के एक-एक सीन को शानदार बनाने के लिए इतनी प्रतिभाशाली कास्ट और क्रू को भी बधाई।'

**रणवीर और अक्षय खन्ना समेत फिल्म की कास्ट करी तारीफ**

अपनी पोस्ट में अभिनेता ने फिलम के कलाकारों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने आगे लिखा, 'हर कलाकार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमारे वन एंड ओन्ली रणवीर सिंह इस भूमिका में एकदम फिट बैठते हैं। स्वर्गीय सुनील दत्त के बेटे संजय दत्त कमाल हैं। हमारे प्रिय लीजेंड विनोद खन्ना के बेटे अक्षय खन्ना ने एक असाधारण भूमिका निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी है। आदित्य धर ने फिल्म का शानदार कुशल निर्देशन किया है।

सबसे खास बात तो यह है कि हमारे प्यारे दोस्त, राकेश बेदी ने अपने शानदार अभिनय से हमारा दिल जीत लिया है। उन्होंने जिस कुशलता से किरदार को निभाया है, वह सिर्फ उन्हीं से संभव है। संगीत और कोरियोग्राफी ने सिनेमा जगत में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं, खासकर 'शरारत' और 'इश्क जलकर-कारवां' गाने डांस करने पर मजबूर करते हैं। इसके अलावा, हमारी प्यारी सौम्यातांदन ने भी दमदार कैमियो रोल में अपनी छाप छोड़ी है। कुल मिलाकर धुरंधर एक शानदार सिनेमाई अनुभव है। भारतीय सिनेमा जिंदाबाद! जय हिंद!'

# सलमान की को-एक्टर डेजी शाह ने दी सलीम खान की हेल्थ अपडेट, कहा- मैं मिल नहीं पाई





सलमान खान के पिता सलीम खान इन दिनों अस्पताल में भर्ती हैं। फैंस उनके जल्दी ठीक होने की दुआएं की हैं। डॉक्टरों के मुताबिक सलीम खान को हल्का ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके बाद सर्जरी की गई। इस दौरान शाहरुख खान, आमिर खान, रणवीर सिंह और दूसरे लोगों ने राइटर और उनके परिवार से मुलाकात की। अब, सलमान खान की 'जय हो' को-स्टार डेजी शाह ने उनकी हेल्थ पर एक अपडेट शेयर की है।

**डेजी शाह क्या बोलीं?**

हाल ही में फिल्मी ज्ञान से बातचीत में डेजी शाह ने बताया 'मैं सलीम सर से नहीं मिल पाई, लेकिन मैं सलमान सर और उनके परिवार के साथ लगातार टच में हूं। सलीम सर अब ठीक हैं। वह स्टेबल हैं। सर्जरी अच्छी हुई, यह सफल रही और वह डॉक्टर की निगरानी में हैं। वह खतरे से बाहर हैं।'

**अस्पताल की अपडेट से नाराज परिवार**

सलीम खान की सर्जरी के बाद, हॉस्पिटल ने उनकी हालत के बारे में एक मेडिकल बुलेटिन जारी किया। एक सूत्र के हवाले से लिखा कि सलमान खान और उनका परिवार हॉस्पिटल के सलीम की हेल्थ के बारे में मीडिया के साथ अपडेट शेयर करने से खुश नहीं थे, क्योंकि वे इसे एक प्राइवेट मामला मानते हैं। सूत्र ने कहा, 'स्वास्थ्य एक प्राइवेट मामला है। कोई भी अपडेट मीडिया के साथ शेयर नहीं किया जाना चाहिए और कोई भी बातचीत परिवार पर छोड़ देना चाहिए।'

**सलीम खान को क्या हुआ?**

आपको बता दें कि कुछ दिनों से सलमान खान के पिता अस्पताल में भर्ती हैं। सलीम खान की देखभाल कर रहे डॉक्टर जमील पारकर ने बुधवार को अमर उजाला को बताया, 'उनको (सलीम खान) मामूली ब्रेन हैमरेज हुआ था, जिसमें सर्जरी की जरूरत नहीं होती है। उन पर डीएसए की प्रक्रिया की गई, लेकिन इसे सर्जरी नहीं कहेंगे। उनको आईसीयू में रखा गया है। पहले उन्हें डिस्चार्ज करने की बात कही गई थी, लेकिन जब उनको थोड़ा आराम हो जाएगा तब इस बारे में फैसला लिया जाएगा। फिलहाल वो वेंटिलेटर पर हैं, लेकिन रिकवर कर रहे हैं। उम्मीद है कि कल उन्हें वेंटिलेटर से हटाया जा सकता है। हालांकि, अधिक उम्र होने के चलते रिकवरी थोड़ी स्लो है।'

**सलमान के करीबी ने दी अपडेट**

वहीं सलमान खान के करीबी और एक्टर संतोष शुक्ला ने अमर उजाला को बताया कि सलीम खान की तबीयत अब बेहतर है, उन्हें वेंटिलेटर से हटाया गया है।

# जैकी श्रॉफ ने खास अंदाज में डैनी को दी जन्मदिन की बधाई

मनोरंजन जगत में डैनी डेन्जोंगपा ने संघर्ष और लगन के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। खासतौर पर खलनायक की भूमिकाओं में उन्होंने ऐसा प्रभाव छोड़ा कि वे हिंदी सिनेमा के चर्चित और प्रभावशाली अभिनेताओं में गिने जाते हैं। बीते जमाने में विलेन के रूप में नाम स्थापित करने वाले अभिनेता डैनी डेन्जोंगपा बुधवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। ऐसे मौके पर उनके दोस्त और सह-कलाकार अभिनेता जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम के जरिए जन्मदिन की बधाई दी। जैकी ने स्टोरीज सेक्शन पर डैनी की तस्वीरों का मोंटाज वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में डैनी के सफर को दिखाया गया है कि पहले वे कैसे दिखते थे और धीरे-धीरे उन पर कितना बदलाव आया। अभिनेता ने लिखा, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, डैनी डेन्जोंगपा।




बता दें कि दोनों ने 80 और 90 के दशक की कई एक्शन और ड्रामा फिल्मों में साथ काम किया और दर्शकों का दिल जीता है। दोनों ने 'दिलजला', 'वर्दी', 'इज्जत', '1942: ए लव स्टोरी', और 'संग्राम' जैसी फिल्मों में काम किया है।

डैनी की बात करें तो वे सिक्किम के रहने वाले हैं। उनका असल में नाम त्शेरिंग फिंटसो डेन्जोंगपा था। बताया जाता है कि अभिनेता को डैनी नाम उनकी दोस्त और सहपाठिका जया भादुड़ी (बच्चन) ने दिया था, क्योंकि फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) में उनके नाम का उच्चारण करना मुश्किल था।

भले ही डैनी को कई लोग विलेन के तौर पर जानते हैं, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 1971 में आई फिल्म 'मेरे अपने' से पॉजिटिव किरदार से की थी। 1973 में उन्होंने बी आर चोपड़ा की फिल्म 'धुंध' में पहली बार नेगेटिव कैरेक्टर प्ले कर सुर्खियां बटोरी। डैनी ने 1990 तक करीब 190 फिल्में कीं। हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट के साथ 2003 में उनके द्वारा अभिनीत फिल्म 'सेवन ईयर्स इन तिब्बत' को बहुत सराहा गया था।

डैनी के हिंदी सिनेमा में दिए गए योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्हें साल 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# कॉमेडी और इमोशन के दो छोर पर खड़ीं संदीपा धर

## बताया 'चुंबक' और 'दो दीवाने सहर में' ने कैसे बदला अभिनय का सफर

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया में एक कलाकार की पहचान उसके प्रोजेक्ट्स के सेलेक्शन से बनती है। ऐसे में अगर कलाकार अलग-अलग जॉनर में खुद को आजमाने का रिस्क उठाए, तो उसका सफर और भी दिलचस्प हो जाता है। इन दिनों एक्ट्रेस संदीपा धर अपने दो बिल्कुल अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक ओर वह आने वाले शो 'चुंबक' में हल्की-फुल्की फैमिली कॉमेडी का हिस्सा हैं, तो दूसरी ओर फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में उनका किरदार नैना दर्शकों को इमोशनल कर रहा है।

इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कैसे इन दोनों प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक कलाकार के रूप में चुनौतियां दीं। संदीपा 'चुंबक' को लेकर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह एक ऐसी फैमिली कॉमेडी है, जिसे हर उम्र का दर्शक साथ बैठकर देख सकता है। उन्होंने कहा, "आज के दौर में कंटेंट अक्सर बोल्ड देखने को मिलता है, लेकिन 'चुंबक' रिश्तों की गर्माहट को महसूस करने की कोशिश करता है। इसमें किसी तरह की भद्दी कॉमेडी या असहज करने वाले जोक्स नहीं हैं। कहानी पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां लोग एक-दूसरे के घर बेझिझक आते-जाते हैं, साथ खाना खाते हैं, जिससे रिश्ते अपनेपन वाले बनते थे।"

संदीपा मानती हैं कि आज के समय में यह पड़ोस कल्चर लगभग खत्म हो चुका है और 'चुंबक' उसी खोए हुए अपनापन को वापस लाने की कोशिश है।

संदीपा के लिए कॉमेडी का अनुभव नया है। इस पर उन्होंने कहा, "कॉमेडी जितनी सहज दिखती है, उतनी होती नहीं है। टाइमिंग, रिएक्शन और सिचुएशनल ह्यूमर को पकड़ना आसान नहीं होता। इसमें रिद्म और सटीकता बेहद जरूरी है। लेकिन अनुभवी कलाकारों के साथ काम करने से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। सेट पर हल्के-फुल्के माहौल और टीम के सपोर्ट ने इस जॉनर को समझने में मेरी काफी मदद की है। नीना गुप्ता, सुमित राघवन, सुमित व्यास और देवेन भोजानी जैसे कलाकारों के साथ शूटिंग करना किसी एक्टिंग स्कूल से कम नहीं है। सेट पर कोई सीनियर-जूनियर नहीं है, सब दोस्त जैसे हैं और माहौल पूरी तरह फैमिलियर हो चुका है। अब जैसे-जैसे शूटिंग खत्म होने को है, तो सभी के मन में एक अजीब-सी उदासी महसूस हो रही है।"


संदीपा के लिए इसके बिल्कुल उलट 'दो दीवाने सहर में' का अनुभव भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया। फिल्म में उनकी स्क्रीन टाइमिंग कम थी, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने कहानी में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी।

संदीपा ने कहा, "इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। फिल्म में मेरे सीन कम थे और मेरा नैना का किरदार बेहद गहराई वाला था। सीमित सीन्स में किसी किरदार की पूरी मानसिक स्थिति दिखाना किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। नैना बाहर से एकदम परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से वह अकेली, उलझी और टूटी हुई है। इस दोहरेपन को पर्दे पर उतारना मेरे लिए किसी परीक्षा की तरह था।"

उन्होंने आगे कहा, "फिल्म में ब्रेकडाउन सीन मेरे लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा, क्योंकि इसमें सिर्फ मैं ही थी और पूरा भावनात्मक बोझ मुझ पर ही था। मैं ग्लिसरीन का इस्तेमाल नहीं करती, इसलिए हर टेक में असली इमोशन्स लाना शारीरिक और मानसिक रूप से थका देने वाला था। गर्मी में मुंबई की पीक समर के दौरान शूटिंग करना भी मुश्किलें बढ़ाता है, लेकिन जब पूरी टीम का साथ मिलता है, तो मुश्किलें भी यादगार बन जाती हैं।"



# रियलिटी शो 'द 50' से बाहर आकर मोनालिसा ने लिखा इमोशनल नोट





भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा रियलिटी शो 'द 50' से बाहर आ गई हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एविक्शन की तस्वीर शेयर की और लिखा, बहुत भारी दिल के साथ आपको बताना पड़ रहा है कि मुझे 'द 50 पैलेस' से बाहर निकलने का आदेश मिल गया है, लेकिन मुझे खुशी और गर्व है कि मैं पिछले 20 सालों से अपने फैंस के दिलों में हूं और हमेशा रहूंगी। मोनालिसा ने शो से जुड़े सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया जिन्होंने उन्हें इस शो में हिस्सा बनने का मौका दिया। उन्होंने लिखा, इस शो में मुझे 50 सेलेब्रिटीज के बीच रहना मेरे लिए एक बेहतरीन अवसर था।

उन्होंने आगे लिखा, मैं भगवान की आभारी हूं कि मुझे नई-नई चीजें सीखने और नए मौके पाने का अवसर मिलता है। 'द 50' भी ऐसा ही एक नया अनुभव था। इसका कॉन्सेप्ट और गेम्स बिल्कुल अलग थे, जिन्हें शायद मुझे फिर कभी खेलने का मौका न मिले। यह अनुभव बहुत मजेदार और शानदार रहा।

उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए लिखा, विक्रांत मेरे मजबूत साथी (मेरे प्यार) और एक बेहतरीन खिलाड़ी अभी भी घर के अंदर हैं। मुझे उन पर बहुत गर्व है। आप सभी उनके लिए हमेशा प्यार और समर्थन बनाए रखें। सभी का दिल से धन्यवाद।

अभिनेत्री ने शो में शानदार प्रदर्शन किया था। वे इस शो में अपने पति विक्रांत सिंह के साथ नजर आई थीं। हालांकि, मोनालिसा बाहर आ गई हैं, लेकिन उनके पति शो में ही हैं। शो का कॉन्सेप्ट बाकी रियलिटी शो से थोड़ा सा अलग है।

बनिजय एशिया का रियलिटी शो 'द 50' जियो हॉटस्टार और कलर्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

शो में युविका चौधरी, प्रिंस नरूला के साथ रिद्धि डोगरा, करण पटेल, मिस्टर फैजू, मोनालिसा, विक्रांत सिंह, दिव्या अग्रवाल, शाइनी दोशी, दुष्यंत कुकरेजा, शिव ठाकरे, नीलम गिरी, डिंपल सिंह, चाहत पांडे, हामिद बार्कजी, सुमायरा शेख, लवकेश कटारिया, नेहल चुडासमा, सपना चौधरी, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, वंशज सिंह, कृष्णा श्रॉफ समेत अन्य सितारे नजर आ रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को राहत

## ईडी केस में एमपी–एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक, शीर्ष अदालत ने जारी किया नोटिस



रांची, 25 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा लिए गए संज्ञान को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने रांची की एमपी-एमएलए कोर्ट की विशेष अदालत में चल रही कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी। साथ ही ईडी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इस आदेश के बाद फिलहाल निचली अदालत में आगे की प्रक्रिया स्थगित रहेगी, जिससे मुख्यमंत्री को अस्थायी राहत मिल गई है।

मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई, जिसमें जस्टिस जॉयमंगल बागची भी शामिल थे। मुख्यमंत्री की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।

उन्होंने दलील दी कि रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा संज्ञान लिये जाने और उसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट में कार्यवाही शुरू होने की प्रक्रिया विधि सम्मत नहीं है।

बहस के बाद अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले में हस्तक्षेप करते हुए विशेष अदालत की कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब दाखिल करने को कहा है।

इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट के इस निर्णय के खिलाफ मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आ गया था। अब सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आगे की कानूनी दिशा स्पष्ट होगी। सुप्रीम कोर्ट की इस अंतरिम राहत को मुख्यमंत्री के लिए बड़ी कानूनी उपलब्धि माना जा रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी बाकी है।

ईडी के जवाब के बाद ही मामले में अगली सुनवाई की दिशा तय होगी। फिलहाल, एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक से राजनीतिक और कानूनी हलकों में हलचल तेज हो गई है।

# इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री 4 घंटे फंसे

## पायलट भी उतरा, चेन्नई से सिंगापुर जाना था पैसेंजर्स बोले– एसी बंद, सांस लेने में दिक्कत

चेन्नई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई।

घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

एक अन्य यात्री ने कहा कि वे सुबह 7 बजे से इंतजार कर रहे हैं और उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दावा किया गया कि यात्री 4 घंटे से अधिक समय तक विमान में बिना वेंटिलेशन और खाना के बैठे रहे।

यात्रियों ने यह भी दावा किया कि फ्लाइट पहले तकनीकी खराबी के कारण लेट हुई। इसके बाद ड्यूटी टाइम खत्म होने का हवाला देते हुए पायलट भी विमान से उतर गया। दूसरा पायलट लगभग 11 बजे पहुंचा। इसके बाद दोपहर में विमान ने उड़ान भरी।

इंडिगो के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि फ्लाइट एक छोटी तकनीकी खराबी के कारण बे (पार्किंग) पर लौट आई थी। जांच और रखरखाव के दौरान कॉकपिट क्रू का ड्यूटी टाइम लिमिट पार हो गया, जिससे क्रू बदलना पड़ा और उड़ान में और देरी हुई।

एयरलाइन ने असुविधा के लिए खेद जताया और कहा कि यात्रियों को रिफ्रेशमेंट और समय-समय पर अपडेट दिए गए थे। इंडिगो की फ्लाइट को मंगलवार सुबह 7.20 बजे चेन्नई से सिंगापुर के लिए रवाना होना था। फ्लाइट आखिरकार सुबह 11.39 बजे रवाना हुई। इधर, मुंबई से दिल्ली जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI 1851 बुधवार को 45 मिनट से ज्यादा समय तक रनवे पर खड़ी रही।

# निकाय चुनाव के बाद हिंसा मामला पांच गिरफ्तार, हथियार बरामद

## वार्ड 18 में फायरिंग की घटना में दो लोग हुए थे घायल

गिरिडीह, 25 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह नगर निकाय चुनाव के बाद वार्ड संख्या 18 में हुई हिंसक घटना के संबंध में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में दो लोग गोली लगने से घायल हुए थे।




यह घटना 23 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, आजाद नगर अनुजाति टोला स्थित मतदान केंद्र के पास हुई थी। किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो जल्द ही मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गया।

तनावपूर्ण स्थिति के दौरान भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिससे मोहम्मद शमीम और मोहम्मद शेरू घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर-बितर किया। मामले में प्राप्त आवेदन के आधार पर पचंबा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। रबीना खातून के बयान पर घायल मोहम्मद शमीम और मोहम्मद शेरू के संबंध में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितवाहन उरांव के नेतृत्व में चार टीमों ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी की।

इस दौरान शिवम कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद, अमित विश्वकर्मा, आकाश हांडी, मंजीत पासवान और किशोर पासवान को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। बरामद हथियार और अन्य सामान जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

पूछताछ में घटना से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

# रावण की 60 साल पुरानी प्रतिमा पर संग्राम

## एक पक्ष बोला– विकास रुका, अशुभ है, हटाओ दूसरे ने कहा– विद्वान था, खरोंच नहीं आने देंगे



रीवा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। विंध्य की धरती पर इन दिनों आस्था और मान्यता के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। टकराव का कारण रीवा जिले के त्योंथर में करीब 60 साल पुरानी रावण की 10 फीट की प्रतिमा है।

एक पक्ष का दावा है कि यह प्रतिमा दोष, बीमारी और विकास में बाधा का कारण है, इसलिए इसे हटा दिया जाना चाहिए। ज्योतिषी और धर्मगुरु इसे वास्तु दोष की वजह बता रहे हैं।

वहीं दूसरा पक्ष लंका के राजा रावण की विद्वता का प्रतीक मानते हुए प्रतिमा को खरोंच तक नहीं आने देने की चेतावनी दे रहा है।

आखिर रावण की इतनी पुरानी प्रतिमा को लेकर विवाद क्यों, इस सवाल के साथ दैनिक भास्कर इस पूरे मामले को समझने के लिए रीवा से त्योंथर पहुंचा।

त्योंथर के बीचो-बीच दशानन मैदान में रावण की प्रतिमा स्थापित है। बैठे हुए रावण की यह प्रतिमा काफी बड़ी है। लोगों के अनुसार- करीब 6 दशक पहले पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कुछ लोगों के सहयोग से इसे स्थापित किया था। इतने सालों तक दशहरा पर सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में इसे मानते आ रहे हैं। समय के साथ क्षेत्र की पहचान रावण की प्रतिमा ही बन गई।

करीब 6 महीने पहले क्षेत्र में बीमारी फैली। यहां बड़े से लेकर बच्चे तक बुखार, थायराइड, चर्म रोग से पीड़ित हो गए। कुछ को कैंसर डिटेक्ट हुए।

# महिलाएं बना रहीं हर्बल अबीर: केमिकल-मुक्त अबीर से त्वचा को मिलेगी राहत

## फूलों और हरी सब्जियों से बन रहे गुलाल

कोडरमा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। होली के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। जहां एक ओर रासायनिक रंगों और गुलाल की बिक्री हो रही है, वहीं 'वोकल फॉर लोकल' पहल के तहत कोडरमा की महिलाएं हर्बल अबीर तैयार कर रही हैं। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित और रासायनिक रंगों का एक प्राकृतिक विकल्प है।

कोडरमा में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत कार्यरत महिला समूह इन दिनों हर्बल अबीर बनाने का काम कर रही हैं। 'रिश्ता' और 'पार्वती सहेली मंडल' नामक ये समूह जेएसएलपीएस से प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्राप्त कर दर्जनों महिलाओं को इस कार्य में संलग्न कर रहे हैं।

'रिश्ता सहेली मंडल' की महिलाओं ने बताया कि जेएसएलपीएस से प्रशिक्षण के बाद उन्होंने इस वर्ष हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया है। उनका कहना है कि यह गुलाल बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों से पूरी तरह अलग है। इसमें किसी भी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित है। साथ ही, यह बाजार के गुलाल से अधिक किफायती भी है।



गुलाल बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, महिला समूह की सदस्य रिंकी यादव ने जानकारी दी कि वे इसे तैयार करने में पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से उगने वाले फूलों, हरी सब्जियों और फलों का उपयोग करती हैं।

उन्होंने बताया कि विभिन्न रंगों के गुलाल बनाने के लिए पालक, गेंदा फूल, हल्दी, चुकंदर (बीट), नींबू, गुलाब के फूल और चमेली के फूलों सहित अन्य प्रकार के फलों, फूलों और सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है।

इधर, कोडरमा के उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर कई रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जे एस एल पी एस के तहत महिलाएं हर्बल अबीर बना रही हैं। महिलाओं के इस हुनर और उनके प्रोडक्ट्स के प्रचार प्रसार हेतु जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। पलाश के तहत इसकी ब्रांडिंग कर बाजारों में इसकी अधिक-से अधिक बिक्री कराए जाने की कवायद की जाएगी।

महिला समूह की सुनीता देवी ने बताया कि अलग-अलग रंगों के अबीर को तैयार करने के लिए अलग-अलग सब्जियां फूलों व फलों का इस्तेमाल किया जाता है। हरा रंग बनाने के लिए पालक के पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है।

# डॉ. संजुला सिंह संजू मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित

जमशेदपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। शहर निवासी डॉ. संजुला सिंह संजू को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर उन्हें साहित्य के क्षेत्र में मातृभाषा सेवा के लिए किए गए कई उल्लेखनीय कार्यों का मूल्यांकन करते हुए संस्था के द्वारा मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पहले भी संजू को कई और मानद उपाधि सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।



साहित्य के क्षेत्र में संजू ने अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है। अपनी विशिष्ट लेखनी से उन्होंने बड़े ही न्यूनतम समय में अपनी एक खास पहचान बनाई है; जो उनकी कड़ी मेहनत , लगन और साहित्य के प्रति पूर्ण समर्पण को दर्शाती है। अक्सर उनकी रचनाएं समाज की कुरीतियों पर करारा प्रहार करती हैं तथा लोगों को सकारात्मक दिशा दिखाती है।

हर विधाओं में लेखन करते हुए भी उनका मूल लक्ष्य समाज हित और प्रेरणा प्रदान करना रहा है। अक्सर उनकी रचनाएं देश-विदेश के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं।


भारत के प्रमुख समाचार पत्रों में से एक पंजाब केसरी के द्वारा 2023 में आयोजित श्रीराम भजन प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया जिसमें उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। संजू की एक पुस्तक भी 2024 में अभिव्यक्ति (काव्य संग्रह) प्रकाशित हो चुकी है जिसे पाठकों ने बहुत पसंद किया और दूसरी पुस्तक अंतर्मन की व्यथा बहुत जल्द पाठकों के समक्ष प्रकाशित होकर आने वाली है।

# एमपी की भोजशाला में मिले 800 साल के सबूत

## संस्कृत शिलालेख में शिक्षा केंद्र के प्रमाण, अरबी में सुल्तान का नाम मिला, हाईकोर्ट ने मांगे दावे—आपत्ति

इंदौर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की धार स्थित भोजशाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट पर दो हफ्ते के भीतर अपनी आपत्तियां और सुझाव देने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी, जहां दाखिल जवाबों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

एएसआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 22 मार्च 2024 से करीब 100 दिन तक परिसर और उससे 50 मीटर की परिधि में जांच, सर्वे और सीमित उत्खनन किया। टीम में पुरातत्वविद्, अभिलेखविद्,



रसायनविद् और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। रिपोर्ट में 12वीं से 20वीं सदी तक के शिलालेखों के प्रमाण मिले हैं। इनमें संस्कृत-प्राकृत के साथ नागरी लिपि के लेख और अरबी-फारसी में लिखे शिलालेख शामिल हैं। कुछ शिलालेख धार्मिक गतिविधियों का संकेत देते हैं तो कुछ शिक्षण केंद्र होने की संभावना जताते हैं।

भोजशाला परिसर में 56 अरबी-फारसी शिलालेख मिले, जिनमें दुआएं, नाम और धार्मिक वाक्य हैं। वहीं, 12वीं–16वीं सदी के संस्कृत-प्राकृत शिलालेख भी मिले, जिनमें पारिजातमंजरी-नाटिका और अवनिकर्मसातम जैसे उल्लेख शामिल हैं। कुछ पत्थरों पर लिखावट मिटाकर दोबारा इस्तेमाल किए जाने के संकेत भी मिले हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह स्थल अलग-अलग कालखंडों में धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक उपयोग में रहा। ब्रिटिश काल से लेकर अब तक इसके संरक्षण के प्रयासों का भी जिक्र है। शिलालेखों में पारिजातमंजरी नाटिका, अवनिकर्मसातम और नागबंध जैसे लेख मिले हैं। इनका जिक्र एएसआई की पुस्तकों 'एपिग्राफिया इंडिका और कॉर्पस इंसक्रिप्शनम इंडिकारम' में भी है।

# 590 करोड़ बैंक घोटाले में मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार

पंचकूला, 25 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के सरकारी डिपार्टमेंट के खातों में 590 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के चीफ एएस चावला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को पंचायत विभाग से एक लेटर मिला था, जिसमें गबन की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एसीबी में मुकदमा नंबर 4 दर्ज किया गया। इस मामले में एसीबी ने देर रात रिभव ऋषि और अभय को गिरफ्तार किया। रिभव आईडीएफसी बैंक का मैनेजर है, जबकि अभय बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था। इन्होंने ही इस घोटाले की प्लानिंग की थी। दोनों को एसीबी ने राउंड अप किया गया। जांच में पता चला कि एक स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में करीब 300 करोड़ रुपए गए थे। इसके अलावा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में भी पैसा गया। अभय की पत्नी के भाई अभिषेक को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया है।

वहीं, इस फ्रॉड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सरकार को पिछले साल जुलाई में ही इस गड़बड़ी की भनक लग गई थी। इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (एसीएस) ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया था।

# युवती को धमकी–मैं पठान हूं, सच में रेप करता हूं

## स्टोरी डिलीट कर, वर्ना अंजाम भुगतेगी हिंदूवादी नेता इस बयान पर आक्रोशित

छिंदवाड़ा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा में एक युवती को हिंदूवादी संगठन के समर्थन के कारण जान से मारने की धमकी दी गई। युवकों ने फोन कॉल पर आपत्तिजनक और धमकी भरी बातें कीं। युवकों ने खुद को पठान बताते हुए कहा- तेरे समाज की चार लड़कियों को चलाता हूं। वो मेरे लिए जहर खाने को तैयार हैं। तुम कहते हो हम रेप करते हैं, तो सुन हां, सही में रेप करता हूं।

कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश फैल गया। देर रात करीब 1000 कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो छिंदवाड़ा बंद कर दिया जाएगा।

कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें पुराना बैल बाजार निवासी राजा खान, बिलाल खान पिता रियाज खान और कराबोह देहात थाना क्षेत्र निवासी शेख शंजिल पिता मोहम्मद तौफीक शामिल हैं।

# वरमाला के दौरान दुल्हन को युवक ने मारी गोली

बक्सर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के बक्सर में वरमाला के दौरान स्टेज पर दुल्हन को उसके प्रेमी ने गोली मारी और वहां से फरार हो गया। दुल्हन को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया है। यहां उसका ऑपरेशन किया जा रहा है। घटना मंगलवार रात की है।

दुल्हन ने बताया कि उसे दीनबंधु ने गोली मारी है। घटना मुफस्सिल थाना इलाके के नगर चौसा पंचायत के मल्लाह टोला की है। परिवार का कहना है कि युवक उनकी बेटी से एकतरफा प्यार करता है। बेटी की शादी यूपी के बलिया में तय की थी।

बक्सर के चौसा में मंगलवार रात नंद मल्लाह के घर खुशी का माहौल था। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सुलेमनपुर गांव से बारात आई थी। लड़का और लड़की, दोनों पक्ष के लोग खुशी से नाच रहे थे। घर के दरवाजे पर बारात का स्वागत हुआ और होने वाले दामाद की नजर उतारी गई।

जयमाला के लिए स्टेज सजाया गया था। दुल्हन आरती (18) भी सजकर तैयार थी। दूल्हे ने हाथ बढ़ाकर दुल्हन को स्टेज पर बुलाया। हंसी-मजाक और शादी के गानों के बीच वरमाला की रस्म होने वाली थी। इसी दौरान एक लड़का चेहरे पर नकाब पहनकर शादी में घुसा और लड़कियों के बीच से होते हुए स्टेज के पास पहुंचा। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले उसने बंदूक निकाली और दुल्हन की ओर फायर कर दिया। फायरिंग का वीडियो सामने आया है, जिसमें एक लड़की दूल्हा-दुल्हन की आराती उतार रही है, इसी दौरान नजदीक जाकर युवक सामने से गोली चलाता है।

गोली आरती के पेट में लगी, लेकिन तेज गानों के आवाज में गोली की आवाज दब कर रही गई। चंद सेकेंड में ही दुल्हन स्टेज पर गिर पड़ी।

दुल्हन के गिरते ही, स्टेज पर खड़ी लड़कियां जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। किसी ने आरती को गोली मार दी। जब परिवार के लोगों ने देखा तो उसके पेट से खून बह रहा था।

# इंजीनियर ने मास्टर-चाबी से चुराईं 31 बाइक

दुर्ग-भिलाई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की पार्किंग से बाइकों की सिलसिलेवार चोरी का दुर्ग पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गिरोह का सरगना मैकेनिकल इंजीनियर निकला, जो पहले बीएसपी में संविदा पर काम करता था। बाद में उसी प्लांट की पार्किंग को अपना टारगेट बना बैठा।

आरोपी रायपुर से बस में बैठकर भिलाई आता, पावर हाउस चौक पर उतरकर पैदल बीएसपी मेन गेट पार्किंग पहुंचता, फिर मास्टर चाबी से खासकर होंडा साइन मॉडल की बाइक पार कर देता था। जून 2024 से सक्रिय इस गिरोह ने एक साल में 31 बाइक चुराईं। जिन्हें जशपुर के कुनकुरी में खपाया जाता था। 7 नवंबर 2025 की एक वारदात ने पुलिस को अहम सुराग दिया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी लंगड़ाते हुए बाइक चोरी करते दिखा। पैर में लोहे की रॉड होने के कारण उसकी चाल अलग थी। यही पहचान आखिरकार गिरफ्तारी की वजह बनी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने ट्रैकिंग शुरू की और सरगना तक पहुंच गई।

पुलिस ने जशपुर से बाइक जब्त कर दो सहयोगियों को दबोचा है। इस तरह पुलिस ने मुख्य आरोपी ई. पापा राव, मनोज राम और राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि को गिरफ्तार किया है।

# बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने महिला का रेप किया

गुवाहाटी, 25 फरवरी (एजेंसियां)। असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास एक 28 साल की महिला का उसके बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत 19 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि रेप के बाद एक आरोपी ने महिला से 10 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कराए। पीड़ित के घरवालों ने कहा कि वह सिलचर शहर से कुछ किलोमीटर दूर बाईपास रोड पर अपने बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी, तभी एक एसयूवी में कुछ लोग आए और उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा- आरोपियों ने पहले कपल से उनके ठिकाने के बारे में पूछा और फिर अचानक महिला और उसके दोस्त को पकड़ लिया। वहां करीब 7 आदमी थे, और उन्होंने उसके दोस्त के सामने एक-एक करके उसका रेप किया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने दो लोगों की पहचान की, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में बाकी लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सिलचर सदर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) (जान से मारने की धमकी देकर वसूली), 310 (2) (डकैती), 351(2) (आपराधिक धमकी), 61(2) (दो या उससे ज़्यादा लोगों का गैर-कानूनी काम, 70(1) (गैंग रेप) एवं अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पत्रकार ने दावा किया कि आरोपी के घरवालों ने उसे नेशनल हाईवे रोड पुलिस स्टेशन के पास रोका। उससे पूछा कि उसने घटना की रिपोर्ट क्यों की और फिर उसे पीटा। पत्रकार के मुताबिक वहां मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। उसने इस बारे में शिकायत भी दर्ज कराई और पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने लोगों से सोशल मीडिया पर गलत जानकारी न फैलाने की अपील की और जानकारी शेयर की।



## 700 अंक चढ़ने के बाद सेंसेक्स 82,276 पर फ्लैट बंद-निफ्टी में 58 अंक की तेजी रही

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार आज यानी 25 फरवरी को फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 82,276 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 58 अंक की तेजी रही, ये 25,483 पर बंद हुआ। हालांकि दिन के कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 700 अंक और निफ्टी में 250 अंक की बढ़त देखने को मिली थी। आज के कारोबार में फार्मा, ऑटो और आईटी शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। जापान का निक्केई इंडेक्स 2.20% चढ़कर 58,583 पर बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.91% चढ़कर 6,083 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.66% चढ़कर 26,765 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.72% चढ़कर 4,147 बंद हुआ।

# बेंगलुरु में एटीएम से कैश गायब!

> 500 रुपये का नोट मिलना हुआ दुर्लभ




बेंगलुरु, 25 फरवरी (एजेंसियां)। साइबर सिटी बेंगलुरु में लगे एटीएम से कैश लगभग गायब है। लोग एक एटीएम से दूसरे एटीएम जा रहे हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह कैश नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि एटीएम में 500 रुपये का भी नोट मिलना दुर्लभ हो गया है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार बैंकों में कैश की मांग बढ़ गई है, जिससे कैश की कमी है। इस कारण एटीएम में भी नोट नहीं भरे जा रहे हैं।

दरअसल, इन दिनों सरकारी और प्राइवेट बैंक कैश की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इनके पास कैश नहीं आ रहा। दरअसल, बैंको में कैश की डिमांड अचानक बढ़ गई है। इस कारण बैंक एटीएम में कैश की कमी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। कैश कम होने के कारण एटीएम में बहुत कम मात्रा में कैश भरा जा रहा है।

**अकाउंट से कैश की निकासी बढ़ी**

बैंकर्स के मुताबिक बैंकों में करंट और ओवरड्राफ्ट अकाउंट से कैश की निकासी बढ़ गई है। कंस्ट्रक्शन, प्रॉपर्टी डेवलपमेंट और सरकारी सिविक प्रोजेक्ट में बिजनेस और ठेकेदारों के लिए कैश की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन सेक्टर में वेतन का भुगतान नकद में किया जाता है। इसके कारण ये लोग बड़ी मात्रा में कैश निकाल रहे हैं। आमतौर पर बड़ी मात्रा में नकदी निकासी कुछ ही दिनों में बैंकिंग सिस्टम में वापस आ जाती है, लेकिन बैंकरों का कहना है कि हाल के हफ्तों में यह चक्र धीमा होता दिख रहा है। यानी बैंकों से जितना कैश जा रहा है, उतना वापस नहीं आ रहा।

**कहीं चुनाव तो कारण नहीं?**

बेंगलुरु में कुछ समय बाद नगर निगम के चुनाव होने हैं। साथ ही अगले कुछ महीनों में पड़ोसी राज्यों केरल और तमिलनाडु समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में बैंकों में कैश की कमी को इन चुनावों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि आगामी चुनावों के कारण राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों ने चुनाव संबंधी खर्चों के लिए धन जुटाना शुरू कर दिया होगा।

# भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

> चीन भारत के जरिए भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट > लाओस और इंडोनेशिया पर भी टैक्स

वॉशिंगटन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126% की शुरुआती ड्यूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81% से 143% तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थायी हो जाएगा।

महंगे होंगे सोलर पैनल, अब अमेरिकी मार्केट में टिकना मुश्किल इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126% ड्यूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब कॉम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे।

**ट्रम्प के 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है यह ड्यूटी**

यह टैक्स उन 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर मॉड्यूल आयात



का 57% हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डॉलर ( करीब 7,200 करोड़ रुपए) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है।

**चीनी प्रोडक्ट को भारत-इंडोनेशिया के जरिए भेजने का आरोप**

अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया।

**एक्सपर्ट बोले- भारतीय कंपनियों के लिए रास्ता बंद**

सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा। अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है।

अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष कॉम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा।

**सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी की भी जांच**

अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी की भी जांच कर रहा है। आरोप है कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस की कंपनियां अमेरिका में अपने माल को लागत से भी कम कीमत पर बेच रही हैं। ऐसा वो अमेरिकी बाजार पर कब्जे के लिए कर रही है। अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स ने इसे लेकर जुलाई में याचिका दायर की थी। आरोप लगाए थे कि चीनी कंपनियां भारत जैसे देशों के जरिए सस्ता माल अमेरिका भेज रही हैं। इन शिकायतों के बाद इंटरनेशनल ट्रेड कमीशन ने एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग ड्यूटी के दावों की जांच शुरू कर दी थी।

## दैनिक पंचांग

गृह गोचर




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | कुंभ | मे |
| चंद्र | मिथुन | मे |
| मंगल | कुंभ | मे |
| बुध | कुंभ | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | कुंभ | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|
| कुंभ.... | 04-54 | बजे |
| मीन.... | 05-54 | बजे |
| मेष..... | 07-33 | बजे |
| वृष.... | 09-09 | बजे |
| मिथुन.. | 10-53 | बजे |
| कर्क... | 12-53 | बजे |
| सिंह---- | 15-06 | बजे |
| कन्या-- | 17-18 | बजे |
| तुला---- | 19-25 | बजे |
| वृश्चिक.. | 21-30 | बजे |
| धनु..... | 23-40 | बजे |
| मकर... | 01-53 | बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे /दक्षिण , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000 सूर्योदय 06-40
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्यास्त. 18 -17
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष गुरुवार 26 February 2026
तिथि - दशमीं 00-33 तक उपरान्त एकादशी
नक्षत्र - मृगशिरा 12-11 तक उप आर्द्रा
योग - प्रीति 22-33 तक उप. आयुष्मान
करण - तैतिल 13-36 तक. गर

वक्री बुध 12-17 से

होलाष्टक

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

राहुकाल 13-57 से 15-25 तक

पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| शुभ | 06-40 - 08-06 | शुभ |
| रोग | 08-06 - 09-33 | अशुभ |
| उत्पात | 09-33 - 11-01 | अशुभ |
| चंचल | 11-01 - 12-29 | शुभ |
| लाभ | 12-29 - 13-57 | शुभ |
| अमृत | 13-57 - 15-25 | शुभ |
| काल | 15-25 - 16-53 | अशुभ |
| शुभ | 16-53 - 18-17 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| अमृत | 18-17 - 19-53 | शुभ |
| चंचल | 19-53 - 21-25 | शुभ |
| रोग | 20-25 - 22-57 | अशुभ |
| काल | 22-57 - 00-29 | अशुभ |
| लाभ | 00-29 - 02-01 | शुभ |
| उत्पात | 02-03 - 03-33 | अशुभ |
| शुभ. | 03-33 - 05-05 | शुभ |
| अमृत | 05-05 - 06-47 | शुभ |

## क्या अमेरिका इनकम टैक्स खत्म करेगा?

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिए अहम संकेत

वॉशिंगटन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई टैरिफ को रद्द किए जाने के बावजूद अमेरिका के अधिकांश व्यापारिक साझेदार उनके टैरिफ समझौतों को जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ टैरिफ से मिलने वाला राजस्व इनकम टैक्स की जगह ले सकता है और इसके लिए कांग्रेस की अतिरिक्त कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**टैरिफ से अमेरिका को भारी राजस्व मिला है-ट्रंप**

ट्रंप ने यह भी कहा कि विदेशी देशों की ओर से चुकाए जाने वाले टैरिफ से अमेरिका को भारी राजस्व मिला है और इससे आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर बेहतर सौदे करने में मदद मिली। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान डाउ जोन्स और एसएंडपी जैसे सूचकांकों में तेजी को भी टैरिफ नीति का परिणाम बताया।

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला और ट्रंप**

हालांकि, हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से ट्रंप प्रशासन के कई टैरिफ को अवैध करार दिया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स और जस्टिस एमी कोनी बैरेट व एलेना केगन भी बहुमत में शामिल थे। फैसले के तुरंत बाद ट्रंप ने एक अलग कानून के तहत 10% का नया टैरिफ लागू कर दिया, जो 150 दिनों तक प्रभावी रहेगा और जिसे बढ़ाकर 15% करने की भी योजना है। वहीं, न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व के एक हालिया शोध पत्र में कहा गया कि लगभग 90% टैरिफ का आर्थिक बोझ अंततः अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं पर पड़ा, जिससे टैरिफ के वास्तविक प्रभाव पर बहस तेज हो गई है।

# वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक भारत की पहुंच

### आर्थिक साझेदारियों पर बोले गोयल

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक साझेदारियों को तेजी से मजबूत कर रहा है। अब देश को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक व्यापार पहुंच प्राप्त है।



गोयल ने यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा आयोजित 5वें नेशनल एक्सपोर्ट्स कॉम्पिटिटिवनेस समिट 2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म थीम पर आधारित इस समिट में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निर्माता, राजनयिक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं मंत्री ने कहा कि जब दुनिया अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, तब भारत व्यापार, विश्वास और परिवर्तन के पुल बना रहा है। इसे वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और ये सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हुए हैं। गोयल के अनुसार, इन समझौतों ने भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया यह नहीं पूछती कि भारत के साथ व्यापार करना है या नहीं, बल्कि यह पूछती है कि भारत के साथ व्यापार और कारोबारी संबंध कितनी तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं।

**भारत ने एक ही दिन में कैसे किए व्यापार वार्ता?**

तेजी से बढ़ रही व्यापार कूटनीति का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक ही दिन में छह घंटे के भीतर भारत ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ एफटीए वार्ता शुरू की, इस्राइल के साथ समझौते को अंतिम रूप देने पर चर्चा की और चिली के साथ वार्ता शुरू करने की तैयारी की। मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ एफटीए लागू होने के बाद इन देशों के साथ भारत का वस्तु व्यापार दोगुना हो चुका है, जो गहरे व्यापारिक समझौतों के प्रत्यक्ष लाभ को दर्शाता है।

निर्यात वृद्धि को गति देने के लिए गोयल ने चार बिंदुओं की रणनीति पेश की। इसमें एमएसएमई और स्थानीय क्लस्टरों तक एफटीए के लाभ की व्यापक जानकारी पहुंचाना, विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों पर जोर, उच्च मूल्य वाले उत्पादों के जरिए वैल्यू चेन में ऊपर बढ़ना और जिला स्तर पर निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए बड़ी कंपनियों द्वारा मार्गदर्शन शामिल है।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपके करियर और अध्ययन की गतिविधियाँ आपके पेशेवर जीवन में भावनात्मक तीव्रता लाएँगी। आपको टीम सेटिंग में संघर्ष का अनुभव हो सकता है, इसलिए धैर्य रखें। महिलाओं के साथ अवसर पैदा होते हैं, जो सहयोग के लिए नए रास्ते प्रदान करते हैं। अपने करियर पथ और शैक्षणिक प्रयासों को बढ़ाने के लिए इन अवसरों को अपनाएँ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपकी वित्तीय स्थिति में लगातार वृद्धि दिख रही है और आगे भी इसमें सुधार की संभावना है , परन्तु आप ऐसा महसूस करेंगे की आपके नियंत्रण से परे स्थितियां आपकी उत्पादकता और काम करने की क्षमता को प्रभावित कर रही है , लेकिन आपका डर निराधार हैं।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
जो लोग सेवा क्षेत्र में हैं , वे अपनी आय में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकते हैं हालाँकि अगर ऐसा नहीं होता है , तो आप खुलकर अपने विचारो को आवाज दे और ये सुनिश्चित रखे की इसे सुना जायेगा । काम का बोझ जो दिन के मध्य में ऊँचा रहेगा परन्तु उम्मीद है कि दिन के अंत तक वह कम होगा ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
पेशेवर परिस्थितियों में आपका आत्मविश्वास झलकता है, जिससे आप सहजता से नेतृत्व कर पाते हैं। अंतर्ज्ञान आपके निर्णय को तेज़ करता है, जिससे आप सूक्ष्म गतिशीलता को कुशलता से समझ पाते हैं। आपका आकर्षण और कलात्मक प्रतिभा, खासकर महिलाओं के साथ सहयोग करते समय, एक गहरी छाप छोड़ती है।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
भावनात्मक अंतर्दृष्टि और जिज्ञासा के मिश्रण से आपके करियर और पढ़ाई को फ़ायदा हो सकता है। आप पहल करने और अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए प्रेरित महसूस करेंगे। हालाँकि, तीव्र भावनाएँ मूड स्विंग या रिश्तों में बदलाव ला सकती हैं। पूरे दिन अपनी ऊर्जा को उत्पादक रूप से प्रवाहित करने के लिए संतुलित और केंद्रित रहें।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
जैसे जैसे दिन आगे की और बढ़ेगा ये और बेहतर होता चला जाएगा। आपने पिछले कुछ दिनों में जो निराशाओं का अनुभव किया है , उनका अंत हो जाएगा और आप आशावादिता की ताजा हवा में सांस ले सकते हैं। आपके वरिष्ठ अधिकारी आपकी क्षमता के अनुरूप कठिन मुद्दों से निपटने के लिए आपको पुरस्कृत भी कर सकते है ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आप एक ऐसे सफल पेशेवर से मिल सकते है जो आपका कार्य करने के लिए उपलब्ध सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है , लेकिन उसके साथ साझेदारी के गठन से पहले थोड़ा सावधान रहे , संभावना है कि वह कार्य के मध्य में अपनी दरों में वृद्धि कर सकता है । सर्वश्रेष्ठ विकल्प ये होगा की आप ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करे जिसमे दरें गतियमान की बजाय स्थायी हो ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आपके करियर में स्थिर गति आएगी क्योंकि ऊर्जा का पोषण आपको नए अवसरों का समर्थन करने में मदद करेगा। स्थिरता आपके कार्यों का मार्गदर्शन करती है, जबकि प्रेरणा में वृद्धि आपको नए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए प्रेरित करती है। पेशेवर रिश्तों में जोश की चिंगारी भड़क सकती है, इसलिए स्पष्ट संचार बनाए रखें।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आप पाएंगे कि आपकी ऊर्जा का स्तर बढ़ गया है, जिससे आपको विभिन्न परिस्थितियों में काम करने के अवसर मिलेंगे। एक जीवंत माहौल की अपेक्षा करें जो आपको पूरी ईमानदारी से काम करने के लिए प्रोत्साहित करे। सावधान रहें, क्योंकि चोट लगने या अप्रत्याशित मूल्य उतार-चढ़ाव की संभावना है।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
एकांत गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें, धैर्य में शक्ति पाएं। चुनौतियाँ आ सकती हैं, फिर भी आपकी मेहनत रंग लाएगी। आप किसी भी बाधा का डटकर सामना कर पाएंगे। बाधाओं पर काबू पाने में धैर्य रखें। संतुलन बनाए रखें, और आपका समर्पण आपको काम और अध्ययन की मांगों के माध्यम से मार्गदर्शन करेगा।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपका कार्य जीवन रोलरकोस्टर की तरह लग सकता है जो आपको अपनी परियोजनाओं को पोषित करने के लिए प्रेरित करता है। आपका आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ेगी, जिससे आप बैठकों में चमकेंगे। ऐसे आश्चर्य की अपेक्षा करें जो उत्साह लाएँ। आप कार्यों के साथ प्यार में पड़ सकते हैं और खत्म हो सकते हैं,।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
काम पर आपका आत्मविश्वास मज़बूत है, और रचनात्मकता सहजता से प्रवाहित होती है, जिससे आप कार्यों को कुशलता से कर पाते हैं। अपनी भलाई को प्राथमिकता दें, क्योंकि कम प्रतिरोध आपको असुरक्षित महसूस करा सकता है। काम की गतिशीलता को समझते हुए, अपनी सहज प्रवृत्ति पर भरोसा रखें, ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# सरकारी कंपनियों के आईपीओ से 2030 तक 20 अरब डॉलर जुटाएगा केंद्र, निजीकरण की योजना टाली

**नीति आयोग की रिपोर्ट**

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में आईपीओ के जरिये हिस्सा बेचकर 2029-30 तक 1.79 लाख करोड़ रुपये (20 अरब डॉलर) जुटाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, कंपनियों के पूरी तरह से निजीकरण की योजना को टाल दिया गया है।

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अगले चार वर्षों में सरकारी संपत्तियों का मौद्रिकरण कर 183.7 अरब डॉलर जुटाने के प्रयास का हिस्सा होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेलवे, बिजली, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, विमानन और कोयला क्षेत्रों की कंपनियों के आईपीओ आएंगे। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिसंपत्ति मौद्रिकरण के दूसरे चरण का हिस्सा है, जिसके जरिये 2029-30 तक कुल 16.72 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, कंपनियों में कम हिस्सेदारी की बिक्री और निजीकरण सरकार की बजट घाटे को कम करने की योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हालांकि, सरकार ने 2024 के बाद विनिवेश के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित करना बंद कर दिया है।

**पहले पूंजी जुटाने में होती थी मुश्किल**

केंद्र सरकार को पहले सरकारी कंपनियों के पूर्ण निजीकरण के माध्यम से धन जुटाने में कठिनाई होती थी और हाल ही में उसने पुनर्निवेश के लिए पूंजी जुटाने हेतु इन कंपनियों की परिसंपत्तियों और सहायक कंपनियों के मुद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

**रेलवे कंपनियों से 837 अरब जुटाने की तैयारी**

सरकार का लक्ष्य आईपीओ के जरिये सात रेलवे कंपनियों में हिस्सा बेचना है, जिससे 2030 तक संभावित रूप से 837 अरब रुपये मिल सकते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में कंपनियों के नाम नहीं बताए गए हैं। सरकार का लक्ष्य अगले वित्त वर्ष 2026-27 में शेयर बाजार में लिस्टिंग के माध्यम से 170 अरब रुपये जुटाना है। 2027-28 में गेल (इंडिया) की सहायक कंपनी गेल गैस को सूचीबद्ध करने की योजना है। इससे 31 अरब रुपये जुटाए जा सकेंगे।

**बिजली-कोयला कंपनियों के साथ चार हवाईअड्डों में भी हिस्सा बेचेगी सरकार**

केंद्र ने चार वर्षों में सरकारी बिजली कंपनियों की सहायक इकाइयों को सूचीबद्ध कर 310 अरब जुटाने की भी योजना बनाई है। कोल इंडिया की सहायक कंपनियों और एनएलसी इंडिया की नवीकरणीय ऊर्जा संपत्तियों के आईपीओ से 483 अरब रुपये जुटाने की भी योजना है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपनी एक सहायक कंपनी और निजी साझेदारों के साथ संयुक्त उद्यम स्वामित्व वाले चार हवाईअड्डों में अपनी हिस्सेदारी बेचेगा।

## सोना 3 दिन में 5 हजार रुपया महंगा हुआ

**10 ग्राम 1.60 लाख रुपये पर पहुंचा, चांदी आज 6,455 रुपये बढ़कर 2.69 लाख रुपये किलो हुई**

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 फरवरी को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 582 रुपए बढ़कर 1,59,823 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,59,241 रुपए पर था। सोने में ये लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त है। तीन दिनों में ये 5,000 बढ़ चुका है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 6,455 रुपए बढ़कर 2,69,367 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसकी कीमत 2,62,912 रुपए किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

# एक और बड़े ट्रेड डील की ओर भारत-छठा नया व्यापारिक पार्टनर बनेगा कनाडा!

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और कनाडा के बीच ट्रेड डील फाइनल होने के आसार शुरू हो चुके हैं। अगर यह संभव हो गया तो कनाडा वह छठा बड़ा देश या वैश्विक समूह होगा, जिसके साथ भारत ने साल भर के अंदर व्यापारिक समझौते किए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक समझौते के लिए बातचीत डेढ़ दशक पहले ही शुरू हुई थी, लेकिन कूटनीतिक रुकावटों की वजह से यह अबतक अधर में लटका रहा है। लेकिन, पिछले साल मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों देश फिर से राजनीतिक रूप से करीब आने लगे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी ट्यूनिंग भी बैठ रही है।

**भारत और कनाडा ट्रेड डील पर चर्चा**


कनाडा के साथ सुधरते रिश्ते का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो



सकता है कि कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी न सिर्फ गुरुवार (26 फरवरी,2026) से 10 दिनों के भारत दौरे पर आ रहे हैं, बल्कि वह इस बार यहां पर होली जैसे त्योहार का भी आनंद उठाएंगे। हमारे सहयोगी अंग्रेजी अखबार इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर नए सिरे से बातचीत की शुरू हो सकती है।

**भारत-कनाडा में 70 अरब डॉलर का ट्रेड टारगेट**

भारत और कनाडा इस बार ट्रेड डील के दौरान आपसी कारोबार का लक्ष्य साल 2030 तक के लिए 70 अरब डॉलर सालाना के महत्वाकांक्षी लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। संभावना है कि होली के दो दिन पहले यानी 2 मार्च को जब मार्क कार्नी की पीएम मोदी के साथ मुलाकात होगी, तो यह मुद्दा सबसे ज्यादा प्रभावी रहेगा। भारत और कनाडा के बीच ट्रेड डील पर चर्चा 2010 में ही शुरू हुई थी, लेकिन कूटनीतिक अवरोधों की वजह से यह कई बार रुक चुकी है।



# 2 से ज्यादा संतान वाले भी लड़ सकेंगे चुनाव

## भजनलाल कैबिनेट का ऐतिहासिक फैसला




जयपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में एक बड़ा राजनीतिक दांव खेलते हुए पंचायत और निकाय चुनावों से जुड़े नियमों में क्रांतिकारी बदलाव को हरी झंडी दे दी है। अब राजस्थान में दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति भी चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। कैबिनेट के इस फैसले के बाद जल्द ही विधानसभा में संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा।

**28 साल पुरानी बंदिश खत्म, अब संतान संख्या नहीं बनेगी बाधा**

कैबिनेट ने राजस्थान पंचायत अधिनियम की धारा 19 और नगर पालिका अधिनियम की धारा 24 में संशोधन को मंजूरी दी है।

बड़ा बदलाव: अभी तक दो से ज्यादा संतान होने पर स्थानीय चुनाव लड़ने पर पाबंदी थी, जिसे अब हटाने का निर्णय लिया गया है।

राजनीतिक असर: इस फैसले से उन हजारों जमीनी कार्यकर्ताओं को राहत मिलेगी जो संतान संबंधी नियमों के कारण चुनावी राजनीति से दूर थे।

प्रक्रिया: कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब इस बिल को सदन में रखा जाएगा, जिसके बाद यह कानून का रूप लेगा।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि कैबिनेट ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 2026 और राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2026 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिस संबंध में सरकार जल्द विधेयक लेकर आएगी।

अजमेर को सौगात: खुलेगा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

नया विश्वविद्यालय: अजमेर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का नया विश्वविद्यालय खोला जाएगा।

प्रारूप को मंजूरी: मंत्रिमंडल ने इस विश्वविद्यालय के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया है, जिससे राजस्थान आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के हब के रूप में उभरेगा।

अपराधों पर लगाम: 'राजस्व आसूचना एवं अपराध निदेशालय' का गठन

ठगी और टैक्स चोरी रोकने के लिए सरकार ने एक नया और शक्तिशाली तंत्र बनाने का फैसला किया है।

कार्यक्षेत्र: इस नए निदेशालय का कार्यक्षेत्र संपूर्ण राजस्थान होगा।

इन पर होगी कार्रवाई: शेयर बाजार की अनियमितताएं, फर्जी नौकरियां, जमीनों के पंजीयन में धोखाधड़ी और ठगी जैसे अपराधों पर अब यह निदेशालय सीधी नजर रखेगा।

राजस्व सुरक्षा: इससे टैक्स चोरी और राजस्व लीकेज रुकेगा। सरकार ने इसके लिए 107 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है।

**पहली बार विधानसभा में कैबिनेट: एक नई परंपरा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई यह बैठक कई मायनों में खास रही। यह पहली बार है जब कैबिनेट की आधिकारिक बैठक विधानसभा के मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के बाद डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, मंत्री जोगाराम पटेल और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने प्रेस वार्ता कर इन महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी साझा की।

# खाटू से जयपुर की प्राइवेट बसें बंद !

## हज़ारों श्रद्धालु फंसे

सीकर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सीकर के विश्वप्रसिद्ध खाटूश्यामजी में चल रहे फाल्गुनी लक्खी मेले के बीच राजस्थान से एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। बाबा श्याम के दर्शनों के लिए उमड़ रहे लाखों श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच खाटू-जयपुर मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों का पहिया थम गया है। बस ऑपरेटरों की हड़ताल और परमिट विवाद के कारण पिछले दो दिनों में 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु बीच रास्ते में फंस गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि यात्री रोडवेज बसों की छतों पर लटककर जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

'हारे के सहारे' बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने आए भक्तों के लिए इस बार की यात्रा बेहद कष्टकारी साबित हो रही है। खाटू से जयपुर जाने वाली करीब 70 प्राइवेट बसों ने अपना संचालन पूरी तरह बंद कर दिया है। बस ऑपरेटरों और प्रशासन के बीच 'सिंधी कैंप' तक बस ले जाने की अनुमति को लेकर छिड़ा विवाद अब हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा पर भारी पड़ रहा है।




वर्तमान नियमों के अनुसार, खाटू से आने वाली प्राइवेट बसों को जयपुर शहर के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं है। इन बसों को जयपुर के बाहर 14 नंबर बाईपास स्थित हीरापुरा बस स्टैंड पर ही सवारियां उतारनी पड़ती हैं।

श्रद्धालुओं की मांग: मेले में आने वाले अधिकतर भक्त रेलवे स्टेशन या सिंधी कैंप (मुख्य बस स्टैंड) जाना चाहते हैं।

विवाद: जब ड्राइवर हीरापुरा पर बस रोकते हैं, तो श्रद्धालु सिंधी कैंप जाने की जिद करते हैं। इससे आए दिन मारपीट और कहासुनी की नौबत आ रही है।

**28 फरवरी तक का अल्टीमेटम**

'श्रीश्याम खाटू-जयपुर बस ऑपरेटर सेवा समिति' ने मेला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर साफ कर दिया है कि जब तक उन्हें मेले के दौरान (23 से 28 फरवरी तक) बिना जुर्माने सिंधी कैंप तक जाने की अनुमति नहीं मिलती, बसें नहीं चलेंगी।

यूनियन अध्यक्ष मनीष बाजिया और श्याम सींगड़ का कहना है कि ड्राइवर और कंडक्टर रोजाना यात्रियों के गुस्से का शिकार हो रहे हैं, ऐसे में बसें चलाना संभव नहीं है।

**रोडवेज बसों पर 'ओवरलोड' सफर!**

प्राइवेट बसों के बंद होने का सीधा असर रोडवेज बसों पर पड़ा है। खाटू रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा है।

मजबूरी की यात्रा: श्रद्धालु बसों के गेट पर लटककर और छतों पर बैठकर सफर कर रहे हैं।

प्रशासन का दावा: रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अतिरिक्त बसें लगाई हैं, लेकिन धरातल पर यात्रियों की संख्या के आगे ये इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

**मेले की व्यवस्थाओं पर उठते सवाल**

लक्खी मेले में प्रशासन का पूरा ध्यान मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं पर है, लेकिन परिवहन व्यवस्था के इस बड़े संकट ने श्रद्धालुओं को 'नो मेंस लैंड' में छोड़ दिया है। बस ऑपरेटरों की हड़ताल ने न केवल यात्रियों को परेशान किया है, बल्कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था को भी चुनौती दी है क्योंकि सड़कों पर खड़े हजारों लोग दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

**विधानसभा में उठा मामला**

खाटूश्यामजी मेले के बीच प्राइवेट बस हड़ताल से उपजी अव्यवस्था का मुद्दा बुधवार को राजस्थान विधानसभा में भी उठा। इसपर परिवहन मंत्री और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कड़ा रुख अपनाया है। विधायकों की मांग पर उन्होंने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को श्याम भक्तों के लिए अतिरिक्त बसों और मिनी बसों के तुरंत इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

# सामने आया सांसद हनुमान बेनीवाल का 'पंचायती राज' प्लान

## 5 'सेनापतियों' ने संभाला ज़िम्मा

जयपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में 'छोटी सरकार' यानी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है। नागौर सांसद और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपना मास्टर प्लान साझा किया है। बेनीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक विशेष टीम गठित की है, जो गुरुवार, 26 फरवरी से उत्तर राजस्थान के दो महत्वपूर्ण जिलों- श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के दौरे पर रहेगी।

**बेनीवाल के 5 'सेनापति' जो संभालेंगे मोर्चा**

सांसद हनुमान बेनीवाल के निर्देशों पर आरएलपी के 5 सबसे भरोसेमंद चेहरों को चुनावी रण में उतारा गया है:

संगठन विस्तार: पार्टी के पुराने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 'बूथ स्तर' को मजबूत किया जाएगा।

रणनीति: आगामी पंचायती राज और निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन और प्रचार की रूपरेखा तैयार होगी।

जन-समस्याएं: किसानों की सिंचाई, बिजली और मुआवजे जैसी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए सरकार के खिलाफ रणनीति बनाई जाएगी।

**सांसद की खुद की एंट्री: जनसभाओं से गूंजेगा मरूधरा**



इन पांच नेताओं के शुरुआती दौरे के बाद खुद हनुमान बेनीवाल श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के मैदान में उतरेंगे।

युवा-किसान संवाद: बेनीवाल खुद युवाओं और किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को संसद तक उठाने का वादा करेंगे।

विशाल जनसभाएं: दोनों जिलों में कई स्थानों पर सार्वजनिक सभाएं आयोजित की जाएंगी, जिन्हें 'RLP की हुंकार' के तौर पर देखा जा रहा है।

**श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ ही शुरुआत क्यों?**

हनुमान बेनीवाल जानते हैं कि उत्तरी राजस्थान का यह हिस्सा 'किसान राजनीति' का गढ़ है। सिंचाई पानी और एमएसपी जैसे मुद्दे यहाँ चुनाव तय करते हैं। आरएलपी का फोकस यहाँ के किसान वोट बैंक में सेंध लगाकर पंचायत चुनाव में अपना दबदबा कायम करना है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जमीन तैयार की जा सके।

**राजस्थान हाई कोर्ट और चुनाव की डेडलाइन**

राजस्थान हाई कोर्ट ने हाल ही में राज्य सरकार को 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसी के चलते सभी दल अब पूरी ताकत झोंक रहे हैं। बेनीवाल की यह सक्रियता दर्शाती है कि वे इस बार 'किंगमेकर' नहीं, बल्कि 'किंग' बनने की तैयारी में हैं।

## कोकिलाबेन का 92वां जन्मदिन

# अंबानी परिवार ने श्रीनाथजी के प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन करके मनाया



राजसमंद, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पुष्टिमार्गीय वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ नाथद्वारा में श्रीनाथजी मंदिर मंडल की उपाध्यक्ष कोकिला बेन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पूरे परिवार के साथ श्रीजी प्रभु के दर्शन किए। पूरे परिवार ने युवाचार्य विशाल बावा से आशीर्वाद लिया।

कोकिला बेन के 92वें जन्मदिन के अवसर पर पूरा अंबानी परिवार अपने ईष्ट प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन करने पहुंचा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चैयरमेन मुकेश अंबानी, उनके भाई अनिल अंबानी, पुत्र आकाश अंबानी, बहु श्लोका अंबानी, पुत्र अनंत अंबानी, बहु राधिका अंबानी, अंशुल अंबानी, अनमोल अंबानी, नीना बेन कोठारी, दीप्ति सालगांवकर सहित पूरे अंबानी परिवार एवं धनराज नाथवानी ने श्रीजी प्रभु की संध्या आरती के दर्शन किए।

दर्शन पश्चात युवाचार्य विशाल बावा ने अंबानी परिवार के सभी सदस्यों का फेंटा बांधकर, रजाई व ऊपरना ओढ़ाकर एवं प्रसाद प्रदान कर मंदिर की परंपरानुसार समाधान किया। सभी ने विशाल बावा का आशीर्वाद लिया। वल्लभ कुल की दीक्षिता बहू ने भी आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान पूरे परिवार ने गोस्वामी तिलकायत इंद्रदमन (राकेश) महाराज और राजेश्वरी गोस्वामी से वीडियो कॉल पर आशीर्वाद लिया। तिलकायत ने कोकिला बेन को जन्मदिन पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। महाप्रभुजी की बैठक में 51 वेदपाठी ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन एवं मंगलाचरण के पाठ किए। मोती महल चौक में भजन गायन कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

अंबानी परिवार के दर्शन सहित सभी कार्यक्रमों के दौरान श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, तिलकायत के मुख्य सलाहकार अंजन शाह, बोर्ड सदस्य समीर चौधरी, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, मंदिर मंडल के सीईओ जितेंद्र पांडेय, तिलकायत सचिव लीलाधर पुरोहित, समाधानी उमंग मेहता, जमादार विट्ठल सनाढ्य, कैलाश पालीवाल, मोती महल निगरा गोपी वर्मा, सेवा विभाग सहित सेवादार मौजूद रहे।

# एसीबी का फिर 'धमाका'! रिश्वतखोर पटवारी ट्रेप

## सुबह-सुबह ले रहा था 50 हज़ार की घूस



धौलपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का असर धरातल पर दिखने लगा है। धौलपुर जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पटवारी वीरेंद्र शर्मा को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब आरोपी पटवारी नामांतरण खोलने की एवज में रिश्वत की राशि स्वीकार कर रहा था। जानकारी के अनुसार, परिवादी (शिकायतकर्ता) ने एसीबी के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी जमीन का नामांतरण खोलने के बदले संबंधित हल्का पटवारी वीरेंद्र शर्मा उससे पैसों की मांग कर रहा है। पटवारी ने काम करने के बदले भारी-भरकम रिश्वत की शर्त रखी थी, जिससे परेशान होकर पीड़ित ने कानून की मदद लेने का फैसला किया।

शिकायत मिलते ही एसीबी मुख्यालय के निर्देशानुसार डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी ज्ञानचंद मीणा ने किया। टीम ने पहले शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। पुष्टि होने के बाद, पटवारी को पकड़ने के लिए एक सटीक 'ट्रैप' (जाल) बिछाया गया।

जैसे ही परिवादी ने आरोपी पटवारी वीरेंद्र शर्मा को रिश्वत के 50,000 रुपये थमाए, आसपास सादा वर्दी में तैनात एसीबी की टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली है। एसीबी की इस अचानक हुई कार्रवाई से राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। एसीबी की इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी कार्यालयों में आम जनता को परेशान करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों की अब खैर नहीं है।

# 18 गांव अब टोल फ्री, विधायक की मौजूदगी में बनी सहमति; 5वें दिन आंदोलन समाप्त



झुंझुनू, 25 फरवरी (एजेंसियां)। झुंझुनूं-राजगढ़ स्टेट हाईवे-41 पर स्थित धनूरी टोल प्लाजा पर विभिन्न मांगों को लेकर टोल संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना 5वें दिन समाप्त हो गया। मंडावा विधायक रीटा चौधरी की मौजूदगी में हुई वार्ता के बाद आंदोलन समाप्ति की घोषणा की गई। हालांकि निर्णय के बाद भी कई ग्रामीणों में असंतोष देखा गया। टोल संघर्ष समिति के अरविन्द गढ़वाल ने बताया कि टोल मुक्ति को लेकर पिछले पांच दिनों से चल रहा आंदोलन मांगों पर सहमति बनने के बाद समाप्त कर दिया गया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक उपखंड अधिकारी, डिप्टी व धनूरी थानाधिकारी की मौजूदगी में आयोजित हुई, जिसमें विधायक रीटा चौधरी भी शामिल रहीं। वार्ता के दौरान कई बिंदुओं पर सहमति बनी। बैठक में सोनासर, पीपल का बास, कालेरा का बास, लूणा, अंबेडकर नगर, साहरणों की ढाणी, धनूरी, नयाबास, कायमसर, लादूसर, राहड़ों की ढाणी, बासड़ी, चैनपुरा, शोभा का बास, रामपुरा, फ्रांस का बास सहित कांट गांव को टोल मुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के निजी वाहनों के लिए 250 रुपये मासिक शुल्क पर बिना ट्रिप सीमा का पास जारी करने पर भी सहमति बनी। इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों ने फैसले पर नाराजगी जताई।

# पिछली सरकार के फैसले पर ब्रेक: कानोता में सैटेलाइट अस्पताल की उम्मीदों पर फिरा पानी

जयपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। कानोता में प्रस्तावित 50 बेड के सैटेलाइट अस्पताल के निर्माण पर अब पूरी तरह ब्रेक लग गया है। बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा की ओर से विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सक्षम स्तर पर निर्णय लेते हुए अस्पताल निर्माण का कार्यादेश वापस ले लिया है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि फिलहाल इस अस्पताल को पुनः स्वीकृत कर बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**गहलोत सरकार की घोषणा पर चली 'कैंची'**

गौरतलब है कि अप्रेल 2022 में आइपीडी टावर के शिलान्यास समारोह के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अस्पताल की घोषणा की थी। योजना के मुताबिक, जयपुर के चारों प्रमुख राजमार्गों पर चार सैटेलाइट अस्पताल बनाए जाने थे, जिसके लिए 25-25 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया था। इस बजट का वहन नगरीय विकास विभाग, स्वायत्त शासन विभाग और आवासन मंडल को संयुक्त रूप से करना था।

**काम शुरू होने के बाद निरस्त हुआ अनुबंध**

घोषणा के बाद जेडीए ने प्रक्रिया शुरू करते हुए 19.11 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण का जिम्मा मैसर्स हरि नारायण खंडेलवाल को सौंपा था। संशोधित समय-सीमा के अनुसार इस अस्पताल का काम सितंबर 2024 तक पूरा होना था। लेकिन इससे पहले ही जेडीए ने सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से अनुबंध को निरस्त कर दिया, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों की चिकित्सा सुविधाओं की उम्मीदें फिलहाल खत्म हो गई हैं।

# लेपर्ड की दस्तक से लोगों में दहशत

सवाई माधोपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। रणथंभौर टाइगर रिजर्व से सटे सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के पुराने शहर में इन दिनों लेपर्ड की चहलकदमी आम होती जा रही है। रामलीला मैदान, डूंगरपाड़ा, 72 सीढ़ी स्कूल और राजबाग क्षेत्र में रात के समय लगातार लेपर्ड देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बीती रात भी 72 सीढ़ी स्कूल के पास एक लेपर्ड नजर आया, जिसके बाद वह रामलीला मैदान की ओर जाता दिखाई दिया। यहां एक गाय के बछड़े पर हमले की भी सूचना है। घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। बताया जा रहा है कि सोमवार और इसी इलाके में लेपर्ड की मूवमेंट देखी गई। केरल पंसेरी बालाजी मंदिर के पीछे से तेज गुर्राहट की आवाज सुनाई देने से लोग सहम गए। इलाके के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी लेपर्ड का मूवमेंट कैद हुआ है। लगातार हो रही दस्तक से स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है और उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है।

# महिला टीचरों को अश्लील मैसेज और 'मौत' की धमकी

## कलेक्टर टीना डाबी के सामने गुरुजी की हरकतों का खुलासा

बाड़मेर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। बाड़मेर में एक शिक्षक की ओर से 5 महिला सहकर्मियों को अश्लील मैसेज भेजने और एक शिक्षिका को घर से उठाकर दुष्कर्म करने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षकों की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने कड़ा संज्ञान लिया, जिसके बाद आरोपी शिक्षक को तत्काल निलंबित कर दिया गया। आगे पढ़िए शिक्षा के मंदिर को कैसे शर्मसार किया इस शिक्षक ने।

बाड़मेर: बाड़मेर के एक सरकारी स्कूल से गुरु-शिष्य की परंपरा और सहकर्मियों के सम्मान को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक ने शिक्षा के मंदिर को अपनी काली करतूतों का अड्डा बना दिया। आरोपी शिक्षक पर अपनी ही पांच महिला सहकर्मियों को अश्लील मैसेज भेजने, आधी रात को फोन कर प्रताड़ित करने और एक शिक्षिका को घर से उठाकर दुष्कर्म करने जैसी खौफनाक धमकी देने का आरोप लगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस घिनौने कृत्य का खुलासा तब हुआ जब स्कूल की पांच महिला शिक्षिकाएं हिम्मत जुटाकर बाड़मेर जिला कलेक्टर से व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंचीं। उन्होंने लिखित शिकायत देते हुए बताया कि संबंधित शिक्षक लंबे समय से उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था।

# विधायक से तीखी बहस के बाद तहसीलदार ने मांगी माफी

## विधानसभा में हुआ मामला समाप्त

दौसा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा से विवाद के बाद तहसीलदार गजानंद मीणा ने माफी मांग ली है। गौरतलब है कि 2 फरवरी को दौसा में ट्रक यूनियन के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विधायक और तहसीलदार के बीच तीखी बहस हो गई थी। इस प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया था।

अब तहसीलदार गजानंद मीणा ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को माफीनामा भेजकर अपने व्यवहार पर खेद जताया है। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में माफीनामा पढ़कर सुनाया और कहा कि मामले को यहीं समाप्त किया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में बताया कि दौसा विधायक से जुड़े इस मामले की जानकारी उन्हें विपक्षी विधायकों ने दी थी। उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए दौसा कलेक्टर से फोन पर बात की और अगले दिन तहसीलदार को तलब कर पूरे घटनाक्रम पर चर्चा की। जांच में यह सामने आया कि तहसीलदार का व्यवहार जनप्रतिनिधि की गरिमा के अनुरूप नहीं था। इसके बाद कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

माफीनामे में तहसीलदार गजानंद मीणा ने लिखा कि 2 फरवरी को विधायक दीनदयाल बैरवा के साथ उनका व्यवहार गरिमापूर्ण नहीं था और उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इस पर खेद व्यक्त करते हुए भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दिया।

## टोलीचौकी पुलिस ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार

### पांच लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। टोलीचौकी पुलिस स्टेशन की टीम ने दो वाहन चोरी के मामलों का सफल समाधान किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच चोरी किए गए वाहन बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। बीते 6 फरवरी 2026 को ख्वाजा नवाब, एक वेल्डिंग मजदूर ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी होंडा शाइन चोरी हो गई है। 5 फरवरी को सुबह 10 बजे वह अपनी बाइक न्यू मॉडर्न वेल्डिंग शॉप, हकीमपेट, टोलीचौकी के बाहर पार्क कर गए थे। लगभग 11 बजे लौटने पर वाहन गायब पाया गया। इसी क्रम में 6 फरवरी को दोपहर 5 बजे, मजदूर मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने अपनी होंडा शाइन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। वाहन फातिमा मस्जिद, ब्रिंदावन कॉलोनी, टोलीचौकी के पास पार्क था। बुधवार को पैरामाउंट कॉलोनी में वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। क्राइम टीम ने उसका पीछा कर गेट नंबर 1, पैरामाउंट कॉलोनी में उसे पकड़ लिया। आरोपी होंडा शाइन चला रहा था और वाहन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान मोहम्मद बशुमिया, निवासी , विनायक नगर, फिल्म नगर, बताई। उसने स्वीकार किया कि वह वाहन चोरी कर पैसे कमाता था और अपनी आदतों व जीवनशैली को बनाए रखने के लिए चोरी करता था। आरोपी चोरी के लिए मास्टर की का उपयोग करता था। उसकी स्वीकृति के आधार पर पुलिस ने चोरी किए गए पांच वाहन बरामद किए। यह अभियान एसएचो एल. रमेश नायक, एसआई एम. सतीश कुमार, एसआई आर. पांडु नायक और टोलीचौकी पुलिस स्टेशन की क्राइम टीम द्वारा संचालित किया गया, जिनका मार्गदर्शन एसआईबी, सैय्यद फ़ैयाज़, एसीपी, टोलीचौकी डिवीजन ने किया। टीम ने मामलों को तेज़ी से सुलझाने, आरोपी को पकड़ने और चोरी की संपत्ति बरामद करने में सराहनीय पेशेवर कौशल दिखाया।

## दासोजू श्रवण ने कुम्मेरा हमले की निंदा की

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति के एमएलसी दासोजू श्रवण ने नागरकुर्नूल जिले के कुम्मेरा गांव में एक बीसी परिवार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें दो महीने के बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र की हत्या और सभ्य समाज पर कलंक बताया।

श्रवण ने ए रेवंत रेड्डी के गृह जिले में कानून-व्यवस्था की विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर में प्रवेश शुल्क को लेकर हुआ हमला सत्ता समर्थित जातिवाद को दर्शाता है।

# क्रांतिकारी ऐप लागू करने वाला पहला रेलवे क्षेत्र बना एससीआर : संजय श्रीवास्तव

### दक्षिण मध्य रेलवे ने पेश किया अगली पीढ़ी का रेल पार्सल ऐप
### पार्सल की बुकिंग और डिलीवरी होगी आसान




हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। दक्षिण मध्य रेलवे ने आज रेल निलयम, सिकंदराबाद में 'रेल पार्सल लॉजिस्टिक्स' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर दक्षिण मध्य रेलवे महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने नई पीढ़ी का 'रेल पार्सल ऐप' लॉन्च किया। यह ऐप ग्राहकों को घर से घर तक पार्सल बुकिंग और डिलीवरी की सहज डिजिटल सुविधा प्रदान करता है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश, अतिरिक्त महाप्रबंधक, संतोष कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल, डॉ. आर. गोपालकृष्णन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

संजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह गर्व का क्षण है कि दक्षिण मध्य रेलवे ने इस क्रांतिकारी ऐप को लागू करने वाला पहला रेलवे क्षेत्र बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पार्सल व्यवसाय भारतीय रेलवे के उतनी ही पुरानी परंपरा का हिस्सा है और अब यह डिजिटल युग में प्रवेश कर रहा है। इस ऐप के माध्यम से पार्सल कार्यालय सीधे ग्राहकों की जेब में आ गया है, जिससे फॉर्म भरने या लंबी कतार में खड़े होने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। आधुनिक युग में पार्सल बुकिंग टैक्सी बुक करने जितनी आसान होनी चाहिए, और यह ऐप इसे संभव बनाता है। उन्होंने कहा कि ऐप तेज, भरोसेमंद पार्सल सेवाएं, पारदर्शिता और ग्राहकों की सुविधा में वृद्धि करता है। रेल पार्सल ऐप में कई विशेषताएँ है।

घर से उठाने से लेकर डिलीवरी तक एकीकृत बुकिंग सुविधा, पार्सल की उठान, रेल यात्रा और डिलीवरी सभी चरणों की लगातार जानकारी, पार्सल के प्रत्येक चरण पर तुरंत सूचना सीधे ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, शुल्क, सेवा विकल्प और रेटिंग की जानकारी ग्राहकों को निर्णय लेने में मदद करती है। इसके साथ ही सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यम से सुविधा है। प्रारंभिक चरण में यह ऐप सात स्थानों पर हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटूर, राजमंड्री, विशाखापट्टनम, बैंगलोर और चेन्नई शुरू किया गया है। इस अवसर पर दक्षिण मध्य रेलवे ने आईआईएम बैंगलोर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत आईआईएम बैंगलोर, अपने आपूर्ति शृंखला प्रबंधन केंद्र के माध्यम से, मांग पूर्वानुमान, औद्योगिक परामर्श, क्षेत्र सर्वेक्षण और बुनियादी ढांचे में अंतर का विश्लेषण करेगा। श्री शीवास्तव ने कहा कि इस पहल के तहत आईआईएम बैंगलोर एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करेगा, जो माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाएगा और रेलवे-आधारित लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगा। यह मिशन 2030 तक 3000 मिलियन टन माल लोडिंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देगा। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रधान वाणिज्यिक प्रबंधक, एससीआर श्रीमती इति पांडे ने स्वागत भाषण से किया। सत्य प्रकाश, अतिरिक्त महाप्रबंधक, के. पद्मजा, प्रधान संचालन प्रबंधक हेमा सुनीता, प्रधान वित्तीय सलाहकार, एससीआर ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

# डीजीपी ने गोदावरी पुष्करालू के सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी ने आगामी गोदावरी पुष्करालू के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बुधवार को डीजीपी कार्यालय में विभिन्न जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की।

बैठक में धर्मस्व विभाग की विशेष मुख्य सचिव शैलजा रामअय्यर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। डीजीपी ने अधिकारियों को सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पुष्करालू 26 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होगा, और नदियों के किनारे आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुख्ता सुरक्षा और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और फेसियल रिकग्निशन प्रणाली, वाहन नंबर पहचान कैमरे, ड्रोन सर्विलांस, वीडियो एनालिटिक्स और हीट मैप तकनीक, स्टेट लेवल रियल टाइम कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से निगरानी, यूनिफाइड मोबाइल ऐप और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, इमरजेंसी सेवाओं के लिए एम्बुलेंस और फायर वाहन ट्रैकिंग सिस्टम शामिल है। डीजीपी ने कहा कि प्रयागराज और नासिक कुंभ मेलों की तर्ज पर हजारों कैमरों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में एडीजी शांति एवं सुरक्षा महेश एम. भगवत, आईजीपी एस. चंद्रशेखर रेड्डी, गजराज भूपाल, शांति एवं सुरक्षा एआईजी रमण कुमार, विभिन्न जिलों के एसपी और कमिश्नर, तथा एन्डोमेंट विभाग के अधिकारी शामिल हुए और उन्होंने क्षेत्रीय तैयारियों पर सुझाव दिए। शैलजा रामअय्यर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नदियों के किनारे स्थित जिलों जैसे निजामाबाद, निर्मल, मनचिर्याल, जगितयाल, पेद्दपल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु और भद्राद्री-कोत्तगुडेम में सुरक्षा और तैयारियों का काम अभी से शुरू किया जाए।

उन्होंने पानी की गुणवत्ता, हवा और ध्वनि प्रदूषण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सहित स्मार्ट बिन, आरएफआईडी टैग वाले सफाई वाहन और तात्कालिक सोलर ग्रिड जैसी सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सघन योजना और तकनीकी निगरानी जरूरी है। डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी ने अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

## प्रत्येक टीम को एक लाइजन ऑफिसर आवंटित किया जाएगा : शिवधर रेड्डी

### फुटबॉल चैंपियनशिप-2026 की तैयारियों की समीक्षा

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना पुलिस विभाग द्वारा आयोजित 74वीं बी.एन. मुल्क मेमोरियल अखिल भारतीय पुलिस फुटबॉल चैंपियनशिप-2026 की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बुधवार को राज्य के डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी ने की। यह महाकुंभ अगले महीने 23 मार्च से 5 अप्रैल तक हैदराबाद में आयोजित होगा। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देशभर के पुलिस फुटबॉल खिलाड़ियों और केंद्रीय सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के स्वागत के लिए सिकंदराबाद, नामपल्ली, काचीगुड़ा रेलवे स्टेशन और शमशाबाद एयरपोर्ट पर विशेष रिसेप्शन टीमें तैनात की जाएंगी। प्रत्येक टीम को हिंदी और अंग्रेजी में पारंगत एक लाइजन ऑफिसर आवंटित किया जाएगा, जो खिलाड़ियों की आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी जिम्मेदारियों का पालन करेंगे। इसके अलावा खिलाड़ियों के रहने और परिवहन की व्यवस्था भी लाइजन ऑफिसर देखेंगे। समीक्षा बैठक में आरबीवीआरआर टीजीपीए निदेशक अभिलाषा बिष्ट, अतिरिक्त डीजीपी महेश एम. भगवत, अनिल कुमार, संजय कुमार जैन, सीपी अविनाश महंती, डॉ. एम. रमेश, आईजीपी गजराज भूपाल, रमेश नायुडू, अतिरिक्त सीपी तफसीर इकबाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीजीपी ने अधिकारियों से कहा कि सभी सुरक्षा, स्वागत और आयोजन व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं, ताकि यह प्रतियोगिता सफल और यादगार बने।

# सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारियों का खेल मीट आयोजित

### 60 से अधिक सदस्य हुए शामिल




हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईआरआरओए ) ने रेलवे अधिकारियों के लिए तीन दशकों में पहली बार स्पोर्ट्स और गेम्स मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में 60 से अधिक सेवानिवृत्त सदस्य, जिनमें 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ सदस्य और उनके जीवनसाथी भी शामिल थे, ने भाग लिया। रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सिकंदराबाद में हुए प्रतियोगिता में 100 मीटर वॉक (70 वर्ष से कम और 70+ श्रेणी), शॉर्ट पुट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज और कैरम सहित 12 आउटडोर और इनडोर खेल आयोजित किए गए। इस मीट का आयोजन एआईआरआरओए अध्यक्ष ए. वेंकटेश्वर, सचिव ई. सुकुमारन, खेल संयोजक डॉ. वी. इंदिरा, कोषाध्यक्ष दामोदर प्रसाद और स्वयंसेवक टीम ने किया। अध्यक्ष वेंकटेश्वर ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, फिटनेस और सेवानिवृत्त अधिकारियों के बीच सामूहिक बंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय रेलवे समुदाय में भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देते हैं और भविष्य में रेलवे की प्रगति के लिए प्रेरणादायक हैं।

# उच्च न्यायालय ने हाईड्रा पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, अवैध बाड़ हटाने का आदेश

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन.वी. श्रवण कुमार ने बुधवार को हाईड्रा पर निजी भूखंडों की अवैध बाड़बंदी के लिए 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायालय ने निर्देश दिया कि बाड़ को तुरंत हटाया जाए, अन्यथा एजेंसी को अनुपालन होने तक प्रतिदिन 1 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। यह आदेश जोन्नालगड्डा पद्मिनी और प्रहारराजू राज्य लक्ष्मी द्वारा दायर रिट याचिकाओं पर पारित किया गया। याचिकाकर्ताओं ने उप्पल मंडल के मल्लापुर गांव स्थित बाबानगर सहकारी आवास सोसायटी के सर्वे नंबर 100 में 500 वर्ग गज के प्लॉट नंबर 184 और 185 पर स्वामित्व का दावा किया था।

न्यायालय ने पूर्व में नियुक्त अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट पर विचार किया, जिसमें पुष्टि की गई थी कि संबंधित प्लॉट लगभग 1,804 वर्ग गज के एक बड़े बाड़ वाले क्षेत्र के भीतर स्थित हैं और स्थल पर हाईड्रा का साइनबोर्ड भी लगा है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने दलील दी कि दीवानी अदालत पहले ही उन्हें प्लॉटों का पूर्ण स्वामी और कब्जेदार घोषित कर चुकी है तथा उनके कब्जे में हस्तक्षेप पर रोक लगा चुकी है। न्यायमूर्ति श्रवण कुमार ने कहा कि सक्षम दीवानी न्यायालय द्वारा अधिकारों का निर्धारण हो जाने के बाद प्रतिवादी एजेंसी भूमि पर एकतरफा बाड़ नहीं लगा सकती। अदालत ने एजेंसी के आचरण को मनमाना और अनुचित बताते हुए तत्काल बाड़ हटाने तथा याचिकाकर्ताओं को 1 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया। मामले को अनुपालन रिपोर्ट के लिए 18 मार्च तक स्थगित कर दिया गया है।


**पूर्व तट रेलवे**

**शुद्धिपत्र सं-1**

निविदा सूचना सं. eT-West-WAT-02-2026, दिनांक : 18.02.2026

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| मौजूदा विज्ञापित निविदा मूल्य | संशोधित विज्ञापित निविदा मूल्य |
|---|---|
| ₹ 5,17,65,744.81 | ₹ 5,17,65,571.19 |

विवरण के लिए इच्छुक निविदाकर्ता(ओं) को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1169/Q/25-26



**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**संख्या-जी/सी/ई-नीलामी लीजिंग/2025-26/01, दि.24/02/2026**

PUB/2015

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, गुंटकल डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे -दमरे द्वारा ई-नीलामी के बंद छोर पर, अठारह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के भारतीय नागरिकों तथा भारत में पंजीकृत कंपनियों/फर्मों से, https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित हैं।

| क्रम सं. | कैटलाग नं. | श्रेणी | कैटलाग के स्थान | नीलामी तिथि | नीलामी शुरू समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीटीएल-एसएलआर-2526-डी3 | एसएलआर की लीजिंग | ट्रेन 04 एसएलआरज | 04.03.2026 | 11:15 |
| 2 | जीटीएल-एसएलआर-2526-डी2 | एसएलआर की लीजिंग | 9ट्रेन 09 एसएलआरज | 05.03.2026 | 11:00 |

इच्छुक पार्टीज तथा ठेकेदार निम्न विषय पर ध्यान दें कि, ई-नीलामी प्रक्रिया से अवगत होने तथा तत्संबंधित में भाग लेने हेतु आईआरईपीएस वेबसाइट के होम पेज की बायीं तरफ बार पर उपलब्ध, दि लर्निंग सेंटर (यूजर मैन्युएल्स) द्वारा डाउनलोड किए गए यूजर मैन्युएल पर जाएं। अधिक स्पष्टीकरणों जानकारी हेतु, बोलीदाता या बिड्डर्स, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, गुंटकल कार्यालय पर संपर्क कर सकते है।

A2557 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, गुंटकल


## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### मोदी की दमदार ...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल अवीव के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के साथ ही भारत और इजरायल अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ उनकी घनिष्ठ मित्रता को जाता है। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष एक सुरक्षा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले हैं, जिसके तहत भारतीय और इजरायली रक्षा उद्योग तकनीक शेयर करने को पूरी तरह से गोपनीय रखेंगे। दोनों देश भारत में संयुक्त रूप से हथियार प्रणालियों का विकास करेंगे। दोनों पक्ष वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक सहयोग को गहरा करके अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। इस दौरे में 10 बिलियन डॉलर की बड़ी रक्षा डील संभव है। खास तौर पर आयरन डोम सुरक्षा कवच देने को लेकर इजरायल से डील हो सकती है। भारत इजरायल के बीच बैलिस्टिक मिसाइल शील्ड, लेजर हथियार, ड्रोन और लंबी दूरी की स्टैंड-ऑफ मिसाइलों को लेकर डील हो सकती है। वहीं, डेविड्स स्लिंग और एरो जैसे एडवांस सिस्टम पर भी सहयोग बढ़ सकता है।

कई मामलों में समानता रखने वाले भारत और इजरायल कई मुद्दों पर एकमत हैं और संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिलकर भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारे (21वीं सदी का नया सिल्क रोड) के प्रबल समर्थक हैं। इससे चीन को भी मिर्ची लग सकती है, जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत पूरे मध्य एशिया तक अपना जाल फैलाना चाहता है।

### पीएम ने हमास हमले...

**मोदी के संबोधन की बातें**

1. इजराइली संसद में बोलना सम्मान- इजराइली संसद के सामने खड़े होकर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं एक प्राचीन सभ्यता भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दूसरी प्राचीन सभ्यता को संबोधित कर रहा हूं।

2. 140 करोड़ भारतीयों का संदेश लेकर आया हूं- 140 करोड़ भारतीयों की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं, मित्रता, सम्मान और मजबूत साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं।

3. भारत में यहूदी हमेशा सुरक्षित रहे- गर्व से कह सकता हू कि भारत में यहूदी समुदाय बिना किसी डर, भेदभाव या उत्पीड़न के साथ रहा है। उन्होंने अपनी आस्था को सुरक्षित रखा और समाज में पूरी भागीदारी की।

4. भारत-इजराइल में 2 हजार साल पुराने रिश्ते- भारत और इजराइल का रिश्ता 2 हजार साल से भी पुराना है। बुक ऑफ एस्तेर में भारत का जिक्र मिलता है और तलमुद में हमारे व्यापारिक संबंधों का उल्लेख है।

5. फर्स्ट वर्ल्ड वॉर में भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया- फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के दौरान इस क्षेत्र में 4 हजार से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने बलिदान दिया था। हमारा रिश्ता खून और त्याग से भी जुड़ा है।

6. आतंकवाद कभी सही नहीं- किसी भी कारण से आम नागरिकों की हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद कभी भी जायज नहीं है। भारत ने भी आतंकवाद का दर्द झेला है, इसलिए हमारी नीति स्पष्ट और सख्त है।

**नेतन्याहू के संबोधन की 5 बड़ी बातें**

1. भारत में यहूदियों पर कभी अत्याचार नहीं हुआ- भारत एक ऐसी सभ्यता है जहां यहूदियों को कभी सताया नहीं गया। भारत का धन्यवाद, वहां यहूदी समुदाय का हमेशा स्वागत और सम्मान किया गया।

2. भारत-इजरायल रिश्ते बेहद खास और मजबूत- दोनों देशों के संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि दिल से जुड़े हुए हैं। भारत और इजराइल का गठबंधन दोनों देशों की ताकत को कई गुना बढ़ा देता है।

3. मोदी हग' सच्ची दोस्ती का प्रतीक- 'मोदी हग' दुनिया भर में मशहूर है और यह औपचारिकता नहीं, बल्कि सच्चे रिश्ते की निशानी है।

4. साझेदारी से कई गुना बढ़ी ताकत- दोनों देशों ने मिलकर व्यापार दोगुना, सहयोग तीन गुना और आपसी समझ चार गुना बढ़ाई है। यह गठबंधन दोनों देशों की ताकत को कई गुना बढ़ाने वाला है।

5. मोदी को दोस्त से बढ़कर भाई बताया- मोदी मेरे ग्रेट फ्रेंड और विश्व मंच के बड़े नेता हैं। मैं मोदी को सिर्फ दोस्त ही नहीं, बल्कि भाई जैसा मानते हूं। पीएम मोदी एशिया के शेर हैं।

# श्री श्याम मन्दिर में 'फाल्गुन एकादशी महोत्सव' कल



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्री काँची कामकोटि पीठम् श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा, वीरन्नागुट्टा में इस वर्ष भी फाल्गुन सुदी 11 एकादशी के उपलक्ष्य में शुक्रवार 27 फरवरी को 'फाल्गुन एकादशी महोत्सव' का आयोजन किया जायेगा ।

उक्त जानकारी जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल द्वारा दी गई । श्री श्याम फाल्गुन उत्सव के अन्तर्गत मन्दिर को प्रातः 8 बजे से नगरद्वय के विभिन्न श्याम संस्थाओं द्वारा विभिन्न स्थानों से निकाली गई भव्य निशान शोभा यात्राओं का स्वागत किया जायेगा। मन्दिर को विशेष रूप से सजाया व संवारा जायेगा। छप्पन भोग एवं बाबा का भव्य शृंगार किया जायेगा । निशान यात्राओं के साथ पधारे भक्तों के लिए अल्पाहार एवं जल की व्यवस्था मन्दिर में की जायेगी ।

श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव अन्तर्गत सोमवार 10 मार्च रात्रि 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा । प्रभुदयाल पंच परिवार, टिबा बसईवाले 'करने वाला श्याम-कराने वाले श्याम' द्वारा भजन प्रस्तुत किए जायेंगे । मुम्बई के भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, रांची की तत्शा गुप्ता एवं वृंदावन के ध्रुव शास्त्री, बाबा श्यामजी के सुमधुर भजन प्रस्तुत करेंगे ।

इस उपलक्ष्य में श्री श्याम बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया जायेगा । भक्तों के दर्शनार्थ फाल्गुन सुदी 11 एकादशी के दिन 27 फरवरी को मन्दिर प्रातः 6 बजे से मध्याह्न 2 बजे तक तथा सायं 4 बजे से मध्यरात्रि तक खुला रहेगा । समिति ने सभी भक्तों एवं सदस्यों से आयोजित फाल्गुन एकादशी महोत्सव के अन्तर्गत मन्दिर पधारकर बाबा के अलौकिक शृंगार एवं दर्शन कर श्री श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



**नगर पधारने पर भोनगिरी स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर में पुजा-अर्चना के पश्चात पद्मश्री पर्यावरण प्रेमी हिमताराम भांभू, सम्मानित अतिथि जाट समाज ट्रस्ट अध्यक्ष ददाराम बाबल का राजस्थानी साफा, शॉल व पुष्प-माला से सम्मान कर उपस्थित श्री वीर तेजाजी नवयुवक मंडल कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा, सहकोषाध्यक्ष मोहनलाल चांगल व समाज बन्धु।**


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई -नीलामी लीजिंग द्वारा प्रदान किए जानेवाले वाणिज्यिक आय संविदाओं हेतु गुंटूर डिवीजन की संयुक्त मासिक सूची**

PUB/2014

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, गुंटूर डिवीजन, गुंटूर द्वारा आईआरईपीएस वेब पोर्टल की ई-नीलामी लीजिंग मोड्यूल के माध्यम से बोलियां या बिड्स आमंत्रित हैं। कैटरिंग कैटलाग एवं वाटर वेन्डिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएमएस) का विवरण निम्न प्रकार है।

दि.10-03-2026 नुसार वाटर वेन्डिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएमएस) का संचालन तथा रखरखाव

| क्रम संख्या | संविदा का प्रकार | स्टेशन | संविदा अवधि | अग्र धन मूल्य | नीलामी शुरु तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डब्ल्यूवीएम | क्लस्टर-4 (एसएपी, पीजीआरएल, एनडीकेडी & एमसीएलए) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 2 | डब्ल्यूवीएम | क्लस्टर-5 (एमआरजीए & एनएलडीए) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 3 | डब्ल्यूवीएम | विनुकोण्डा (वीकेएन) (प्लेटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 4 | डब्ल्यूवीएम | सवाल्यापुरम (एसवायएम) (प्लेटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 5 | डब्ल्यूवीएम | दानकोण्डा (डीकेडी) (प्लेटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 6 | डब्ल्यूवीएम | कमबम (सीबीएम) (प्लेटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |
| 7 | डब्ल्यूवीएम | गिद्दलूर (जीआयडी) (प्लेटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 10-03-2026 के 11.00 बजे |

दि.17-03-2026 को कैटरिंग स्टॉल ई-नीलामी

| क्रम संख्या | संविदा का प्रकार | स्टेशन/स्थान | निम्न हेतु आरक्षित | संविदा अवधि | अग्र धन मूल्य | नीलामी शुरु तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ज्यूस बार | मर्कापूर-डी (पीएफ नं.1) | महिला-जनरल | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 17-03-2026 के 12.00 बजे |
| 2 | ज्यूस बार | गिदड्लूर-डी (पीएफ नं.1) | जनरल | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 17-03-2026 के 12.00 बजे |

निविदाकार की जिम्मेदारी है कि, वे डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट प्राप्त करें तथा ई-निविदाओं में भाग लेने हेतु स्वयं को, आईआरईपीएस ई नीलामी लीजिंग में पंजीकरण करना चाहिए। आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से वेबसाइटः www.ireps.gov.in में मैनुअल और दिशानिर्देश के तहत पंजीकरण से जुडी पूर्व आवश्यकताएँ तथा ई नीलामी लीजिंग में भाग लेने हेतु विवरण उपलब्ध है। जब कभी भी बुलाए जाने पर, निविदाकार द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करना चाहिए। निविदा सहित तत्संबंधित भुगतान व आवश्यक दस्तावेजों की अपलोडिंग के दौरान आईआरईपीएस पोर्टल में घटित किसी भी अवरोध के लिए रेल प्रशासन कतई जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा प्रपत्र की निर्धारित सभी नियम शर्तों को पूरा न कर, यथावत रूप से न भरे हुए, ऐसे निविदाओं को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जायेगा। उपरोक्त निविदा का संपूर्ण विवरण, ई नीलामी लीजिंग मोड्यूल **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

A2556 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्य प्रबंधक, गुंटूर

## द हंड्रेड लीग में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बायकॉट पर

# मुंबई इंडियंस का बड़ा बयान



मुंबई, 26 फरवरी (एजेंसियां)। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि इंग्लैंड में खेली जाने वाली द हंड्रेड लीग में भारतीय फ्रेंचाइजियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदने का फैसला किया है. इस खबर में दावा किया गया था कि आईपीएल वाली कुल 4 फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को ऑक्शन में नहीं खरीदेगी. हालांकि अब मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी एमआई लंदन ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया है.

**एमआई लंदन का आया बड़ा बयान**

एमआई लंदन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बयान जारी करते हुए कहा "एमआई लंदन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि 'द हंड्रेड' एक ऐसा टूर्नामेंट हो जहां सबका स्वागत हो और सभी को बराबरी का मौका मिले. किसी भी खिलाड़ी को उसके देश या राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाएगा. अन्य सात टीमों की तरह हम भी इस बात पर अडिग हैं कि खिलाड़ियों का चयन सिर्फ उनके खेल, उपलब्धता और टीम की जरूरत के आधार पर ही किया जाना चाहिए".

एमआई लंदन के बयान से साफ हो गया कि वह द हंड्रेड में पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बायकॉट नहीं करेगी. बता दें कि द हंड्रेड ऑक्शन में दुनियाभर के लगभग 1 हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. इनमें पाकिस्तान के कई स्टार खिलाड़ी जैसे शाहीन अफरीदी हारिस रऊफ और इमाद वसीम शामिल हैं. एमआई लंदन ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के उस बयान के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें कहा गया था कि किसी भी खिलाड़ी के साथ द हंड्रेड में कोई भेदभाव नहीं होगा.

**इंग्लैंड बोर्ड ने क्या कहा?**

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस मामले पर कहा "इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और 'द हंड्रेड' की सभी आठ टीमें इस बात की पुष्टि करती हैं कि वो 'द हंड्रेड' को एक समावेशी, स्वागत योग्य और सभी के लिए खुला टूर्नामेंट बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं. ईसीबी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भेदभाव के लिए कोई जगह न हो, और इस तरह के किसी भी आचरण से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने को लेकर नियम लागू किए गए हैं. खिलाड़ियों को उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए." बता दें कि द हंड्रेड में सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स की हिस्सेदारी है."

# रिंकू के पिता नोएडा के अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

## क्रिकेटर टीम इंडिया को छोड़कर घर लौटे; जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना मुश्किल

अलीगढ़, 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खांचेन्द्र सिंह को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत अभी स्थिर बनी हुई है। उन्हें चौथे चरण का लिवर कैंसर होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पिता आईसीयू में भर्ती हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिंकू सिंह के पिता खांचेन्द्र सिंह को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। उन्हें पिछले एक वर्ष से कैंसर था, अब एडवांस लेवल पर कैंसर पहुंचने के कारण लिवर भी बीमारी की चपेट में आ गया है।



सूचना मिलते ही रिंकू सुबह करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे और अस्पताल जाकर पिता का हालचाल जाना।

अस्पताल में बेटे को सामने देखकर स्वजन भावुक हो उठे। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम के बावजूद रिंकू ने कई घंटे पिता के साथ बिताए और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली।

उनकी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए यह तत्काल कदम उठाया गया। परिवार के करीबी लोगों के अनुसार, रिंकू पूरे समय पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नजर आए।

रिंकू सिंह शाम करीब चार बजे फिर से भारतीय टीम से जुड़ने के लिए रवाना हो गए, क्योंकि टी-20 विश्वकप के सुपर-आठ चरण में भारत का अगला मुकाबला 26 फरवरी को जिम्बाब्वे से होना है। रिंकू के करीबी स्वजन ने बताया कि मैदान का सितारा जब बेटे की भूमिका निभाने पहुंचा, तो यह दृश्य भावुक कर गया।

**स्थिर बना हुआ है स्वास्थ्य**

खांचेन्द्र सिंह को लिवर कैंसर के चौथे चरण में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति गंभीर होने के कारण तत्काल उपचार की आवश्यकता थी। यथार्थ अस्पताल के डाक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अस्पताल सूत्रों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। यह परिवार के लिए एक कठिन समय है।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल में हुई 'लड़ाई'

## अंपायर ने किया बीच बचाव



हुबली, 26 फरवरी (एजेंसियां)। 24 फरवरी से रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच जम्मू कश्मीर और कर्नाटक के बीच खेला जा रहा है. 25 फरवरी यानी मैच के दूसरे दिन जम्मू कश्मीर और कर्नाटक के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए.जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने आपा खो दिया और कर्नाटक के खिलाड़ी केवी अनीश को टक्कर मार दी. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

रणजी फाइनल में हुई लड़ाई

जम्मू कश्मीर इस मैच में पहले बल्लेबाजी कर रही है. 101वें ओवर के दौरान डोगरा ने एक चौका लगाया, जिसके बाद वह फील्डिंग कर रहे केवी अनीश के पास गए और अपनी हेलमेट से टक्कर मार दी.

इसके बाद कहा-सुनी बढ़ी. इसके बाद मयंक अग्रवाल तुरंत मौके पर पहुंचे और डोगरा को समझाया. बाद में अंपायर ने भी डोगरा और अनीश को अलग किया. ओवर खत्म होने के बाद डोगरा ने अनीश से माफी भी मांगीं. लेकिन तब अनीश ने उन्हें माफ नहीं किया. तनाव यहीं खत्म नहीं हुआ. बाद में केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने डोगरा की हरकत पर टिपण्णी की.

बता दें कि कर्नाटक ने कुल 8 रणजी खिताब अपने नाम किए हैं, टीम ने पहला खिताब साल 1982-83 में बृजेश पाठक की कप्तानी में जीता था, जबकि कश्मीर अपना पहला खिताब जीतने की तैयारी में है. कश्मीर ने पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई है.

**जम्मू कश्मीर की शानदार बल्लेबाजी**

पहली बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर ने 125 ओवर का खेल खत्म होने तक 400/4 रन बना दिए हैं. जम्मू कश्मीर की ओर से यावर हसन ने 150 गेंदों में 88 रन बनाए, जबकि शुभम पुंडिर ने 247 गेंदों में 121 रनों की पारी खेली. वहीं, अब्दुल समद ने 104 गेंदों में 61 रन बनाए. इसके अलावा कन्हैया वधावन 59 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं. जम्मू कश्मीर पहली पारी में बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही है.

# ब्रूक शतक लगाने वाले पहले कप्तान: बाबर लोएस्ट स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज, इंग्लैंड लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में




**टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा सेमीफाइनल**

| टीम | लगातार सेमीफाइनल |
|---|---|
| इंग्लैंड | 5 (2016-2026) |
| पाकिस्तान | 4 (2007-2012) |
| श्रीलंका | 4 (2009-2014) |

खेल डेस्क, 26 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में इतिहास रचते हुए लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर टीम इस एडिशन के नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक बतौर कप्तान टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम इस टूर्नामेंट में सबसे कम स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाजों में शामिल हो गए।

**इंग्लैंड लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में**

इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में पहुंच गया है। टीम 2016 से 2026 तक लगातार पांच बार सेमीफाइनल में पहुंची है। इससे पहले पाकिस्तान और श्रीलंका चार-चार बार लगातार अंतिम चार में पहुंचे थे, लेकिन इंग्लैंड अब इस मामले में सबसे आगे निकल गया है।

**ब्रूक शतक लगाने वाले पहले कप्तान**

हैरी ब्रूक ने कप्तान रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ 100 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले कप्तान बने। इससे पहले क्रिस गेल का 98 रन सर्वोच्च स्कोर था। ब्रूक टी-20 वर्ल्ड कप रन चेज में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज भी बने।

**ब्रूक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज**

हैरी ब्रूक ने 50 गेंदों में शतक लगाकर टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह सिर्फ क्रिस गेल (47 गेंद) से पीछे हैं। साथ ही ब्रूक इंग्लैंड के लिए तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी भी बने। उनसे पहले जोस बटलर, डेविड मलान ऐसा कर चुके हैं।

**बाबर आजम सबसे कम स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज**

टी-20 वर्ल्ड कप में जहां बल्लेबाजों से तेज रन बनाने की उम्मीद होती है, वहीं बाबर आजम का स्ट्राइक रेट 111.5 रहा है, जो 500 से ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबसे कम है। इस लिस्ट में हफीज, संगकारा और विलियमसन जैसे बड़े नाम भी हैं, लेकिन बाबर सबसे नीचे हैं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम को भारी पड़ा बढ़त गंवाना

## स्पेन ने प्रो लीग मैच में शूटआउट में हराया



होबार्ट, 26 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन स्पेन के खिलाफ भी जारी रहा। भारतीय टीम ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इसके बाद मैच का नतीजा शूटआउट के जरिये निकला जहां स्पेन ने 4-3 से मुकाबला अपने नाम किया। भारत इस समय सात मैच में केवल दो अंक के साथ नौ टीम की प्रतियोगिता में आठवें स्थान पर है।

मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी।

तीसरे क्वार्टर के अंत में फोर्टुनो को हरा कार्ड दिखाया गया जिससे मैदान पर स्पेन के 10 खिलाड़ी रह गए। भारत ने 44वें मिनट में इसका फायदा उठाकर बढ़त बना ही ली थी लेकिन कैलजाडो ने पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह के शॉट को शानदार तरीके से रोक दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में ही संजय को भी हरा कार्ड मिलने से भारत के भी 10 खिलाड़ी रह गए। लगातार कोशिशों के बीच 59वें मिनट में रक्षात्मक चूक से भारत ने फॉन्ट को गोल करके स्पेन को बराबरी दिलाने का मौका दे दिया।

**अब ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना**

शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला।

भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट बिक्री शुरू

## पाकिस्तान की जीत-हार तय करेगी सेमीफाइनल-फाइनल का वेन्यू

मुंबई, 26 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए हैं। टिकट आधिकारिक वेबसाइट tickets.t20worldcup.com पर उपलब्ध होगी। फैंस 4 मार्च को होने वाले पहले सेमीफाइनल, 5 मार्च को दूसरे सेमीफाइनल और 8 मार्च को खेले जाने वाले फाइनल मैच के लिए टिकट खरीद सकते हैं।

### *जगह चेंज होने पर रिफंड होगा पैसा*




सेमीफाइनल 1 के लिए दो शहरों का विकल्प

पहले सेमीफाइनल के लिए वेन्यू फिलहाल तय नहीं, वह टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने के आधार पर तय किया जाएगा। यानी यह मैच या तो कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा या कोलकाता के ईडन गार्डन्स में। यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना तय है।

पाकिस्तान का नियमः अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करता है, तो वह 4 मार्च को कोलंबो में पहला सेमीफाइनल खेलेगा। श्रीलंका का नियमः यदि पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं करता, लेकिन श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचता है और उसका मुकाबला भारत से नहीं होता, तो पहला सेमीफाइनल कोलंबो में ही खेला जाएगा।

कोलकाता का नियमः यदि इन दोनों में से कोई स्थिति नहीं बनती या भारत और श्रीलंका आमने-सामने होते हैं,तो पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 8 मार्च को खेला जाएगा। इसके लिए भी शहर का चुनाव पाकिस्तान की टीम पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है, तो खिताबी मुकाबला कोलंबो में होगा। वहीं, अगर पाकिस्तान फाइनल की रेस से बाहर हो जाता है, तो वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

आईसीसी ने उन फैंस के लिए सुरक्षा उपाय भी रखे हैं जो अभी टिकट खरीद रहे हैं। यदि किसी दर्शक ने ऐसे स्थान का टिकट खरीद लिया है, जहां अंततः पहला सेमीफाइनल या फाइनल नहीं होता है, तो टिकट की पूरी राशि वापस कर दी जाएगी।

# आईपीएल 2026 से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स ने बदल दिया लोगो, नई पहचान में एक साथ दिखेंगे गरुड़ और हाथी







लखनऊ, 26 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खत्म होने के बाद आईपीएल का मौसम आएगा. आईपीएल 2026 की शुरुआत होगी. लेकिन, उससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपना नया लोगो लॉन्च किया है. ऋषभ पंत की कप्तानी वाली इस आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपनी पहचान बदल ली है. मतलब, IPL 2026 में एलएसजी की टीम जब खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी जर्सी पर लगा लोगो पहले जैसा नहीं होगा. अब सवाल ये है कि नया लोगो है कैसा? क्या है उस नए लोगो के पीछे की कहानी?

आईपीएल के नए लोगो के पीछे की कहानी?

लखनऊ सुपर जायंट्स के लोगो पर पहले सिर्फ गरूड़ का फोटो दिखता था. लेकिन, अब जो नया लोगो सामने आया है, उसमें गरूड़ के साथ हाथी भी दिखेगा. एलएसजी ने नए लोगो के तैयार होने का वीडियो जारी किया है, जिसमें उसने बताया कि सृष्टि की शुरुआत हुई ऊर्जा से और उसी ऊर्जा से आकाश के स्वामी गरूड़ का जन्म हुआ. वीडियो के मुताबिक गरूड़ के तेज से शक्ति के स्वामी गज का जन्म हुआ. धरती और आकाश जब मिले तो जन्मी एक नई विरासत लखनऊ सुपर जायंट्स.

आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के सफर की बात करें तो उसका डेब्यू 2022 में हुआ था. ये टीम अभी तक एक भी सीजन नहीं जीत पाई है. 2022 और 2023 में ये टीम प्लेऑफ तक पहुंची मगर खिताब से दूर रह गई. उसके बाद 2024 और 2025 के आईपीएल सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स का सफर 7वें स्थान पर थम गया. फिलहाल, जो आईपीएल की 10 टीमें हैं, उनमें LSG ही इकलौती है जो फाइनल तक नहीं पहुंची है. उम्मीद है कि नया लोगो उसकी किस्मत को पलटता दिखे.

# बाबर आजम के करियर पर लटकी तलवार

## इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान के दिग्गजों का फूटा गुस्सा



खेल डेस्क, 26 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 सुपर 8 में 24 फरवरी को इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया. इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई. पाकिस्तान की ओर से इस मैच में बाबर आजम ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की, जिसके बाद पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी उनपर सवाल खड़े कर रहे हैं. बाबर आजम का करियर अब खतरे में आ गया है. इंग्लैंड से मिली हार के बाद पाकिस्तान में बाबर आजम की बल्लेबाजी की आलोचनाएं हो रही हैं. पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी इमाद वसीम ने कहा कि 24 गेंदें खेलकर आपको विकेट का आइडिया लग गया और आप खराब शॉट मारकर आउट हो रहे हैं. भारत के खिलाफ भी बाबर खराब शॉट मारकर आउट हुए थे. बाबर चौथे ओवर में बल्लेबाजी करने के लिए आए थे. उनके पास बड़ी पारी खेलने का मौका था. आप केवल छोटी टीमों के खिलाफ रन बनाते हैं. बड़े मैचों में आपके बल्ले से बड़ी पारियां नहीं निकलती हैं. पूरा पाकिस्तान दुआएं कर कर के थक चुका है कि बाबर रन बनाए.

वहीं, दूसरी ओर बाबर आजम की आलोचना पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और पूर्व बल्लेबाज अहमद शहजाद ने भी की. अहमद ने बाबर पर तंज कसते हुए कहा कि क्रिकेट बोर्ड ने एक बंदे के लिए क्या कुछ नहीं किया. लेकिन उस खिलाड़ी के बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं. इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बाबर आजम ने 24 गेंदों में 25 रन बनाए. उनकी धीमी बल्लेबाजी के बाद सोशल मीडिया पर भी बाबर को खूब ट्रोल किया गया. इससे पहले भारत के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने 5 रन बनाए थे, वहीं, यूएसए के खिलाफ 46 और नीदरलैंड्स के खिलाफ 15 रनों की पारी खेली थी. बाबर अभी तक टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक भी अर्धशतक नहीं जमा पाए हैं.

# टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद अफगानिस्तान ने बदला हेड कोच

## इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी को मिली बड़ी जिम्मेदारी



काबुल, 26 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 काफी निराशाजनक साबित हुआ था. पिछले संस्करण में उनकी टीम सेमीफाइनल तक गई थी और उम्मीद थी कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी वो धमाल मचाएंगे. हालांकि, ग्रुप स्टेज से ही वो बाहर हो गए. इसके बाद अब अफगानिस्तान टीम में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है. इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी रिचर्ड पायबस को नया हेड कोच नियुक्त किया गया है.

**अफगानिस्तान ने किया नए कोच का ऐलान**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 से अफगानिस्तान के बाहर होने के बाद जोनाथन ट्रॉट का सफर हेड कोच के रूप में खत्म हो गया है. अब इंग्लैंड के रिचर्ड पायबस अफगानिस्तान टीम के नए मुख्य कोच होंगे. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'एसीबी को यह ऐलान करने में खुशी हो रही है कि रिचर्ड पायबस अफगानिस्तान नेशनल टीम के हेड कोच होंगे. वो श्रीलंका के खिलाफ मार्च में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में अफगानिस्तान टीम से जुड़ेंगे.'


**रिचर्ड पायबस के पास है सालों का अनुभव**

चोट के कारण रिचर्ड पायबस का खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट करियर आगे नहीं बढ़ पाया, लेकिन कोच के रूप में उन्हें काफी सफलता मिली. वो तीन बार के वर्ल्ड कप विजेता कोच और डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं. उन्होंने 2013 से लेकर 2019 तक वेस्टइंडीज के हेड कोच एवं क्रिकेट निदेशक के रूप में काम किया. उनके नेतृत्व में वेस्टइंडीज मेंस, वुमेंस और अंडर 19 टीमों ने आईसीसी वर्ल्ड कप का खिताब जीता.

रिचर्ड पायबस इससे पहले 1999 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को फाइनल तक लेकर गए थे. ऑस्ट्रेलिया ने ट्रॉफी जीती थी. उन्होंने 2013 में बांग्लादेश क्रिकेट में भी सीनियर अधिकारी का किरदार निभाया था. घरेलू क्रिकेट में उन्होंने साउथ अफ्रीका के साथ काम किया था. पायबस ने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान, साउथ अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस एवं डेल स्टेन की सफलता में अहम किरदार निभाया है. अब पायबस अफगानिस्तान टीम की नैया पार लगाने की कोशिश करेंगे.

# सीएम ने तेलंगाना में विनिर्माण विकास के लिए रणनीतिक रोडमैप पर जोर दिया

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रमुख वैश्विक कंपनियों से निवेश आकर्षित करने और तेलंगाना को विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए ठोस योजनाएं बनाई जानी चाहिए। एडोब के सीईओ और 'तेलंगाना राइजिंग-2047 विजन बोर्ड' के सदस्य शांतनु नारायण ने बुधवार को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान शांतनु नारायण और मुख्यमंत्री ने वैश्विक रुझानों तथा निवेश के अवसरों पर राज्य सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने वैश्विक विनिर्माण, हरित ऊर्जा, रोजगार पर एआई के प्रभाव तथा कौशल विकास एवं पुनः कौशल विकास (स्किलिंग एवं रिस्किलिंग) जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार को नई योजनाएं तैयार कर बड़े वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए आक्रामक रणनीति अपनानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने एआई क्रांति के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव और आने वाले दिनों में एआई के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी विजन बोर्ड सदस्य से जानकारी ली। उन्होंने तेलंगाना को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बोर्ड सदस्य से अधिक सहयोग का अनुरोध किया।



## आरजीयूकेटी की छात्रा ने कथित रूप से आत्महत्या की

निर्मल, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को बासर परिसर में राजीव गांधी ज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीयूकेटी) की प्रथम वर्ष की इंजीनियरिंग छात्रा आर. वसंता (18) ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि वानापर्थी की रहने वाली छात्रा ने विश्वविद्यालय परिसर में यह कदम उठाया। आत्महत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है और घटना की विस्तृत जानकारी का इंतजार है। विश्वविद्यालय अधिकारियों ने शव को भैंसा के एक सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित किया। छात्र संघों ने शव को चुपचाप अस्पताल ले जाने पर आलोचना की, जबकि अधिकारियों ने आत्महत्या के संबंध में कोई बयान नहीं दिया है।

# आय बढ़ाने हेतु पशुपालन विभाग का विकास आवश्यक : वाकिटि श्रीहरि

### बजट प्रस्तावों पर सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। राज्य के पशुपालन, दुग्ध उद्योग विकास, मत्स्य, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के मंत्री वाकिटि श्रीहरि ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तेलंगाना की आय के स्रोत बढ़ाने के लिए पशुपालन विभाग को सुदृढ़ और विकसित किया जाए। वर्ष 2026-2027 के लिए पशुपालन एवं दुग्ध उद्योग विकास से संबंधित बजट प्रस्तावों पर सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मंत्री वाकिटि श्रीहरि ने कहा कि नई सोच और नवीन योजनाओं के माध्यम से ही पशुपालन विभाग में अपेक्षित परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुग्ध उद्योग के समुचित विकास के बिना तेलंगाना का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केवल बजट में आवंटित राशि पर ध्यान न देकर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निधियों का प्रभावी उपयोग हो। मंत्री ने निर्देश दिए कि बजट में अधिक धनराशि आवंटित किए जाने के लिए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किए जाएं। उन्होंने आर्थिक रूप से राज्य को सशक्त बनाने वाली योजनाएं तैयार करने पर बल दिया। पशुपालन विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए हरियाणा, तमिलनाडु और गुजरात राज्यों के आदर्श प्रारूपों का अध्ययन कर राज्य में उपयुक्त योजनाएं लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पशुपालन और दुग्ध उद्योग में सफलता के लिए कौन-कौन से उपाय कारगर हो सकते हैं, इसका गंभीर अध्ययन आवश्यक है।

मंत्री ने कहा कि स्वस्थ तेलंगाना के निर्माण से ही उज्ज्वल भविष्य संभव है। इसके लिए शुद्ध दूध, उच्च पोषक तत्वों से युक्त कुक्कुट मांस, बकरी और भेड़ का मांस तथा मछली का उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। दुग्ध क्षेत्र से संबंधित सभी आवश्यक पहलुओं को बजट में शामिल करने, दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। दुग्ध उद्योग के सुदृढ़ीकरण और बेहतर समन्वय के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा स्तर के अधिकारी की नियुक्ति का सुझाव भी मंत्री ने दिया, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि संभव हो सके। उन्होंने पशु चिकित्सालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान करने को कहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पशुओं के टीकाकरण और औषधि आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी बजट में समुचित प्रावधान करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि पूर्व की भांति नहीं, बल्कि अधिक सशक्त रूप में पशुपालन विभाग को आगे बढ़ाया जाए। समीक्षा बैठक में राज्य दुग्ध विकास निगम के अध्यक्ष गुत्ता अमित रेड्डी, पशुपालन, दुग्ध उद्योग एवं मत्स्य विभाग के सचिव सुरेंद्र मोहन, विभागीय निदेशक गोपी, दुग्ध विकास निगम के प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर रेड्डी, पी. वी. नरसिंह राव पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ज्ञानप्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयला खदान में हादसा, कर्मचारी घायल

पेद्दापल्ली, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार सुबह सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की गोदावरीखानी 11 इनक्लाइन कोयला खदान में एक दुर्घटना में कर्मचारी इलाइया घायल हो गए। श्रमिकों के अनुसार, विस्फोट कार्यों के दौरान अचानक गिरने से कोयला काट रहे इलाइया की कलाई और दाहिने पैर में चोटें आईं। अन्य कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें गोदावरीखानी के सिंगारेनी एरिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ से बेहतर इलाज के लिए उन्हें हैदराबाद भेज दिया गया।

# भाजपा के प्रति जनविश्वास बढ़ रहा है : रामचंद्र राव

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने कहा है कि विभिन्न राजनीतिक दलों से, विशेषकर युवाओं का बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि जनता का विश्वास निरंतर भाजपा की ओर बढ़ रहा है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, भारत राष्ट्र समिति के नेताओं तथा भारतीय युवा कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



नवप्रवेशियों का स्वागत पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोग स्वेच्छा से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे शासन से प्रभावित होकर जनता यह मान रही है कि देश की संस्कृति, एकता, अखंडता और धर्म की रक्षा केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।

नई दिल्ली में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने इसे अत्यंत शर्मनाक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इशारे पर यह प्रदर्शन किया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि धूमिल हुई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु राष्ट्र की गरिमा को आघात पहुँचाने वाले कृत्य स्वीकार्य नहीं हैं और इसके लिए राहुल गांधी को क्षमा याचना करनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने तथाकथित छद्म धर्मनिरपेक्ष और छद्म बुद्धिजीवियों की भी आलोचना की।

उन्होंने आरोप लगाया कि शहरी नक्सली तत्व विद्यार्थियों को भड़काकर विश्वविद्यालयों को शिक्षा के केंद्रों के स्थान पर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि साम्यवाद विश्व स्तर पर क्षीण हो रहा है और देश में भी उग्र वामपंथ के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। 'कगार अभियान' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में अनेक नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं तथा तेलंगाना में भी कई शीर्ष माओवादी नेताओं ने हथियार डाल दिए हैं। उन्होंने इसे वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध केंद्र सरकार की दृढ़ नीति का परिणाम बताया। उनका कहना था कि पिछले पैंतालीस वर्षों में नक्सली गतिविधियों से व्यापक हिंसा और निर्दोष नागरिकों की जानें गई हैं। केंद्र सरकार इस वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में पूर्व पार्षद प्रत्याशी लंकाला रमेश रेड्डी, विजेश्वर रेड्डी, प्रदीप रेड्डी, युवा कांग्रेस नेता शिवशंकर, वेणुगोपाल रेड्डी, शिवप्रसाद, नरेश कुमार तथा अधिवक्ता शिवकुमार और उनकी टीम प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन रंगारेड्डी शहरी जिला अध्यक्ष वणिपल्ली शीनिवास रेड्डी तथा कुकटपल्ली प्रभारी माधवरम कंठा राव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गणेश कुंडे, भाग्यनगर जिला अध्यक्ष निरंजन यादव, वरिष्ठ नेता श्रीधर और पोरेड्डी किशोर, पूर्व पिछड़ा वर्ग निगम अध्यक्ष तदुरी शीनिवास तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि नायक सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

## फिल्मी करियर के बहाने युवती के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फिल्म इंडस्ट्री में करियर दिलाने का दावा करने वाले एक युवक के खिलाफ फिल्म नगर पुलिस स्टेशन में एक युवती द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित हाल ही में हैदराबाद आई थी और एक महिला मित्र के साथ हॉस्टल में रह रही थी। 18 फरवरी को जीएम रवि के रूप में पहचाने गए संदिग्ध ने उसे नायिका बनाने का वादा करते हुए माधापुर में मिलने के लिए बुलाया। पहली मुलाकात के बाद, उसने कथित तौर पर पीड़िता को दुर्गा भवानी नगर स्थित कार्यालय में स्क्रीन टेस्ट के लिए बुलाया। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि रवि ने ऑडिशन के बहाने उसे अपने कमरे में बुलाकर अनुचित व्यवहार किया और उसकी सहेली के साथ भी दुर्व्यवहार किया। उसने दावा किया कि फिल्मों में भूमिका दिलाने का आश्वासन देकर उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## श्रीवारी धर्म रथों में डिजिटल पट्टिकाओं से बढ़ी सुविधा

तिरुमला, हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् द्वारा तिरुमला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संचालित निःशुल्क 'श्रीवारी धर्म रथ' बस सेवा को प्रमुख बस ठहरावों पर डिजिटल प्रदर्शन पट्टिकाएं लगाए जाने के बाद अत्यंत उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। इन डिजिटल पट्टिकाओं के माध्यम से बसों के आगमन का तात्कालिक समय प्रदर्शित हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं का प्रतीक्षा समय काफी कम हो गया है। देश के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में इस प्रकार की तकनीकी व्यवस्था पहली बार लागू की गई है, जिससे श्रद्धालु तिरुमला क्षेत्र में अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना पा रहे हैं। अतिरिक्त कार्याधिकारी वेंकैया चौधरी की विशेष पहल पर तिरुमला के 20 बस ठहरावों पर डिजिटल प्रदर्शन पट्टिकाएं स्थापित की गई हैं। वर्तमान में इस सेवा के अंतर्गत 12 आधुनिक विद्युत बसें संचालित हो रही हैं। प्रतिदिन औसतन लगभग 300 फेरे लगाए जा रहे हैं और प्रत्येक फेरा लगभग साढ़े छह किलोमीटर की दूरी तय करता है।

## तेलंगाना में बस टिकट बुकिंग अब मोबाइल ऐप से संभव

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) ने मीसेवा मोबाइल ऐप में 'मीटिकट मोबाइल' सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के जरिए यात्री बस टिकट, पास और टी-24 टिकट कहीं से भी बुक कर सकते हैं। इस ऐप को परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने विशेष मुख्य सचिव (परिवहन) विकास राज, टीजीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक वाई नागी रेड्डी और मीसेवा आयुक्त रवि किरण की मौजूदगी में लॉन्च किया।

यह सुविधा साधारण, एक्सप्रेस, डीलक्स, मेट्रो और मेट्रो एक्सप्रेस सेवाओं के लिए उपलब्ध है। नागी रेड्डी ने बताया कि बस पास की पांच श्रेणियां और टी-24 टिकट पूरी तरह डिजिटल हो गई हैं, और यात्री ऐप के क्यूआर कोड दिखाकर यात्रा कर सकते हैं। मी टिकट मोबाइल ऐप अब टीजीएसआरटीसी की ऑनलाइन यात्री आरक्षण प्रणाली (ओपीआरएस) से जुड़ गया है, जिससे यात्रियों को लंबी दूरी और अंतर-शहरी बस टिकट डिजिटल रूप से बुक करने में आसानी होगी।

# शिशु मौत मामले पर केटीआर ने दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

नागरकुर्नूल, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नागरकुर्नूल के कुम्मेरा गांव में दो महीने के शिशु की मौत के मामले में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह दोषियों को संरक्षण दे रही है और आठों कथित हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। रामाराव ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए ताकि उन्हें कड़ी सजा मिले और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। मल्लन्ना स्वामी जतारा के दौरान परिवार पर हुए कथित हमले के बाद बच्चे की मौत हो गई।



उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि बीआरएस परिवार के साथ खड़ा रहेगा। रामाराव ने कहा कि यह हमला जातिगत पूर्वाग्रह पर आधारित था और इसे सार्वजनिक रूप से अंजाम दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर पूरे मामले पर आपराधिक चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया। बीआरएस अध्यक्ष ने तत्काल 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की और परिवार के लिए 10 लाख रुपये की लागत से घर बनाने का वादा किया। उन्होंने सरकार से शोक संतप्त परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की। रामाराव ने यह भी कहा कि इस त्रासदी को केवल राजनीति तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि यह राज्य के लिए न्याय और गरिमा सुनिश्चित करने की चेतावनी हो।

## हरीश राव ने कांग्रेस सरकार पर किसानों के साथ लगाया विश्वासघात का आरोप

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक दल के उपनेता टी हरीश राव ने कांग्रेस सरकार पर रैतु भरोसा वित्तीय सहायता जारी करने में देरी करने के लिए कड़ी आलोचना की और कहा कि सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने सरकार से चुनावी नाटक बंद करने और किसानों से किए गए वादों को पूरा करने की मांग की। हरीश राव ने बताया कि इस साल 4 फरवरी को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मिरयालगुडा में दावा किया था कि निधि पहले ही आवंटित हो चुकी है और नगर पालिका चुनाव के तुरंत बाद किसानों के खातों में राशि जमा कर दी जाएगी। लेकिन चुनाव आचार संहिता हटने के दस दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वितरण नहीं हुआ और यह मुद्दा हालिया कैबिनेट बैठक में भी नहीं उठा।



उन्होंने कांग्रेस पर प्रति एकड़ 15,000 रुपये देने का वादा करके किसानों को गुमराह करने और दो सीजन तक सहायता न देने का आरोप लगाया। हरीश राव ने कहा कि सरकार अब रैतु भरोसा योजना को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि मूसी नदी के सौंदर्यीकरण, चौथे शहर के लिए भूमि अधिग्रहण, सड़क निर्माण और ठेकेदारों को 25,000 करोड़ रुपये के भुगतान जैसी परियोजनाओं के लिए धन कैसे उपलब्ध था, जबकि किसानों के समर्थन के लिए धन की कमी का दावा किया गया। हरीश राव ने मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय से जुड़े बुनियादी ढांचे और सुविधाओं पर किए गए खर्च की भी आलोचना की और कहा कि किसानों को समर्थन देने के बजाय मुख्यमंत्री के महल के सुरक्षा दीवार और फुटबॉल मैदान पर करोड़ों रुपये खर्च करना जनता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## यूट्यूबर अन्वेश के खिलाफ लुकआउट नोटिस



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेत्री कराटे कल्याणी द्वारा दर्ज शिकायत के बाद, जिसमें यूट्यूबर अन्वेश पर हिंदू देवी-देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था, पंजागुट्टा पुलिस ने अन्वेश के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। कल्याणी की शिकायत के आधार पर पहले पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्वेश ने हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित करने वाली भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे कुछ वर्गों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने कहा कि जांच की प्रगति के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच अन्वेश ने हाल ही में एक वीडियो जारी किया जिसमें उसने कहा कि वह दो इंस्टाग्राम अकाउंट और दो यूट्यूब चैनल चलाता है। खबरों के अनुसार उसका इंस्टाग्राम अकाउंट हाल ही में ब्लॉक कर दिया गया। पुलिस, जांच के तहत डिजिटल साक्ष्यों की जांच और पूछताछ के लिए अन्वेश की उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है। इसके लिए इंस्टाग्राम और यूट्यूब प्रबंधन को भी पत्र लिखने की योजना बनाई जा रही है।




# गांधी अस्पताल में पहली बार आईवीएफ से प्रसव सफल



हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी गांधी अस्पताल में पहली बार आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) के जरिए अलवाल की रहने वाली 30 वर्षीय श्रुति ने सफल प्रसव किया है। इससे पहले निजी अस्पतालों में उनके कई प्रजनन उपचार असफल रहे थे। गांधी अस्पताल के इन-विट्रो फर्टिलिटी सेंटर में निःशुल्क आईवीएफ प्रक्रिया के बाद श्रुति ने 7 फरवरी को 2 किलोग्राम की बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टरों के अनुसार, लगभग 7 साल पहले शादी करने वाली और लंबे समय से बांझपन से जूझ रही श्रुति ने निजी अस्पतालों में कई असफल आईयूआई (इंट्रायूटेराइन इनसेमिनेशन) प्रयास किए थे। गांधी अस्पताल के बांझपन बाह्य रोगी विभाग में प्रारंभिक परामर्श, जांच और ओव्यूलेशन प्रेरण फरवरी 2025 में किया गया। 2 मई 2025 को आईवीएफ प्रक्रिया शुरू की गई, और निःशुल्क उपचार के बाद महिला सफल हुई। आईवीएफ उपचार का निजी क्लीनिकों में प्रत्येक चक्र लगभग 6 लाख रुपये का होता है और आमतौर पर एक ही चक्र में सफलता नहीं मिलती। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि इस मामले में पूरा आईवीएफ उपचार निःशुल्क किया गया। 7 फरवरी, 2026 को सी-सेक्शन के जरिए बच्ची का जन्म हुआ। प्रारंभ में बच्ची को एनआईसीयू में रखा गया, बाद में बाल रोग विशेषज्ञ की देखरेख में मां के साथ स्थानांतरित कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि मां और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना को बधाई दी

हैदराबाद, 25 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रिय अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना को शादी के अवसर पर बधाई और आशीर्वाद दिया है। जोड़ा गुरुवार, 26 फरवरी 2026 को राजस्थान के उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेगा। प्रधानमंत्री ने विजय के माता-पिता को भेजे पत्र में लिखा कि इस शुभ अवसर पर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने जोड़े को जीवन भर के लिए दोस्त बनने, प्रेम और समझदारी के साथ जिम्मेदारियां साझा करने और एक-दूसरे के गुण और कमियों को स्वीकार करने की शुभकामनाएं दीं। विजय और रश्मिका ने रविवार को आधिकारिक तौर पर अपनी शादी की घोषणा की थी। उन्होंने इसे विरोष की शादी नाम दिया और अपने प्रशंसकों के प्रति प्यार और आभार व्यक्त किया। शादी समारोह मेमेंटोस बाय आईटीसी होटल्स, एकाया उदयपुर में आयोजित होगा। यह निजी और अंतरंग आयोजन होगा, जिसमें केवल करीबी परिवार और दोस्त शामिल होंगे, और इसके बाद रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा।



Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.